rांची, शुक्रवार
20.12.2024
वर्ष : 10, अंक : 20 पृष्ठ : 12
मूल्य : दो रूपए

# बिहान भारत

रांची से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
खबरें हमारी, विश्वास आपका



website : www.bihanbharat.org | bihanbharat@gmail.com | @bihan_bharat | Bihan Bharat | RNI NO - JHAHIN/2015/73988

## संक्षिप्त खबरें

### कुलगाम मुठभेड़ में हिज्बुल मुजाहिदीन के शीर्ष कमांडर सहित पांच आतंकी ढेर

**कुलगाम।** कुलगाम जिले में गुरुवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में शीर्ष कमांडर सहित हिज्बुल मुजाहिदीन के पांच आतंकवादी मारे गए हैं। इस मुठभेड़ के दौरान सुरक्षाबल के दो जवान घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने बताया कि संदिग्ध आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने बुधवार रात जिले के बेहीबाग इलाके के कद्देर में घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया था। उन्होंने बताया कि तलाशी अभियान के दौरान क्षेत्र में छिपे आतंकवादियों ने सुरक्षाबल के जवानों पर भारी फायरिंग की। जिसके जवाब में सुरक्षाबल के जवानों ने फायरिंग की। इस फायरिंग में पांच आतंकवादी मारे गए। मारे गए आतंकियों में हिज्बुल मुजाहिदीन का स्वयंभू कमांडर फारूक अहमद भट उर्फ नाली भी शामिल है, जो दक्षिण कश्मीर के क्षेत्र में आतंकी गतिविधियों और कई अपराधों में शामिल था। इस ऑपरेशन में मारे गए अन्य आतंकवादियों की पहचान इरफान लोन, आदिल हुसैन, मुश्ताक इटू और यासिर जावेद के रूप में हुई है। यह सभी स्थानीय निवासी हैं। इलाके में सुरक्षाबल के जवान तलाशी अभियान चला रहे हैं। पुलिस ने स्थानीय निवासियों से सुरक्षा कारणों से मुठभेड़ स्थल के करीब न जाने का अनुरोध किया है।

# संसद भवन में हंगामे के दौरान भाजपा सांसद घायल

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस तथा अन्य विपक्षी दल गुरुवार को बाबासाहेब भीमराव आम्बेडकर के मुद्दे पर संसद भवन परिसर में धक्का-मुक्की तक हो गई। इसमें भाजपा सांसद व पूर्व मंत्री प्रताप चंद्र सारंगी घायल हो गए। उनके माथे पर चोट लगी और वहां से खून निकलने लगा। जिसके चलते उन्हें तत्काल एबुंलेंस से अस्पताल ले जाया गया। आरोप है कि संसद भवन के मकर द्वार पर प्रदर्शन कर रहे भाजपा सांसदों से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी उलझ पड़े। राहुल गांधी ने संसद भवन में प्रवेश करने के चलते एक सांसद को धक्का दे दिया, वे आगे खड़े प्रताप चंद्र सारंगी के ऊपर गिरे, जिससे सारंगी चोटिल हो गई।

व्हील चेयर पर बैठकर एबुंलेंस तक जाते हुए सारंगी ने कहा, मैं सीढ़ियों के पास खड़ा था, राहुल गांधी आए और उन्होंने एक सांसद को धक्का दिया, जो मेरे ऊपर गिर गया, जिससे मैं भी गिर पड़ा।

स्वयं राहुल गांधी ने मीडिया से बातचीत में स्वीकार किया कि वे संसद भवन के भीतर जाना चाहते थे। उन्होंने कहा मैं संसद के अंदर जाने की कोशिश कर रहा था। लेकिन भाजपा के सांसद मुझे रोकने की कोशिश कर रहे थे, धक्का दे रहे थे और धमका रहे थे। ये संसद है और अंदर जाना हमारा अधिकार है।बताया जा रहा है कि राहुल गांधी ने फरूखाबाद से सांसद मुकेश राजपूत को धक्का दिया और वे प्रताप चंद्र सारंगी पर गिरे थे। मुकेश राजपूत को अचेतावस्था में आईसीयू में भर्ती कराया गया है।



राज्यसभा में नागालैंड से भाजपा सदस्य एस फान्गनॉन कोन्याक ने राहुल गांधी के धक्का मुक्की करने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी उनके बहुत करीब आ गए थे। इस पर सभापति ने कहा कि वे उनसे मिलने भी आईं थी और वे इस विषय को देख रहे हैं। इस मुद्दे को संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू और नेता सदन जेपी नड्डा ने भी सदन में उठाया। उन्होंने कहा कि हमारे दो सांसद घायल हुए हैं और एक को अस्पताल जाना पड़ा है। राहुल गांधी को इसके लिए माफी मांगनी चाहिए।

दूसरी ओर कांग्रेस ने भी भाजपा सांसदों पर आरोप लगाए। कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि भाजपा सांसद अराजकता पैदा करने, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को निशाना बनाने और उन पर हमला करने के इरादे से पहुंचे। जैसे ही वह अंदर घुसे भाजपा सांसदों ने उन्हें धक्का दिया, जिससे उनका संतुलन बिगड़ गया। खड़गे पर यह खुला हमला भाजपा की दलित विरोधी मानसिकता का परिचायक है।

इससे पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी नेतृत्व में आज संसदीय दल की बैठक हुई। बाद में आईएनडीआईए गठबंधन के सांसदों ने संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। विपक्षी सांसदों ने डॉ भीम राव अम्बेडकर की मूर्ति से लेकर संसद के मकर द्वार तक मार्च निकाला। उन्होंने हाथ में पोस्टर पकड़े हुए थे और जय भीम के नारे लगा रहे थे।

इसी बीच कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने पत्रकार वार्ता कर कहा कि उन्होंने राज्यसभा की कार्यवाही में अमित शाह के बयान को पढ़कर सुनाया जिसमें वे कह रहे हैं, मान्यवर, अभी एक फैशन हो गया है- 'अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर। इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों में स्वर्ग मिल जाता। श्रीनेत ने कहा कि ये शब्द गृह मंत्री अमित शाह ने देश के सदन में कहे हैं। इस वक्तव्य को किसी प्रकार से तोड़ा-मरोड़ा नहीं गया है। इस वक्तव्य का साक्ष्य राज्य सभा की वेबसाइट पर है। अमित शाह को इस अक्षम्य अपराध के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए।

### संसद में धक्का-मुक्की मामले पर बोले राहुल-खरगे
## संसद परिसर में हम पर हमला किया गया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि सत्ता पक्ष के सदस्यों ने संसद भवन परिसर में गृहमंत्री अमित शाह के बयान के खिलाफ शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे विपक्षी सदस्यों पर हमला किया और यह सरकार का जनता के मुद्दों से ध्यान भटकाने का प्रयास है। खरगे और राहुल गांधी ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पार्टी के सदस्य संसद में 14 दिन से विरोध प्रदर्शन कर प्रयास कर रहे हैं कि सदन चले और देश को लूटने वाले उद्योगपति अडानी के भ्रष्टाचार पर सदन में चर्चा हो लेकिन भाजपा ने इस मुद्दे से ध्यान भटकाने का बराबर प्रयास किया है और आज कांग्रेस नेताओं के साथ संसद परिसर में धक्का मुक्की की गई। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में संविधान पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि ह्यजितना आप लोग अम्बेडकर अम्बेडकर करते हैं उतना भगवान का नाम लेते तो सात जन्मों के लिए स्वर्ग मिलता। उनका कहना था कि आज के युग में इस तरह की सोच निंदनीय है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि अम्बेडकर को इस तरह से अपमानित करने वाले मंत्री को बर्खास्त करना चाहिए था लेकिन हम जानते हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ऐसा करने वाले नहीं है इसलिए कांग्रेस ने इस मुद्दे को उठाया और कहा कि शाह ने जो कुछ सदन में कहा है उसके लिए वह माफी मांगे।

# मोरहाबादी में राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव आज से

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे उद्घाटन



बिभा संवाददाता

**रांची :** झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, उद्योग विभाग तथा झारखंड राज्य लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव 2024-25 का आयोजन हो रहा है. ये आयोजन 20 दिसंबर से 6 जनवरी तक रांची के मोरहाबादी मैदान में किया जा रहा है. इसे लेकर गुरुवार को उद्योग विभाग की ओर से सुमन पाठक और ग्रामीण विकास विभाग की ओर से मीनाक्षी प्रकाश ने प्रेसवार्ता की. उन्होंने बताया महोत्सव का उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और समापन राज्यपाल द्वारा किया जायेगा. खादी एवं सरस महोत्सव सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक खुला रहेगा. देशभर के विभिन्न राज्यों से स्टॉल लगाए गए है.

खादी महोत्सव में इस बार महात्मा गांधी के साबरमती आश्रम के थीम पर आयोजित किया गया है. जिसमें विभिन्न प्रकार के स्टाल बनाए गए हैं. महोत्सव में जीवंत प्रदर्शनी और साबरमती आश्रम आकर्षण का केंद्र होगा. इसमें खादी संस्था, पीएमईजीपी, सरस, फुड स्टॉल, सरकारी स्टॉल लगाए गए हैं. इसमें 500 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं. महोत्सव में प्रतिदिन विभिन्न वर्गों और बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित किये जायेंगे. महोत्सव में प्रतिदिन कला एवं संस्कृति विभाग की तरफ से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे. बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के झूला आकर्षण का मुख्य केंद्र होगा.

मेले के लिए 10 रुपए प्रवेश शुल्क रखा गया है. उद्घाटन समारोह में महोत्सव परिसर में प्रवेश निःशुल्क रहेगा. वाहनों के लिए नगर निगम द्वारा पार्किंग की व्यवस्था की गयी है. किसी भी प्रकार की सहायता के लिए हेल्प डेस्क एवं सीसीटीवी लगाया गया है. वृद्धजनों के लिए ई-रिक्शा की व्यवस्था की गई है.




## संक्षिप्त खबरें

### विधायक ने किया साइकिल वितरण



**सोनाहातू(बिभा)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में समारोह आयोजित कर स्कूली बच्चों के बीच उन्नति का पहिया कार्यक्रम के तहत निशुल्क साइकिल का वितरण किया गया। विधायक अमित कुमार महतो ने बालक मध्य विद्यालय सोनाहातू के 20 तथा कन्या मध्य विद्यालय के 21 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किये। मौके पर बीडीओ खगेश कुमार, कल्याण विभाग के बिष्णु खंडित, बीआरसी के इंद्रजीत बैठा, प्रदीप मुंडा, रोहिताश चौधरी, दीनबंधु महतो आदि मौजूद थे।

### वित्तीय साक्षरता पर कार्यशाला का आयोजन



**रांची(बिभा) :** प्राचार्या डॉ सुप्रिया के निर्देशन में भारतीय रिजर्व बैंक के सहयोग से रांची वीमेंस कॉलेज के प्रशिक्षण और प्लेसमेंट सेल ने गुरूवार को वित्तीय साक्षरता पर एक कार्यशाला का आयोजन किया। छात्राओं को क्षेत्रीय निदेशक, आरबीआई, प्रेम रंजन सिंह और अनामिका शर्मा, उप महाप्रबंधक, आरबीआई ने संबोधित किया। इसके बाद एक प्रश्नोत्तरी हुई जिसे वाणिज्य विभाग आरडब्ल्यूसी के छात्रों ने जीता। कार्यक्रम के अंतर्गत पौधारोपण भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन प्लेसमेंट सेल अधिकारी रोहिता विकास ने किया।

### राज्यपाल संत जेवियर्स स्कूल में आयोजित किसमस सेलिबेशन में हुए शामिल



**रांची(बिभा)।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि क्रिसमस का पर्व प्रभु ईसा मसीह का जीवन प्रेम, करुणा और सेवा का संदेश देता है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि सच्ची खुशी दूसरों की सेवा और आत्मीयता में निहित है। राज्यपाल गुरुवार को डोरंडा स्थित संत जेवियर्स स्कूल में 'क्रिसमस सेलिब्रेशन' के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। राज्यपाल ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे देश और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझें। उन्होंने क्रिसमस के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह पर्व हमें सिखाता है कि चाहे परिस्थितियां कैसी भी हों, सत्य, ईमानदारी और परोपकार के मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि सच्ची सफलता व्यक्तिगत उन्नति में नहीं, बल्कि समाज और मानवता की सेवा में है। राज्यपाल ने संत जेवियर्स स्कूल परिवार को 'क्रिसमस सेलिब्रेशन' के सफल आयोजन के लिए बधाई दी और सभी को क्रिसमस और नववर्ष 2025 की शुभकामनाएं दीं।

### संत जेवियर्स कॉलेज में शोध नैतिकता पर कार्यशाला का आयोजन



**रांची(बिभा) :** संत जेवियर्स कॉलेज में टर्नइटइन सॉफ्टवेयर और आईक्यूएसी के सहयोग से शोध नैतिकता विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए प्राचार्य फादर डॉ. एन. लकड़ा, एसजे ने कहा कि शोधार्थियों को शोध की शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने के लिए इस तरह के प्लेटफार्म काफी मददगार साबित होगो मुख्य वक्ता के तौर उपस्थित टर्नइटइन के पूर्वी क्षेत्र समन्वयक मिलन मंडल ने अपने संबोधन में टर्नइटइन के बारे में बताया कि शोध के लिए व्यापक रूप से उपयोग किया जाने वाला क्लाउड-आधारित सॉफ़्टवेयर है जो साहित्यिक चोरी का पता लगाने और उसे रोकने में मदद करने के लिए डिजाइन किया गया है। इसकी विशेषताएं का बताते हुए कहा कि एकाडेमिक अखंडता को बढ़ाने, लेखन प्रक्रिया, मौलिकता रिपोर्ट, डिजिटल ग्रेडिंग और फीडबैक के लिए ग्रेड मार्क, लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम की उपयोगिता, छात्रों के लिए राईटचेक आप्शन, व्याकरण और लेखनशैली की फीडबैक, जर्नल प्रकाशकों का क्रॉसचेक, फीडबैक स्टूडियो, संस्थान स्तर पर रुझानों और शैक्षणिक अखंडता की निगरानी के लिए विश्लेषिकी उपकरण बताया। मौके पर कॉलेज के डीएसडब्ल्यू डॉ. संजय सिन्हा, आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर डॉ. शिव कुमार, डॉ. आर. आर. श्रीवास्तव, डॉ. धीरजमणि पाठक, डॉ. संदीप चंद्रा सहित कॉलेज के अन्य प्राध्यापकगण व शोधार्थी उपस्थित हुए।

### सीयूजे और राष्ट्रीय प्रतिभूति बाजार संस्थान, मुंबई के बीच करार



**रांची(बिभा) :** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंधन विभाग की पहल पर सीयूजे और एनआईएसएम के बीच एलओयू पर हस्ताक्षर हुआ है। यह करार सीयूजे के विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों को प्रतिभूति बाजारों के बारे में बेहतर जानकारी विकसित करने में मदद करेगा। एलओयू का मुख्य फोकस प्रमाणन पाठ्यक्रम, एफडीपी, शैक्षणिक भ्रमण और विभिन्न शैक्षणिक एवं शोध गतिविधि पर केंद्रित हैं। सहमति पत्र पर सीयूजे के कुलसचिव के. कोसल राव और संजीव बजाज, महाप्रबंधक, एनआईएसएम ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर सीयूजे के कुलपति प्रोफेसर क्षिति भूषण दास, अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ के डीन प्रोफेसर अरुण कुमार पाढ़ी तथा व्यवसाय प्रबंधन विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. नितेश भाटिया उपस्थित थे।

### राज्य में बीज की किल्लत को दूर करने के लिए कृषि विभाग का बड़ा निर्णय

# कृषि विभाग राज्य में 10 बीज ग्राम की स्थापना करेगा : शिल्पी

बिभा संवाददाता

**रांची :** राजधानी रांची के हेसाग स्थित पशुपालन भवन में आज राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने विभागीय समीक्षा बैठक की। इस दौरान मंत्री शिल्पी ने कहा कि झारखंड में कृषि विभाग 10 बीज ग्राम की स्थापना करेगा। इसका उद्देश्य उन्नत बीज के साथ-साथ राज्य में बीज की कमी को पूरा करना है। इसके लिए पश्चिम सिंहभूम, चतरा और लातेहार के 10 गांव के साथ आज एमओयू किया गया।

इस दौरान मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने आगे कहा कि राज्य में अच्छे बीज की हमेशा से कमी रही है। इसके साथ ही डिमांड के अनुरूप राज्य में बीज उपलब्ध नहीं हो पाता है। इस बात को ध्यान में रखते हुए कृषि विभाग ने 10 अलग-अलग गांव को बीज ग्राम के तौर पर विकसित करने का निर्णय लिया है। किसानों के द्वारा तैयार बीज को खुद सरकार खरीदने का काम करेगी। फिर उस बीज को राज्य के किसानों के बीच तय सब्सिडी दर पर वितरित किया जाएगा। बता दें कि पशुपालन भवन में समीक्षा के दौरान मडुवा का उत्पादन करने वाले राज्य के 1400 किसानों के खाते में उइळ के माध्यम से राशि हस्तांतरित की गई। वहीं, राज्य सरकार मडुवा की खेती करने वाले किसानों को 3 हजार रुपए प्रति एकड़ की दर से राशि का भुगतान करती है। शिल्पी ने कहा कि विभाग के द्वारा पंचायत स्तर पर इसकी मैपिंग की जाती है।




कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि विभाग एफपीओ को मजबूत करने में जुटा है। इसी क्रम में लोहरदगा के एफपीओ को 15 लाख रुपए की राशि प्रदान की गई। इस समीक्षा बैठक के दौरान केंद्र और राज्य सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं पर चर्चा हुई। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने योजनाओं को गति देने को लेकर अधिकारियों को कई तरह के दिशा-निर्देश भी दिए।

# राज्यपाल से आईएचएम रांची के प्राचार्य ने की शिष्टाचार मुलाकात

बिभा संवाददाता



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के साथ होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम), राँची के प्राचार्य डॉ.भूपेश कुमार ने शिष्टाचार मुलाकात कर क्रिसमस और नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। इस दौरान संस्थान के प्राचार्य ने राज्यपाल को संस्थान की उपलब्धियां साझा करते हुए, 2024 में संस्थान को पुरे भारत वर्ष में इंडिया टुडे रैंकिंग में प्रथम मर्जिंग होटल मैनेजमेंट संस्थान, जीआरडीसी के रैंकिंग सर्वे में 6वें स्थान तथा कम्पटीशन सक्सेस रिव्यु में प्रथम स्थान, खाद्य सेवा क्षेत्र में ग्रामीण महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करने की दिशा में आईएचएम राँची में जेएसएलपीएस की एक प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट (पीएमयू) के तहत अगले तीन वर्षों में 500 दीदी को प्रशिक्षण दिया जायेगा तथा 100 पलाश दीदी कैफे खोले जायेंगे, राज्य की स्थानीय एवम् विलुप्त हो रहे व्यंजनों पर शोध करने हेतु दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय शेफ सम्मेलन एवम् राष्ट्रीय कुकरी प्रतियोगिता का आयोजन, राज्य की स्थानीय व्यंजनों एवम परंपराओं को एक मंच पर प्रस्तुत करने हेतु कॉफी टेबल बुक का प्रकाशन, झारखंड राज्य के पारंपरिक व्यंजनों को विश्व स्तर की पहचान दिलाने हेतु आईएचएम राँची द्वारा को झारखंड के स्थानीय मिलेट मड़ुआ को अंतराष्ट्रीय पहचान दिलाने हेतु इंडिया बुक ऑफ रिकाड्र्स 2023 में स्थापित कीर्तिमान जैसे विषयों के बारे में बताया। इसके अलावा विशेष केंद्रीय सहायता योजना के अंतर्गत जिला प्रशासन, लोहरदगा एवं इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट(आईएचएम) राँची के बीच समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर से लोहरदगा जिले के आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को संस्थान के विभिन्न रोजगार उन्मुख पाठ्यक्रमों मे दाखिला दिया जा रहा एवम पाठ्यक्रम पूर्ण होने के पश्चात शत प्रतिशत रोजगार भी मुहया कराया जा रहा है। साथ हीं बताया कि होटल एवं पर्यटन उद्योग के क्षेत्र में यह संस्थान विद्यार्थियों को त्रिवर्षीय बी.एससी इन हॉस्पिटैलिटी और होटल एमिनिस्ट्रेशन तथा डिप्लोमा एवम क्राफ्ट्समेनशिप पाठ्यक्रम में बेहतर शिक्षा प्रदान करने के साथ साथ देश-विदेश में शतप्रतिशत रोजगार के अवसर भी उपलब्ध करा रहा है।

इस शिष्टाचार मुलाकात के दौरान मडुआ आधारित विभिन्न प्रकार की रेसिपी पुस्तक मडुआ कुकीज फ्रॉम हिड्डन ट्रेजर ऑफ झारखंड तथा विद्यार्थियों द्वारा तैयार केक एवम अन्य बेकरी उत्पाद भी सप्रेम भेंट किया गया।

## पूर्व मंत्री ने गांवों का दौरा कर किसानो की सुनीं समस्याएं



बिभा संवाददाता

**मांडर :** प्रखंड स्थित गुरुवार को पूर्व मंत्री सह प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की मांडर प्रखंड के मुड़मा बुढ़ाखुखरा नारो बिसहाखटंगा एवं कैंम्बो दोहर में भुमि संरक्षण विभाग के पदाधिकारियों को लेकर पहुंचे। उन्होंने इस बात पर चर्चा कि किस प्रकार प्रखंड में खेती का काम सालों भर हो क्योंकि यहां के किसान साल में एक बार धान की खेती के बाद सिंचाई के अभाव में दूसरा फसल नहीं उगा पाते हैं, लम्बे समय तक खेत खाली ही रह जाता है इसलिए अगर इन सभी खेतों में सिंचाई का सुविधा हो जाता है तो यहां के किसान सालों भर खेती का काम कर सकते हैं इसी को लेकर के भूमि संरक्षण पदाधिकारी को निर्देश दिए की एक सप्ताह के अंदर इसका प्लान तैयार करें तब तक इन सभी गांवों के कृषक भी अपना सहमति बनाकर सालों भर कैसे सिंचाई हो इसका विचार रखें। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि जमील मलिक, प्रखंड अध्यक्ष मांगा उरांव ,होसे उरांव, समीम अख्तर ,तबारक खान ,सरिता तिग्गा ,नसीम अंसारी ,महफुज आलम,अमीत , भोलु ,सेरोफीना मिंज, एहसान अंसारी ,रसीद अंसारी, मो खालीद, रसीद खान, अमानत अंसारी, चिंतामणि उरांव ,इंदु तिग्गा, समसुल अंसारी ,रामबिलास उरांव सहित सेकडौ ग्रामीण व किसान उपस्थित थे।

## श्री कृष्ण विद्या मंदिर में वार्षिक खेलकूद संपन्न



बिभा संवाददाता

**रामगढ़:** श्री कृष्ण विद्या मंदिर में 17 दिसंबर से प्रारंभ हुए वार्षिक खेलकूद समारोह संपन्न हुआ। आज के समापन समारोह में मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष बजरंग लाल अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि बंशीधर गोप (वरिष्ठ अधिवक्ता सह समाजसेवी), विद्यालय के सचिव विमल किशोर जाजू एवं सह-सचिव अशोक अग्रवाल उपस्थित थे। सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत करने के पश्चात विद्यालय की बच्चियों के द्वारा आकर्षक योगा का प्रदर्शन किया गया। अतिथियों एवं सैकड़ो की संख्या में उपस्थित अभिभावकों के समक्ष लड़के एवं लड़कियों का 200 मी का रिले रेस, टग ऑफ वार एवं 200 मी का रेस (लड़का) का फाइनल संपन्न किया गया एवं अतिथियों के कर कमलों से सभी विजयी प्रतिभागियों के बीच मेडल एवं प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। आज के दिन अभिभावकों की संख्या उत्साहवर्धक रही। सभी विजेताओं का समूह फोटो लिया गया। समापन समारोह के अंत में विद्यालय के झंडे को उतारा गया एवं सामूहिक राष्ट्रगान के साथ समापन समारोह का अंत किया गया। विद्यालय के उपाध्यक्ष महोदय के साथ-साथ सभी उपस्थित अतिथियों ने बच्चों की खेलकूद में संलिप्तता की सराहना की तथा सभी विजयी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। विद्यालय अध्यक्ष आनंद अग्रवाल (अधिवक्ता) ने भी आज के समापन समारोह पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी बच्चों, शिक्षक-शिक्षिकाओं, कर्मचारियों एवं संबंधित अभिभावकों को वार्षिक खेलकूद समारोह की सफलता पर शुभकामनाएं दी।

### लापुंग में भाजपा की चुनावी समीक्षा सह सदस्यता अभियान के निमित बैठक संपन्न

## दुगुनी मजबूती के साथ जनता की सेवा में हम सभी कार्यकर्ताओं को तत्पर रहना है : सन्नी

बिभा संवाददाता



**लापुंग :** प्रखंड स्थित गुरुवार को भाजपा कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी की चुनावी समीक्षा एवं आगामी सदस्यता अभियान के निमित्त बैठक संपन्न हुई। बैठक में चुनावी अभियान के दौरान हुए कार्यों की समीक्षा की गई, सभी पंचायत अध्यक्ष बूथ अध्यक्ष कार्यकताओं ने अपना विचार रखा , कार्यकताओं ने कहा कि कुछ कमियां रह गई जिसके कारण हम विजय प्राप्त नहीं कर सके परंतु क्षेत्र में जनता का हमें जो समर्थन मिला वह समर्थन हमें नई ऊर्जा के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित कर रहा है।

झारखंड प्रांत में चल रहे सदस्यता अभियान के निमित्त रणनीति बनाई गई एवं पूरे मांडर विधानसभा में 2 लाख सदस्यता पूर्ण करने के लिए योजना के साथ लगने के लिए सभी कार्यकताओं ने संकल्प लिया।

सन्नी टोप्पो कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कुछ कमियां रही जिससे हम सब विधानसभा में विजय हासिल करने में चूक गए! परंतु हम सभी को निराश और हताश नहीं होना है, बल्कि पूरी ऊर्जा के साथ दुगुनी मजबूती से क्षेत्र की जनता की सेवा में लगे रहना है। संचालन मंडल अध्यक्ष हरिमोहन साहू ने किया वहीं धन्यवाद ज्ञापन विजय साहू विजय सिंह के द्वारा कियागया। मौके पर मंडल अध्यक्ष हरिमोहन साहू ,पूर्व मंडल अध्यक्ष दुखरन प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष जितेंद्र पाल सिंह, प्रकाश गुप्ता ,विजय सिंह, श्याम सिंह, पवन कुमार, रोहित रक्षित, चरकु साहू, चरवा उरांव ,संदीप उरांव , भदई महली ,अजय साहू, गोपाल महली, संदीप साहू, नंदलाल साहू, दुखहर सिंह , चरकु साहुरोहित साहु, बलमति देवी शिला कुमारी मंडल के पंचायत ,अध्यक्ष, प्रभारी बूथ अध्यक्ष सहित सहित सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद थे।

# बाघवार अकादमी ने डीएवी बरियातू को 175 रनों से दी करारी शिकस्त

बिभा संवाददता



**रांची:** वेंचर स्किल अंडर-16 क्रिकेट टूनार्मेंट के तहत गोल चक्कर मैदान रांची में गुरूवार को खेले गए अपने दूसरे मैच में बाघवार क्रिकेट अकादमी ने डीएवी बरियातू को 175 रनों के बड़े अंतर से हराते हुए अगले दौर में प्रवेश किया।

डीएवी बरियातू ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया, लेकिन बाघवार अकादमी के बल्लेबाजों ने इस निर्णय को पूरी तरह गलत साबित कर दिया। बाघवार अकादमी ने निर्धारित 35 ओवरों में 8 विकेट खोकर 289 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। ऑलराउंडर सोनू टाना भगत ने 47 गेंदों पर 10 चौकों की मदद से 50 रनों की शानदार पारी खेली और गेंदबाजी में एक विकेट भी हासिल किया। ऑलराउंडर हर्षित नयन ने 65 गेंदों में 10 चौकों की मदद से 85 रनों की बेहतरीन पारी खेली। कप्तान अभिषेक महली ने भी 50 रन बनाए और गेंदबाजी में चार ओवरों में 20 रन देकर 2 विकेट झटके, जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

289 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए डीएवी बरियातू की टीम पूरी तरह दबाव में नजर आई और 20.3 ओवरों में मात्र 124 रन पर ढेर हो गई। टीम के रयान अंसारी ने 36 रन बनाए, जबकि प्रांजल अभिड़ी (17 रन), मयंक शाह (12 रन) और मोहम्मद अली हसन (11 रन) ही दहाई के आंकड़े तक पहुंच सके।

बाघवार अकादमी के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। अभिषेक महली (4 ओवर, 20 रन, 2 विकेट), हिमांशु महली (4 ओवर, 23 रन, 2 विकेट), और जिया-उल-हक (4 ओवर, 18 रन, 2 विकेट) ने विरोधी टीम को बैकफुट पर रखा। डीएवी बरियातू के कृष्ण कन्हैया (4 ओवर, 31 रन, 2 विकेट) और प्रांजल (3 ओवर, 30 रन, 2 विकेट) ने गेंदबाजी में संघर्ष किया।

इस शानदार जीत पर बाघवार अकादमी के निदेशक अशोक बाघवार और प्रधानाचार्य अरुण बाघवार ने पूरी टीम की सराहना की। उन्होंने इस सफलता का श्रेय कोच अजय कुमार सिंह और सहायक कोच राहुल महली को दिया। साथ ही, उन्होंने खिलाड़ियों को आगामी मैचों में इसी लय को बनाए रखने और बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दीं।

## प्राउटिस्ट यूनिवर्सल द्वारा प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह संपन्न



बिभा संवाददाता

**रांची।** प्राउटिस्ट यूनिवर्सल द्वारा आयोजित प्रशिक्षण शिविर के पांचवें दिन का समापन समारोह भव्य तरीके से संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत हेसल मोहल्ला से रातू रोड तक शोभा यात्रा से हुई, जिसमें प्राउट लाओ, देश बचाओ, कृषि को उद्योग का दर्जा दो, शिक्षा को मुफ्त करो , नागपुरी भाषा को अष्टम सूची में शामिल करो, और नारी अत्याचार बंद करो जैसे नारों की गूंज सुनाई दी।

समारोह की अध्यक्षता आचार्य पुण्येशानंद अवधूत ने की। मुख्य वक्ता के रूप में आचार्य प्रियतोसानंद अवधूत ने कहा कि आज समय करवट ले रहा है। नैतिकता, चरित्र, और यम-नियम पर आधारित जीवन शैली अपनाने से ही समाज का उत्थान संभव है।

कार्यक्रम को कृपामयानंद दीदी, आनंद प्रभा, कृपानंद व कृषसुदरानंद ने भी संबोधित किया। संचालन रतन कुमार महतो ने किया व धन्यवाद ज्ञापन पंचू दादा द्वारा दिया गया।अध्यक्षीय संबोधन में आचार्य पुण्येशानंद ने कहा, नैतिकता के सांचे और समाज के उत्थान के लिए प्राउटिस्ट यूनिवर्सल के पास ठोस और व्यावहारिक समाधान हैं।इस अवसर पर संयोजक आचार्य प्रियतोसानंद अवधूत ने बताया कि केवल प्रवचन से नहीं, बल्कि व्यवहारिक और नियमित अभ्यास से ही व्यक्तित्व का विकास संभव है।समारोह का आयोजन आनंद मार्ग जागृति, हेसल, पिस्का मोड़, रांची में किया गया।

# संक्षिप्त खबरें

## उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने की जिला अनुकम्पा समिति की बैठक

**रांची(बिभा):** उपायुक्त सह अध्यक्ष जिला अनुकम्पा समिति रांची, श्री मंजूनाथ भजन्त्री ने अनुकम्पा समिति के आधार पर नियुक्ति सम्बंधित बैठक आयोजित की गई। जिसमें सामान्य/ उग्रवादी हिंसा में मृत के आश्रित से संबंधित जिला अनुकम्पा समिति की समीक्षा कि गई। बैठक में, परियोजना निदेशक आई.टी.डी.ए. रांची, संजय कुमार भगत, डी.एस.पी. शहर रांची, जिला स्थापना उप-समाहर्ता रांची, ज्योति वंदना कुजूर, सर्जेन्ट मेजर, एवं सभी सम्बंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## झारखंड के राज्य कर्मियों की बल्ले-बल्ले, सैलरी को लेकर आई बहुत बड़ी खुशखबरी

**रांची(बिभा):** झारखंड के राज्य कर्मियों की बल्ले-बल्ले हो गई है। दरअसल आज से ही राज्य कर्मियों की दिसंबर माह की सैलरी का भुगतान कर दिया जाएगा। वित्त विभाग ने 19 दिसंबर से वेतन भुगतान करने को लेकर आदेश जारी किया है। झारखंड सरकार राज्यपाल सचिवालय उच्च न्यायलय विधानसभा सचिवालय के पदाधिकारियो कर्मियों को 25 दिसंबर से पहले ही दिसंबर माह का वेतन मिल जाएगा। बता दें कि झारखंड सरकार की इस घोषणा से झारखंड के कर्मचारी बेहद खुश हैं और उन्होंने सरकार के कदम की सराहना की है। बता दें कि झारखंड के कर्मचारियों ने क्रिसमस को देखते हुए पहले ही सैलरी की मांग की थी जो कि सरकार ने पूरी कर दी है।

## चाईबासा नाबालिग दुष्कर्म मामले में फास्ट ट्रैक कोर्ट गठित कर दोषी को कठोर सजा दिलाए राज्य सरकार : मरांडी

**रांची(बिभा) :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने चाईबासा में नाबालिग के साथ हुए दुष्कर्म और फिर ईलाज के दौरान उसकी मौत पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। श्री मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार बहन बेटियों की सुरक्षा करने में असफल है। यह सरकार महिला सम्मान का केवल दिखावा ढोंग करती है। श्री मरांडी ने कहा कि चाईबासा में नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म की घटना और ईलाज के दौरान पीड़िता के निधन की सूचना से मन अत्यंत व्यथित है। कहा कि झारखंड में महिलाओं के खिलाफ हैवानियत की हदें पार हो चुकी है। ऐसे जघन्य कृत्य को रोकने की बजाय हेमंत सोरेन की सरकार अपनी नाकामी छुपाने में लगी हुई है। श्री मरांडी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी, उक्त मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में भेजकर आरोपी को कठोरतम सजा दिलाने की पहल करें।साथ ही, महिला मंत्री, पुलिस पदाधिकारी और कल्याण विभाग के निदेशक को पीड़िता के परिजनों से मुलाकात कर घटना की जानकारी लेने और उचित सहायता प्रदान करने के लिए निर्देशित करें।

## झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य ने डीजीपी से की मुलाकात, सौंपा ज्ञापन



**रांची(बिभा)।** राजधानी में पिछले दिनों बच्ची के साथ हुई छेड़छाड़ की घटना को लेकर अब झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग भी एक्टिव मोड में आ गया है। आयोग के सदस्य उज्जवल प्रकाश तिवारी ने पुलिस महानिदेशक से ज्ञापन सौंप कर मांग की है कि स्कूल के छुट्टी की समय सादे लिबास में महिला और पुरुष पुलिस बल की तैनाती की जाए। इसके अलावा उज्जवल प्रकाश तिवारी ने पुलिस महानिदेशक से कई अन्य बातों पर भी गंभीरता पूर्वक विचार करने का अनुरोध किया है। श्री तिवारी ने बताया है कि पुलिस महानिदेशक ने उनकी बातों को गंभीरता से सुनते हुए इस पर उचित कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया है। अपने ज्ञापन में बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य ने निम्न बातों पर तत्काल कानूनी कार्रवाई करते हुए व्यवस्था करने की मांग की है। किसी भी तरह से शिकायत करने के लिए प्रत्येक स्कूल एवं उसके आसपास शिकायत पेटी की व्यवस्था की जाए। स्कूल छुट्टी के समय सादे लिबास में महिला और पुरुष पुलिस बल की तैनाती की जाए। जिला प्रशासन के द्वारा स्कूल के बाहर सीसीटीवी कैमरा लगाने की व्यवस्था हो। प्रत्येक स्कूल के बाहर पुलिस पोस्ट बनाने की दिशा में पुलिस मुख्यालय कार्यवाही करें। प्रत्येक माह बच्चों से संबंधित केस की समीक्षा की जाए। इसकी सूचना आयोग को भी उपलब्ध कराई जाए।

# ग्रामीण विकास मंत्री ने की समीक्षा बैठक, दिये कई निर्देश

बिभा संवाददाता

**रांची।** राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने गुरुवार को विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक एफएफपी बिल्डिंग में की। बैठक के दौरान मंत्री ने कई निर्देश भी अधिकारियों को दिये।



समीक्षा बैठक के बाद मंत्री ने बताया कि झारखंड की महत्वपूर्ण फ्लैगशिप योजनाओं पर अधिकारियों के साथ चर्चा की गई। इस दौरान अबुआ आवास योजना 2023-24 में स्वीकृत आवास जिनके ढलाई तक काम हो गया है उनका थर्ड इंस्टॉलमेंट जारी करने का निर्देश अधिकारियों को दिया गया ताकि समय पर घर का निर्माण किया जा सके।

बैठक में यह बात भी सामने आई कि लोग अब पीएम आवास योजना में रुचि कम ले रहे हैं क्योंकि अबुआ आवास योजना तीन कमरों की है ऐसे में पीएम आवास से कैसे राज्य के ग्रामीण आवास ले इस पर भी चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि बैठक में मनरेगा में बड़ी राशि केंद्र सरकार के पास बकाया है, इस संबंध में सरकार से बात की जाएगी। मंत्री ने बताया कि जेएसएलपीएस से कैसे आजीविका संवर्धन को बढ़ाया जाए इस पर विस्तृत चर्चा की गई। महिलाओं को रोजगार देने के माध्यमों को और बढ़ाया जाएगा। समीक्षा बैठक में ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य और पंचायती राज विभाग के पदाधिकारी को भी कई निर्देश दिए गए। ग्रामीण सड़क निर्माण सहित अन्य योजनाओं का काम स-समय पूरा करने को कहा गया। अधिकारियों को पांच वर्ष की योजना बनाकर काम करने को कहा गया समय बाद और सुचारू रूप से काम करने का स्पष्ट निर्देश दिया गया। मंत्री ने कहा कि यदि कोई समय पर काम नहीं करता है तो उस पर तुरंत कार्रवाई होगी और अगर शिकायत मिलती है तो स्पष्टीकरण तुरंत पूछा जाएगा।

बैठक में पंचायती राज संस्थाओं को भी सशक्त करने पर चर्चा हुई।

## बारिश के बाद घने कोहरे की चपेट में रहेगा झारखंड

**रांची।** झारखंड में ठंड का कहर दिन ब दिन बढ़ता ही जा रहा है। गुरुवार को सुबह राजधानी रांची सहित अन्य जिलों में कोहरा छाया रहा। धीरे-धीरे मौसम साफ हुआ। इसी बीच 20 दिसंबर से झारखंड के मौसम में फिर से बदलाव देखने को मिलेगा। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र बनने के कारण शुक्रवार को राज्य के दक्षिणी भागों में आंशिक बादल छाये रहने और कहीं-कहीं पर हल्की बारिश होने की संभावना जताई गई है। इसके तहत तहत पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला-खरसावां में बारिश होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र, रांची के अनुसार पिछले 24 घंटे में रांची का अधिकतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 09.4 डिग्री सेल्सियस रहा। इसी तरह जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 26.9 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

माध्यमिक और इंटरमीडिएट के लिए परीक्षा केंद्र चयन समिति की बैठक

# रांची में इंटर परीक्षा के लिए 57 और मैट्रिक के लिए 102 केंद्र होंगे

बिभा संवाददाता

**रांची :** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री गुरूवार को वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा-2025 के लिए परीक्षा केन्द्र चयन समिति की बैठक आयोजित कि गई।

बैठक में अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी रांची, तृप्ति कुमारी, अध्यक्ष जिला मदरसा संघ, अध्यक्ष रांची जिला इंटरमीडिएट शिक्षक संघ, अध्यक्ष रांची जिला संस्कृत शिक्षक संघ एवं सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

उपायुक्त रांची, द्वारा बैठक में वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा-2025 हेतु निर्धारित केंद्र प्रखण्डवार एवं अनुमंडलवार समीक्षा कि गई।



वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2025 हेतु निर्धारित केंद्र एवं छात्रों का प्रखंडवार केंद्रों कि संख्या कुल-102, कुल संलग्न विद्यालय कि संख्या- 314, कुल छात्र संख्या- 38139 हैं।

वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा-2025 हेतु निर्धारित केंद्र प्रखण्डवार एवं अनुमंडलवार (रांची अनुमंडल, बुंडू अनुमंडल, खलारी, सिल्ली) कुल केंद्रों कि संख्या-57, कुल संलग्न विद्यालयों कि संख्या- 115, कुल छात्र कि संख्या- 42121 हैं।

(1) कला संकाय में सम्मिलित परीक्षार्थियों की कुल संख्या - 27146
(2) वाणिज्य संकाय में सम्मिलित परीक्षार्थियों कि कुल संख्या- 5836
(3) विज्ञान संकाय में सम्मिलित परीक्षार्थियों की कुल संख्या- 9139

## उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने की जिला अनुकम्पा समिति की बैठक

रांची : उपायुक्त सह अध्यक्ष जिला अनुकम्पा समिति रांची, श्री मंजूनाथ भजन्त्री ने अनुकम्पा समिति के आधार पर नियुक्ति सम्बंधित बैठक आयोजित की गई। जिसमें सामान्य/ उग्रवादी हिंसा में मृत के आश्रित से संबंधित जिला अनुकम्पा समिति की समीक्षा कि गई। बैठक में, परियोजना निदेशक आई.टी.डी.ए. रांची, संजय कुमार भगत, डी.एस.पी. शहर रांची, जिला स्थापना उप-समाहर्ता रांची, ज्योति वंदना कुजूर, सर्जेन्ट मेजर, एवं सभी सम्बंधित अधिकारी उपस्थित थे।

1.36करोड़ के दावे पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से पूछे सवाल

# राज्य की जनता को सच्चाई जानने का अधिकार : बाबूलाल

बिभा संवाददाता

**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आज हेमंत सरकार पर निशाना साधा। श्री मरांडी ने मुख्यमंत्री से सवाल पूछते हुए कहा कि राज्य की जनता को बकाए से संबंधित सच्चाई जानने का अधिकार है। कहा कि झारखंड के 1.36 लाख करोड़ कोयला रॉयल्टी के दावे पर जनता को सच्चाई जानने का हक है। श्री मरांडी ने मुख्यमंत्री से सवाल पूछा कि सरकार बताए यह बकाया किस-किस साल का है और किस किस योजना/परियोजना का है?

दूसरा सवाल कि 1.36 लाख करोड़ की राशि का आधार क्या है? और तीसरा सवाल कि यूपीए शासनकाल और शिबू सोरेन जी के कोयला मंत्री रहते हुए कितनी राशि वसूली गई थी?



कहा कि झारखंड के भ्रष्टाचार से भरे इतिहास को देखते हुए, जनता सबकुछ जानना चाहती है। सही दस्तावेज और तथ्यों को पारदर्शिता के साथ सामने रखें तब बात करें। झारखंड और झारखंडियों के हर अधिकार के लिए भाजपा खड़ी है, जहॉं भी जरूरत होगी वे सरकार के साथ खड़े होंगे। लेकिन झूठे आंकड़े और फर्जी दावे बर्दाश्त नहीं होंगे। सच्चाई पर चलिएगा तो हम हर हमेशा सहयोग के लिए तैयार हैं। बकाया-बकाया का हौव्वा खड़ा कर कहीं राज्य सरकार जानबूझकर आगे मंईयां सम्मान योजना की राशि देने में विफलता के दोषारोपण की भूमिका तो तैयार नहीं कर रही है? झूठी राजनीति छोड़कर झारखंड के असली मुद्दों पर ध्यान देना राज्य सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए।

# कांग्रेस ने निकाला विरोध मार्च, गृह मंत्री का फूंका पुतला

बिभा संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा 17 दिसंबर 2024 को राज्यसभा में देशरत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर पर किए गए आपत्तिजनक एवं अपमानजनक टिप्पणी के विरोध में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा कांग्रेस भवन से अल्बर्टएक्का चौक तक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में विरोध मार्च निकालकर प्रदर्शन किया गया तथा अमित शाह का पुतला दहन किया गया।



इस अवसर पर केशव महतो कमलेश ने कहा कि संविधान भारत के लोकतंत्र की आत्मा है जिसके शिल्पकार बाबा साहब हैं। ऐसे महान विभूति को अपमानित करना लोकतंत्र के पीठ में खंजर घोंपने के समान है। भाजपा देश के नागरिकों के वर्तमान संविधान को समाप्त कर आरएसएस के विचारको द्वारा तैयार संविधान को लागू करना चाहती है यानी भाजपा संघ के विधान को लागू करना चाहती है, इसके शुरूआती चरण में बाबा साहब का अपमान कर भूमिका तैयार की जा रही है। आरएसएस के निर्देशों पर चलने वाली भाजपा अपने जन्म काल से ही देश के संविधान और तिरंगे की घोर विरोधी रही है तो संविधान के जनक का सम्मान कैसे कर सकती है। अमित शाह ने बाबा साहब का अपमान ही नहीं किया बल्कि समस्त दलित समुदाय सहित करोड़ों देशवासियों के आत्म सम्मान पर गहरी चोट की है। दलित समुदाय का वोट प्राप्त करने के लिए सिर्फ चुनाव के समय दलितों के हितों की बात करने वाली भाजपा के दोहरे चरित्र का खुलासा हो गया है। अमित शाह को पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए। जिस संविधान की शपथ लेकर कारण आज नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री और अमित शाह गृह मंत्री है आज उसी संविधान के प्रति भाजपाई अविश्वास प्रक्ट कर रहे हैं। बाबा साहब का अपमान करके अमित शाह ने स्पष्ट संदेश देने का काम किया है कि भाजपा की नजर में दलितों के अधिकारों का कोई मूल्य नहीं है। कांग्रेस संविधान और दलित-पिछड़ों के साथ देश के हर वर्ग-समाज के नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए कृत संकल्प है। पुतला दहन एवं विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में मुख्य रूप से राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी राजीव रंजन प्रसाद,रविंद्र सिंह, लाल किशोर नाथ शाहदेव, आभा सिन्हा, अमूल्य नीरज खाल को ,आलोक कुमार दूबे, सोनाल शांति,केदार कमल ठाकुर,रियाज अंसारी ाजूराम, डॉ0 राजेश गुप्ता, अभिलाष साहु, राजन वर्मा, वशिष्ठ लाल पासवान, केके गिरि,नेली नाथन, डॉ राकेश किरण महतो, डॉ कुमार राजा, हुसैन खान, योगेन्द्र सिंह बेनी, नीतू देवी, सत्यनारायण सिंह, मुन्नम संजय, अनुकूल मिश्रा, राजू राम, बबलू शुक्ला, कृष्णा सहाय, रश्मि चन्द्र पिंगुआ, संजीव महतो, हर्ष कालिंदी, आंनद, फिरोज रिज्वी, खुशबू नायक, मो सफार, राजीव चौधरी, संजय कुमार, अजय सिंह, आशुतोष पाठक, पुजा देवी, ममता साहु, बेबी देवी, सदाब खान, अनिल अरांव, गुलाम रब्बानी, गौरव सिंह, कुलदीप रवि, छोटू सिंह, जगरन्नाथ साहु आदि सैकड़ो कांग्रेसजन शामिल थे।

## राहुल गांधी ने अपने आचरण से भारतीय लोकतंत्र को तार-तार किया : संजय सेठ

**रांची:** कांग्रेस के राहुल गांधी ने आज लोकतंत्र की गरिमा को तार तार कर दिया। आज संसद परिसर में जिस तरह भाजपा के वरिष्ठ सांसद प्रताप चंद्र सारंगी और मुकेश राजपूत के साथ धक्का मुक्की कर उन्हें चोटिल किया गया यह लोकतंत्र को तार-तार करने वाली घटना है। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने इस घटना की कड़ी शब्दों में निंदा की है। मंत्री श्री सेठ ने कहा राहुल गांधी निराशा और हताश है। यह वही लोग हैं जो संविधान को नहीं मानते जिसका आज ताजा उदाहरण सबके सामने है । जिस तरह आज राहुल गांधी ने गुंडागर्दी दिखाई दो वरिष्ठ सांसदों को धक्का देकर चोटिल किया यह लोकतंत्र के लिए काला दिन है। राहुल गांधी ने आज सभी मयार्दाओं का हनन किया है।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल विद्युत अभियंता (निर्माण), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची-834001 निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। निम्नलिखित निविदा वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड की गई है। निविदा निर्धारित तारीख को **दोपहर 12.00 बजे** बंद की जाएगी। **ई-निविदा सूचना संख्या: ईएल-सीओएन-एडीए-ईएसएल-24-6, दिनांक: 18.12.2024। कार्य का संक्षिप्त विवरण:** दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल में रेलवे कनेक्टिविटी अंश के लिए बांधडीह स्टेशन यार्ड पर सर्वश्री ईएसएल स्टील लिमिटेड की प्राइवेट साइडिंग के कार्य के सम्बन्ध में आरसी एवं पीएसआई कार्यों सहित 25 केवी ओएचई की आपूर्ति, इरेक्शन, जांच एवं शुरुआत। **कार्य का मूल्य:** ₹ 1,45,52,632.30। **बोली प्रतिभूति:** ₹ 2,22,800। **पूरा करने की अवधि:** 06 महीना। **बंद होने की तारीख:** 13.01.2025। निविदाओं के सम्पूर्ण विवरण/ब्योरा/स्पेसिफिकेशन के लिए इच्छुक निविदादाता वेबसाइट www.ireps.gov.in [E-Tender→Works (फोन नंबर के साथ लॉगइन) तथा ऊपर उल्लिखित निविदा संख्या के साथ सर्च] देख सकते हैं और अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस मद के लिए किसी भी परिस्थिति में मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **वि.द्र.:** अन्य सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए भावी बोलीदाता वेबसाइट www.ireps.gov.in नियमित रूप से देख सकते हैं। (PR-928)

# बीसेंट्रिक इंक और बॉटसैवी प्राइवेट लिमिटेड के बीच झारखंड में एआई डेटा हब स्थापित करने के लिए हुआ एमओयू

बिभा संवाददाता

**रांची :** सिलिकॉन वैली और रांची, झारखंड, 19 दिसंबर 2024 झ सिलिकॉन वैली स्थित अग्रणी टेक्नोलॉजी कंपनी बीसेंट्रिक इंक और रांची, झारखंड की उभरती टेक कंपनी बॉटसैवी प्राइवेट लिमिटेड (रोबोएविएट) ने रांची में एक अत्याधुनिक एआई डेटा हब स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

यह सहयोग झारखंड में आईटी उद्योग के विकास और राज्य की असीम संभावनाओं का उपयोग करते हुए नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। साथ ही, यह परियोजना क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर पैदा करने और तकनीकी विकास के लिए मजबूत आधारभूत संरचना तैयार करने का लक्ष्य रखती है।

हम बॉटसैवी प्राइवेट लिमिटेड के साथ इस परिवर्तनकारी परियोजना को साकार करने के लिए उत्साहित हैं, बीसेंट्रिक इंक के सीईओ ने कहा झारखंड की अनूठी क्षमता और हमारी एआई विशेषज्ञता मिलकर इस क्षेत्र में तकनीकी प्रगति का एक नया युग लाएगी।





### साझेदारी की प्रमुख विशेषताएं

**रोजगार सृजन:** इस एआई डेटा हब के माध्यम से आईटी, डेटा प्रबंधन, एआई विकास और अन्य संबंधित क्षेत्रों में हजारों नई नौकरियां सृजित होने की उम्मीद है।

**कौशल विकास:** स्थानीय प्रतिभाओं को प्रशिक्षण कार्यक्रमों, कार्यशालाओं और झारखंड के शैक्षणिक संस्थानों के साथ सहयोग के माध्यम से उन्नत तकनीकी कौशल प्रदान किया जाएगा।

**आईटी उद्योग को बढ़ावा:** यह परियोजना रांची को एआई और आईटी नवाचार का एक उभरता केंद्र बनाएगी, जिससे वैश्विक निवेशक आकर्षित होंगे और क्षेत्र की तकनीकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**सतत विकास:** यह हब पर्यावरण-अनुकूल प्रथाओं को अपनाते हुए दीर्घकालिक और टिकाऊ विकास को सुनिश्चित करेगा।

### बॉटसैवी प्राइवेट लिमिटेड (रोबोएविएट) के बारे में

बॉटसैवी प्राइवेट लिमिटेड, रांची, झारखंड में स्थित एक तेजी से उभरती हुई टेक कंपनी है, जो एआई और ऑटोमेशन समाधान में विशेषज्ञता रखती है। कंपनी प्रौद्योगिकी के माध्यम से स्थायी विकास और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

### बीसेंट्रिक इंक के बारे में

बीसेंट्रिक इंक सिलिकॉन वैली में मुख्यालय वाली एक विश्व प्रसिद्ध कंपनी है, जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और तकनीकी समाधानों में अग्रणी है। कंपनी डेटा-आधारित नवाचार और अत्याधुनिक तकनीकों के माध्यम से जटिल समस्याओं को हल करने के लिए समर्पित है।

बॉटसैवी प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक और सीईओ पीयूषराज आर कात्यायन ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बीसेंट्रिक इंक के साथ यह साझेदारी झारखंड के आईटी उद्योग के लिए एक मील का पत्थर साबित होगी। हमारा उद्देश्य स्थानीय प्रतिभाओं को सशक्त बनाना और झारखंड को वैश्विक एआई क्षेत्र में एक प्रमुख स्थान दिलाना है।

एआई डेटा हब संचालन शुरू करने की योजना में है। परियोजना के पहले चरण में आधारभूत संरचना का निर्माण और स्थानीय व राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाओं की नियुक्ति पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

यह एमओयू बीसेंट्रिक इंक और बॉटसैवी प्राइवेट लिमिटेड के बीच एक दीर्घकालिक संबंध की शुरूआत है, जो भारत में तकनीकी परिदृश्य में क्रांति लाने और झारखंड के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान देने के उनके साझा दृष्टिकोण को दर्शाता है।

**सं. 15-02/2024-पुनर्गठन**
**भारत सरकार**
**दूरसंचार विभाग, संचार मंत्रालय**
**नई दिल्ली**
**रिक्ति परिपत्र**

दूरसंचार विवाद समाधान एवं अपील अधिकरण (टीडीसेट) में सदस्य के एक पद के लिए पात्र और इच्छुक भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

टीडीसेट एक अपीलीय प्राधिकरण है जिसकी स्थापना भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण अधिनियम, 1997 के तहत की गई है जिसका कार्य उक्त अधिनियम के तहत विभिन्न अपीलों की सुनवाई करना है। अधिकरण संबंधित अधिनियमों के तहत दूरसंचार, प्रसारण, आईटी, हवाई अड्डा टैरिफ और आधार संबंधी मामलों में अधिकार क्षेत्र का प्रयोग करता है। टीडीसेट का मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है।

पद के लिए योग्यता, अन्य पात्रता शर्ते एवं आवेदन प्रपत्र, दूरसंचार विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय और टीडीसेट की वेबसाइट http://www.dot.gov.in व http://www.persmin.nic.in या http://www.tdsat.gov.in पर उपलब्ध हैं। आवेदन निर्धारित प्रो-फॉर्मा में अंतिम तिथि **31 जनवरी, 2025 को शाम 05-30 बजे तक** भेजे जा सकते हैं।

अवर सचिव, भारत सरकार

CBC 06201/11/0013/2425

संक्षिप्त खबरें

## बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का अपमान बर्दाश्त नहीं : बुद्ध नारायण

**बोकारो/बिभा संवाददाता।** देश के गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन सिटी सेंटर सेक्टर 4 में राष्ट्रीय जनता दल जिला अध्यक्ष बुद्ध नारायण यादव के नेतृत्व में किया गया। ज्ञात हो की राज्यसभा में अपने भाषण के दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने जिस प्रकार बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के नाम पर कटाक्ष करते हुए



कहा कि अंबेडकर अंबेडकर अंबेडकर कहना अब फैशन हो गया है और इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक उसे स्वर्ग मिलता जिला अध्यक्ष बुद्ध नारायण यादव ने कहा कि यह न केवल संविधान का अपमान है बल्कि करोड़ों दलितों पिछड़ों अल्पसंख्यकों तथा समाज के सभी वर्गों की महिलाओं का घोर अपमान है जिन्हें बाबा साहब ने संविधान के माध्यम से समानता सम्मानपूर्वक जीने और समाज में बराबरी का न्याय दिलाया है। प्रदेश महासचिव घनश्याम चौधरी ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर गरीबों दलितों पिछड़ों का भगवान है अगर बाबा साहब नहीं होते तो यह आरएसएस और बीजेपी वाले संविधान की जगह मनुस्मृति को ही संविधान बनाकर देश पर नफरती और दमनकारी शासन करते होत। युवा राजद प्रदेश महासचिव जितेंद्र नारायण यादव ने कहा कि अगर मोदी जी में थोड़ी भी नैतिकता बची है तो अमित शाह को बर्खास्त करते हुए देश की जनता से माफी मांगे क्योंकि हम लोग बाबा साहब का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे साथ ही देश के राष्ट्रपति से गृह मंत्री की बर्खास्तगी की मांग की गई. पुतला दहन कार्यक्रम में वरीय जिला उपाध्यक्ष सीताराम यादव प्रदेश नेता रमाकांत शाह मनोज यादव प्रदीप यादव कृष्ण यादव भारती जी गिरधारी साह प्रकाश यादव बिंदा राय आदि मौजूद थे ।

## भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर की गई महत्वपूर्ण बैठक

**बोकारो/बिभा संवाददाता।** भाजपा झारखंड प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार संगठन महापर्व (सदस्यता अभियान-2024) के निमित्त बालीडीह मंडल की सदस्यता अभियान को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई है। जिसमें मुख्य रूप से सदस्यता अभियान के मंडल प्रभारी महेंद्र राय, सुनील गोस्वामी, उपेंद्र पांडेय



उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अविनाश सिंह ने की। सदस्यता अभियान के प्रभारी महेंद्र राय ने बैठक को संबोधित भाजपाकरते हुए कहा कि प्रदेश नेतृत्व की निर्देश पर सदस्यता अभियान 2024-2030 की बूथ स्तर पर सदस्यता अभियान को गति देने की लिये 19 दिसंबर को मंडल स्तर पर सदस्यता अभियान की बैठक आयोजित किया गया। सदस्यता अभियान की शुरुआत 22 दिसम्बर को सभी शक्तिकेन्द्र पर होगा। एक शक्तिकेन्द्र मे कम से कम 250 सदस्य बनाया जायेगा। बूथो पर 23 व 24 दिसम्बर को बूथ स्तर पर होगा। प्राथमिक सदस्य अभियान 22 से 14 जनवरी 2025 तक पूर्ण करना है। बैठक में सदस्यता अभियान के मंडल के संयोजक जितेंद्र गोस्वामी, रामविनय ठाकुर, श्यामलोचन सिंह, जेपी सिंह,सुनील सिंह,उमेश कुमार,तरुण महतो,जयप्रकाश साव,राजेन्द्र नाथ ठाकुर,रामनरेश प्रसाद, एन के पूरी,उमेश सिंह,मनोज रजवार,अमित कुमार,जीतन रविदास,राजेश ठाकुर,किशोर ठाकुर,आदि मौजूद रहे।

## संत ज़ेवियर्स स्कूल के बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों का विदाई समारोह

**बोकारो/बिभा संवाददाता।** संत जेवियर्स स्कूल में 2024 -25 के निवर्तमान कक्षा बारहवीं बैच के लिए विदाई कार्यक्रम 19 दिसंबर को आयोजित किया गया। कार्यक्रम शुरू होते ही माहौल पुरानी यादों से भर गया था। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य फादर अरुण मिंज , एस .जे. और कैप्टन दीप्तेश गुप्ता और उपकैप्टन पलक



फोगला के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ की गई। फादर अरुण मिंज एस.जे. ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने प्रस्थान करने वाले बैच की शैक्षणिक उपलब्धियों और विद्यालय समुदाय में योगदान को मान्यता देते हुए उन्हें हार्दिक बधाई दी। प्राचार्य महोदय ने स्कूल के बाहर लगे हुए बोर्ड पे लिखे हुए वाक्य के बारे में भी समझाया - सीखने के लिए विद्यालय में प्रवेश करें ,सेवा करने के लिए छोड़ें। उन्होंने अपना गहरा आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम फिर बड़े ही मनोरंजक नृत्य से आगे बढ़ा। हाई स्कूल के बच्चों ने बारहवीं के बच्चों के लिए गाना गाया। फिर कक्षा ग्यारहवीं की लड़कियों ने सुंदर नृत्य करके कार्यक्रम को आकर्षक बनाया। प्राचार्य ने फिर मिस्टर जेवियर और मिस जेविरियन दीप्तेश गुप्ता एवं राजरतन माला क्रमशः के नामों की घोषणा की और उनके साथ केक काटा। निर्वतमान कप्तान दीप्तेश गुप्ता और उपकप्तान पलक फोगला के द्वारा औपचारिक भाषण दिया गया। अंश जॉय के द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। ज़ेवियर एंथम के साथ कार्यक्रम की सफल समाप्ति हुई।

## अपहरणकर्ताओ ने किया अपहृत को मुक्त

**बोकारो/बिभा संवाददाता।** पुलिस ने अपहरण मामले का 6 घंटे के अंदर खुलासा कर दिया है.पुलिस के दबिश के बाद अपहरणकर्ता ने अपहृत अविनाश कुमार को मुक्त कर दिया जबकि जिस गाड़ी से अपहरण किया गया था पुलिस ने उसे भी नया मोड़ के कुमार पेट्रोल पंप के समीप से लावारिस हालत मे बरामद कर लिया है. अपहृत युवक अविनाश कुमार के मुताबिक उन्हें जबरन गाड़ी से पिस्टल दिखा जबरदस्ती उठा लिया गया था तथा एक कमरे मे बंद कर मारपीट की गई, उसके दाँत भी तोड़ उससे बकाया रूपये की मांग की जा रही थी.उन्होंने बताया कि घटना तब घटी जब हम अपने तेलगाड़िया स्थित जमीन से वापस कार से लौट रहे थे, तभी पश्चिम बंगाल के नंबर वाली एक गाड़ी से मेरे गाड़ी को ओवरटेक कर हमें उस गाड़ी से घसीटकर अपहरणकर्ताओ ने अपनी गाड़ी मे बैठा लिया, इसके बाद ले जाकर एक कमरे मे बंद कर दिया गया, जहाँ मारपीट कर पैसे मांगे जा रहे है।

### राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन कार्य योजना के तहत वन विभाग ने किया कार्यशाला का आयोजन

# पर्यावरण के असल रक्षक गांव के लोग संरक्षक के अगुआ भी यही : रवि रंजन

बिभा संवाददाता

**बोकारो।** तेजी से बदल रहे पर्यारण का प्रभाव सबसे अधिक किसानों और ग्रामीण समुदाय पर देखने को मिल रहा है. ऐसे में समय रहते इन्हें इससे बचाव के तरीकों के बारे में भी सजग करना होगा. इसी सोच के साथ गुरूवार 19 दिसंबर को पेटरवार के वन विश्रामागार में वन विभाग के साथ असर, एसआईडीएचए और पंच सफर नामक संस्था के संयुक्त प्रयास से एक कार्यशाला 'जलवायु परिवर्तन और हमः एक पहल समाधान की ओर'' का आयोजन किया गया. जहां बड़ी संख्या में पेटरवार और आसपास के इलाकों से वन रक्षा समिति से जुड़े लोग और पंचायत प्रतिनिधि शामिल हुए। मौके पर पर बतौर मुख्य अतिथि एपीपीसीएफ रवि रंजन ने कहा कि नेशनल




मिशन ऑन स्ट्रैटेजिक नॉलेज फॉर क्लाइमेट चेंज से पूरे झारखंड में 25,000 हजार लोगों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है. इस लक्ष्य को आगामी पांच साल में पूरा किया जाएगा। पर्यावरण के हर क्षण बदलते हालात के बारे में उन्होंने कहा कि दुनियाभर में इसका असर देखा जा रहा है. सऊदी में बर्फबारी तो पाकिस्तान में बाढ़ आने लगा है. झारखंड भी इससे अछूता नहीं रहा है. इसरो के एक रिसर्च का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि झारखंड का 69 प्रतिशत इलाका मरुस्थल में तब्दील होने के कगार पर जा रहा है. यही वजह है कि पानी की किल्लत राज्य में देखी जा रही है. पानी को रोकने का उपाय करना होगा। उन्होंने कहा, औद्योगिकरण के कारण धरती का तापमान 1.1 डिग्री बढ़ गया है. इससे बरसात के समय में तेजी से बदलाव हो रहा है. खतरा दरवाजे पर आए, उससे पहले सचेत होने की आवश्यकता है. इसके लिए वर्कशॉप के इतर जो असली काम होना है, वो गांव में, गांव के लोगों के द्वारा ही किया जा सकता है. जंगल के साथ रहनेवाले लोग ही इसे बचाने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकते हैं। मौके पर बोकारो के डीएफओ रजनीश कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन कार्य योजना के तहत राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन के लिए रणनीतिक ज्ञान मिशन (एनएमएसकेसीसी) संचालित होता है. इसकी शुरूआत साल 2008 में हुई थी. इसका उद्देश्य है जलवायु परिवर्तन के बचाव के विभिन्न उपायों के बारे में ग्रामीणों को बताया जाए, साथ ही इस संबंध में स्थानीय स्तर पर चल रहे पहल को उनसे समझा जाए। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोगी संस्था असर के मुन्ना झा, इश्तियाक अहमद, एसआईडीएचए के हेमंत कुमार, गुलाबचंद्र, मनीष कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## बीएसएल में विक्रेता विकास कार्यक्रम - 2024 सह औद्योगिक प्रदर्शनी कार्यक्रम का हुआ समापन

बिभा संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट तथा भारत सरकार, एमएसएमई मंत्रालय के झारखंड राज्य स्थित, एमएसएमई-विकास कार्यालय, रांची के संयुक्त तत्वावधान में मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में आयोजित दो दिवसीय "विक्रेता विकास सह औद्योगिक प्रदर्शनी" कार्यक्रम का समापन हुआ . विक्रेता विकास कार्यक्रम - 2024 सह औद्योगिक प्रदर्शनी में 10 सार्वजनिक क्षेत्र एवं सरकारी उपक्रम तथा लगभग 58 सूक्ष्म एवं लघु उद्यम इकाइयों द्वारा स्टॉल लगाए गए थे, जिसमें इकाइयों ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया. लगभग 150 से ज्यादा एमएसएमई उद्यमियों ने तकनीकी सत्र में भाग लिया।



बोकारो स्टील प्लांट के अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) सी आर मिश्रा की अध्यक्षता में कार्यक्रम के दूसरे दिन प्रथम सत्र में सुरेन्द्र शर्मा, सहायक निदेशक, एमएसएमई-विकास कार्यालय, रांची ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया एवं पब्लिक प्रोक्योरमेंट पॉलिसी पर एक प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी. तत्पश्चात ए भट्टाचार्जी, महाप्रबंधक (सामग्री प्रबंधन), ओएनजीसी, बोकारो, मयंक कुमार, सीनियर ऑफिसर, गेल, बोकारो, एस.के. गुप्ता. जीएम (कॉन्ट्रैक्ट्स), मेकॉन लिमिटेड, रांची, अंकित रावल, उप प्रबंधक, सीएमपीडीआई, रांची आदि ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से अपने विभाग के प्रोक्योरमेंट प्रोसेस एवं वेंडर रजिस्ट्रेशन से अवगत कराया. कार्यक्रम के दौरान आयोजित क्रेता-विक्रेता मिलन सत्र एवं तकनीकी सत्र में सेल - बी एस एल, ओएनजीसी - बोकारो, गेल - रांची एवं मेकॉन लिमिटेड, रांची के अधिकारियों ने अपने विभागों द्वारा क्रय किए जाने वाले उत्पादों का पब्लिक प्रोक्योरमेंट पॉलिसी के तहत क्रय प्रक्रिया की जानकारी दी।
कार्यक्रम के आयोजन में आयोजन समिति के सदस्य के रूप में बी एस एल के सामग्री प्रबंधन विभाग के महाप्रबंधक भूपेंद्र सिंह, प्रभात कुमार, राजीव गौतम, पीके ठाकुर, धनञ्जय कुमार तथा प्रबंधक मनोज मंडल की सराहनीय भूमिका थी। प्रेमा जुली होरो, मैनेजर सिडबी एवं सर्वोत्तम, मुख्य प्रबंधक, बैंक ऑफ इंडिया ने एमएसएमई के लिए उपलब्ध ऋण योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया. जिला उद्योग केन्द्र, बोकारो से आए अधिकारी ने झारखंड सरकार की ओर से एमएसएमई के विकास के लिए उपलब्ध योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया तथा उन्होंने प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि तकनीकी विकास के बिना किसी भी उद्योग का आगे बढ़ पाना कठिन है।

## खुलेआम सड़क किनारे फेंक दी गई जरूरत की दवाइयां

बिभा संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो में सड़क किनारे जिस तरह से खुले में जरूरत की दवाइयों को फेंक दी गई इससे पता चलता है कि कितना बेपरवाह होकर इस काम को अंजाम दिया गया है लगभग कई ऐसी जरूरत की दवाइयां है जो पैकेट के पैकेट सिरप की बोतले जो कभी खुली नहीं ढक्कन पैक दवाइयां है बड़ी क्वांटिटी में खुले में फेंक दी गई बोकारो के चास अंतर्गत फोरलेन किनारे बड़ी मात्रा में फेंकी गई बहुत सारी दवाइयां एक्सपायरी हो चुकी है तो वही कई सारी दवाईयों पर एक्सपायरी से कुछ महीने बाकी हैं जिस तरह से दवाओं को फेंका गया है खुले में इस तरह से बड़ी मात्रा में दवाइयां फेक देना अपराध की श्रेणी में आता है जिसको लेकर जिले के डीआई को भी इसकी जानकारी दी गई जानकारी पाते ही डीआई पुतली बिलुंग तुरंत इसकी जांच करने पहुंच गई और फेंके हुए दवाओं का सैंपल लेकर इसकी जांच करने की बात कही है उन्होंने कहा इसके बाद इसको डिस्पोज कर दिया जाएगा जांचों उपरांत जो भी दोषी पाये जाएंगे उस पर उचित कार्रवाई की







जाएगी वही बोकारो सिविल सर्जन ने बताया कि दवाइयां फेंकी गई है यह गलत है यह देखना है की दवा सरकारी है या प्राइवेट है ड्रग इंस्पेक्टर इसकी जानकारी भली भांति दे सकते हैं।

## इलेक्ट्रो स्टील वेदांत के मजदुर का दूसरे दिन भी धारणा जारी



बिभा संवाददाता

**बोकारो।** इलेक्ट्रो स्टील वेदांत के डी आई पी में कार्यरत मजदूर वेतन वृद्धि सहित 10 सूत्री मांगों को लेकर चल रही अनिश्चितकाल धरना दूसरे दिन भी गुरुवार को भागाबांध कुम्भाटांड़ फुटबॉल मैदान में जारी रही। कार्यरत मजदुरो ने कहा कि प्रबंधन वर्ता मे शतप्रतिशत मांगो को स्वीकार करतीहै लेकिन मांगो को आजतक पुरा नही करती है। सिर्फ़ आश्वासन ही देती है। पुर्व मे प्रथम वर्ता 29 जनवरी 24, दुसरी वर्ता 28 जुन 24, तीसरा वर्ता 10 अक्टूबर 24 को कंपनी के सभा कक्ष व सियालजोरी थाना परिसर में हुआ था। जो आज तक पुरा नही किया गया। वाध्य हो कंपनी प्रबंधन की गलत निति के विरोध में अनिश्चित काल धरना पर बैठे है। यदि प्रबंधन समय रहते मांगो को पुरा नही करती हैं तो उग्र आंदोलन तथा आरपार की लड़ाई होगी। डीआईजी म एक हजार मजदुर कार्यरत हैं जो धरना पर बैठे है।

## ग्रामीण फुटबॉल प्रतियोगिता में भर्रा एलेवन ने फुटबॉल क्लब बांधगोड़ा को रौंदा

**बोकारो।** बीएसएल सीएएसआर व खेल विभाग की ओर से बोकारो स्टील ग्रामीण फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन गुरूवार को मोहन कुमार मंगलम स्टेडियम में किया गया। प्रतियोगिता के पहले मैच में एनएससी क्लब करहरिया की टीम ने आर्मी ब्वायज क्लब तांतरी की टीम को एकमात्र गोल से पराजित किया। जिसमें एकमात्र गोल खेल के 31 मिनट पर प्रदीप मुर्मू ने किया। दूसरे मैच में बीबी फुटबॉल क्लब रितुडीह बनाम फुटबॉल क्लब तांतरी साउथ के बीच खेला गया। निर्धारित समय तक गोल नहीं होने से मैच ड्रा हो गया। जिसके बाद टाई ब्रेकर की सहायता से फुटबॉल क्लब तांतरी साउथ की टीम ने बीबी फुटबॉल क्लब रितुडीह को 3 के मुकाबले 4 गोल से पराजित किया। तीसरे मैच में भर्रा एलेवन की टीम ने फुटबॉल क्लब बंधगोड़ा की टीम को शून्य के मुकाबले 8 गोलों से रौंद दिया।

## बोकारो में अमित शाह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन, कांग्रेस ने की माफी की मांग

बिभा संवाददाता

**बोकारो।** जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष उमेश प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में बिरसा चौक नया मोड़ बोकारो में भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जी पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा राज्यसभा में बेहद आपत्तिजनक और अपमानजनक टिप्पणी करने के विरोध में बोकारो कांग्रेसजनों द्वारा पुतला दहन करते हुऐ जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया। मौक़े पर श्री गुप्ता विरोध प्रदर्शन करते हुए कहा कि अमित शाह ने सांसद में जो कहा, वह बेहद निंदनीय हैं,बोकारो जिला कांग्रेस कमिटी कड़ी शब्दों में निंदा करते हैं। उन्होंने दलितों और देश के नायक का अपमान करने और मख़ौल उडाने कि कोशिश की। हमारा देश आजादी का 75वॉ साल मना रहा हैं, जिसके ऊपर हो रही



चर्चा में देश के गृह मंत्री अमित शाह जी बाबासाहेब अम्बेडकर के लिए बेहद अपमानजनक बातें कर रहे हैं। अमित शाह ने कहा आप लोग जितनी बार अम्बेडकर का नाम लेते हैं, इतनी बार अगर भगवान का नाम लेते तो आपको सात जन्मो तक स्वर्ग मिल जाता। बीजेपी आरएसएस के लोग संविधान को नहीं मानते हैं। ये लोग मनुस्मृति को मानने वाले लोग हैं, क्योंकि उसी में स्वर्ग-नर्क और जातियों के बारे में कहा और लिखा गया हैं। बाबासाहेब के लिए की गईं बाते अपराध हैं, जिसके लिए देश उनसे माफ़ी की उम्मीद करता हैं।लेकिन बजाए माफ़ी मांगने के मोदी सरकार और पूरा तंत्र उन्हें बचाने में लगा हुआ हैं। बाबासाहेब जी का अपमान करने वाले अमित शाह को बचाने के लिए खुद नरेंद्र मोदी मैदान में उतर आए। बाबा साहेब पर गृह मंत्री की अपमानजनक टिप्पणी को देश न भूलेगा, न बर्दाश्त करेगा। अमित शाह को माफ़ी मांगनी ही होगी!

## सहयोगिनी ने किया बाल हितैषी पंचायत बनाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम

बिभा संवाददाता

**बोकरो।** ग्राम पंचायत विकास योजना और उसमें बाल देखरेख विषयक मुद्दों के लेकर सहयोगिनी द्वारा कसमार प्रखंड में जागरूकता का कार्य किया जा रहा है। इस संबंध में सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर ने बताया कि ग्राम पंचायत स्तर पर बनने वाले योजना में जीपीडीपी के तहत बाल हितैषी योजनाओं को शामिल किया जाना जरूरी है। उन्होंने बताया कि गांव स्तर पर किशोरी तथा महिला समूह के बीच बैठक कर इससे संबंधित जागरूकता का कार्य किया जा रहा है। साथ ही पंचायत प्रतिनिधियों के साथ भी संपर्क पर योजना में बाल हितैषी शामिल करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जीपीडीपी अर्थात ग्राम पंचायत विकास योजना ग्राम स्तर पर



आर्थिक विकास और सामाजिक न्याय के लिए तैयार की जाने वाली योजना है। जिसके तहत ग्राम पंचायत स्तर पर उपलब्ध संसाधनों का बेहतर एवं कुशल प्रबंधन सुनिश्चित करना, समग्र एवं समेकित विकास, जिसमें न केवल अधोसंरचनात्मक विकास बल्कि सामाजिक, आर्थिक एवं वैयक्तिक विकास शामिल हो, समुदाय को निर्णय लेने हेतु सक्षम बनाना तथा आवश्यकताओं का चिन्हीकरण एवं प्राथमिकीकरण, सहयोगी नियोजन एवं संसाधनों का अभिसरण सुनिश्चित करना, निर्धनों की आजीविका, निर्धनता एवं सामाजिक सुरक्षा प्रमुखता से सम्मिलित करते हुए अनुसूचित जनजाति व अनुसूचित जाति के कल्याण को प्राथमिकता देना, सतत विकास लक्ष्यों का स्थानीयकरण करना है। इस संबंध में सहयोगिनी की समन्वयक कुमारी किरण ने कहा कि पंचायत दर पर जागरूकता कर बताया जा रहा है लिंग के आधार पर गर्भपात न हो, बाल विवाह न हो, कोई घरेलू हिंसा नहीं हो, नियमित वीएचएनडी का आयोजन और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं मिले, स्कूलों में पौष्टिक मिड डे मील, आपातकालीन तैयारी, स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल और अपशिष्ट प्रबंधन, संचारी रोगों की रोकथाम हेतु उपाय, पी एच सी / सी एच सी/ स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्रों में टेलीमेडिसिन सुविधा, जानवरों के काटने और अन्य दुर्घटनाओं के मामले में आपातकालीन सेवाएं, विकलांगता की प्रारंभिक पाहचान और प्रबंधन होना जरूरी है। सहयोगिनी की एनिमेटर प्रतिमा सिंह ने बताया कि पंचायत को बोल हितैषी बनाने के लिए स्कूली बच्चों के लिए साइबर अपराध और मादक द्रव्यों के दुष्प्रभाव पर कार्यक्रम करना, स्कूल/कॉलेज जाने वाली लडकियों के लिए सुरक्षित आवागमन की व्यवस्था, जीपीडीपी में आजीविका के अवसरों को बढ़ाने में एसएचजी की सहायता को सम्मिलित करना, मानव तस्करी और बाल विवाह को रोकने के उद्देश्य से 18 साल से कम उम्र की सभी लड़कियों का पंजीकरण, महिलाओं की भागीदारी में सुधार के लिए संस्थानों में क्रेच (शिशु देखभाल) और यौन उत्पीड़न रोकथाम समिति, पंचायत के सभी 6 वैधानिक समितियों और महिला सभा मे नियमित आधार पर महिलाओं की भागीदारी करना जरूरी है। कसमार प्रखंड के गरी, दुर्गापुर खैराचातर, बागदा, टांगटोना, सोनपुरा तथा पोंडा पंचायत में इससे संबंधित कार्यक्रम में सूर्यमणि देवी, रेखा देवी, विनीता देवी, संगीता देवी शामिल है।

## बीएसएल के पानी कनेक्शन काटने के विरोध में सड़क जाम

बिभा संवाददाता

**बोकारो।** पानी की मांग को लेकर सेक्टर 12 के पास लोगो ने किया सड़क जाम। बीएसएल के द्वारा पानी के पाइप लाइन की मरम्मत को लेकर पानी के कनेक्शन को काटे जाने के विरोध में किया जाम। बोकारो के सेक्टर 12 थाना क्षेत्र के दूंदीबाग से पुलिस लाइन की और जानेवाली सड़क को किया जाम। इस दौरान हंगामा भी खूब देखने को मिला। झुग्गी झोपड़ी वालो की मांग बीएसएल हमे पानी दे नही तो आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान कई गाड़ी और बाइक सवार पार होना चाहा जिसके साथ जाम कर रहे लोगो ने हंगामा किया। एक स्कूटी सवार महिला अपने बच्चे के साथ जाम स्थल पर सड़क पार करने की कोशिश की जिसके साथ



भी जाम कर रहे लोगो के साथ धक्का मुक्की हो गई। जाम स्थल पर गाड़ियों की लंबी कतार लग गई तो कई स्कूल बस भी जाम में फंस गए लेकिन बोकारो पुलिस नदारत दिखी। जाम के कारण लोगो को दो चार होना पड़ रहा है। स्थानीय महिला ने कहा की हम सेक्टर 12 में झुग्गी झोपड़ी में रहते है जहां बोकारो स्टील प्रबंधन ने हमारा पानी का कनेक्शन काट दिया है। उन्होंने कहा की हमे पानी,बिजली जैसे मूलभूत जरूरतों को बीएसएल प्रबंधन के द्वारा दिया जाय, चाहे इसके लिए प्रबंधन पैसे ही क्यों न ले। हम पैसे देने के लिए तैयार है।

## संक्षिप्त खबरें

### जय श्रीराम समिति के नेतृत्व में सैकड़ों सनातनियों ने की धार्मिक यात्रा

**लोहरदगा/बिभा संवाददाता।** जय श्रीराम समिति के नेतृत्व में धार्मिक यात्रा सोनमेर मंदिर, देवड़ी मंदिर,सूर्य मंदिर एवं दशम फॉल जाने के लिए सैकड़ों भक्त सुबह 7 बजे निकले। सोनमेर मंदिर में पूजा अर्चना के बाद यात्रा तमाड़ के देवड़ी मंदिर के लिये निकले। देवड़ी मंदिर में सोलह भुजी मां दुर्गा की पूजा अर्चना के बाद सभी



बुंडू स्थित सूर्य मंदिर में पूजा अर्चना कर लोहरदगा जिला समेत सभी सनातनियों के लिए सुख शांति की कामना की। साथ ही झारखंड की खूबसूरती और मनोरम स्थली दशम फॉल की मनमोहक वादियों का नजारा देख लोग गदगद हुए। नगर अध्यक्ष दीपक साहू ने कहा समिति के द्वारा साल में दो बार तीर्थ स्थलों के दर्शन के लिये धार्मिक यात्राएं आयोजित की जाती है। इस तरह का भक्ति यात्रा से लोगों में धर्म-संस्कृति को जानने एवं समझने साथ ही आपसी सौहार्द की भावना जागृत होती है और पूरा शहर का वातावरण भक्तिमय होता है। समिति के द्वारा भक्तों को फल और पानी की व्यवस्था की गयी थी।

### 19 से 24 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर अभियान

**खूँटी/बिभा संवाददाता।** सुशासन सप्ताह - प्रशासन गांव की ओर 2024 अभियान के तहत वृहस्पतिवार को सभी प्रखंड में शिविर के माध्यम से आमजनों ने अपनी समस्याओं को दर्ज कराया। इस दौरान कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान भी किया गया। उल्लेखनीय है कि 19 से 24 दिसंबर तक सभी प्रखंड में



सुशासन सप्ताह- प्रशासन गांव की ओर 2024 अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के दौरान स्थानीय प्रशासन द्वारा ग्राम स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में राजस्व, समाज कल्याण, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य विभागों से संबंधित समस्याओं का निपटारा किया जा रहा है। यह अभियान सुशासन को जमीनी स्तर तक पहुँचाने और पारदर्शी एवं प्रभावी प्रशासन सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वहीं बताया गया कि जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तर पर आवेदनों का निष्पादन शत प्रतिशत सुनिश्चित किया जाएगा। साथ हीं 23 दिसंबर को जिला में कार्यशाला का भी आयोजन किया जाएगा।

### एक देश- एक चुनाव जेपीसी में प्रियंका, सुखदेव भगत भी शामिल

**लोहरदगा/बिभा संवाददाता।** लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ करने के प्रावधान वाले विधेयक पर विचार करने के लिए गठित होने वाली संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) में कांग्रेस की ओर से प्रियंका गांधी, मनीष तिवारी, लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत और रणदीप सिंह सुरजेवाला को शामिल



किया गया है। लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत को इतने बड़े कमेटी में शामिल किया जाना लोहरदगा ही नहीं वरन पूरे राज्य के लिए खुशी की बात है। सुखदेव भगत नए संसद के रूप में अपने प्रतिभा और अपने मेहनत से बहुत ही कम समय में राष्ट्रीय नेता के रूप में अपनी पहचान बना ले रहे हैं । लगातार उन्हें कांग्रेस पार्टी की ओर से टीवी डिबेट में कांग्रेस के पक्ष को रखने के लिए भेजा जा रहा है ।टीवी डिबेट में तार्किक ढंग से अपनी बातों को रखते हैं जिसके कारण राष्ट्रीय स्तर पर उनकी पहचान एक अच्छे वक्ता के रूप में हो रहा है। संविधान के 75 वर्ष होने पर लोकसभा में संविधान पर होने वाले चर्चा में भाग लेकर सुखदेव भगत ने अमिट छाप छोड़ने का काम किया।

### सम्पूर्ण शिक्षा कवच कार्यक्रम में छात्रों ने किया डेयरी प्लांट का शैक्षणिक दौरा

**खूँटी/बिभा संवाददाता।** सम्पूर्ण शिक्षा कवच कार्यक्रम के अंतर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, कर्रा की 46 छात्राओं ने वृहस्पतिवार को ओसम डेयरी प्लांट का शैक्षणिक दौरा किया। उपायुक्त ने इस यात्रा के महत्व पर कहा कि, छात्राओं को व्यावहारिक शिक्षा और प्रेरणा देने के लिए भविष्य में भी ऐसी शैक्षणिक यात्राओं की योजना बनाई जाएगी।




ये दौरे न केवल उनके ज्ञान को बढ़ाएंगे बल्कि उन्हें अपने भविष्य को लेकर एक नई दृष्टि और आत्मविश्वास विकसित करने में सहायता करेंगे। इस दौरे में छात्राओं ने डेयरी प्रक्रिया जैसे पाश्चराइजेशन, गुणवत्ता परीक्षण और अन्य वैज्ञानिक प्रक्रियाओं का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया। पहली बार, छात्राओं ने विज्ञान के सिद्धांतों को किताबों से बाहर वास्तविक रूप में देखा। डेयरी प्लांट के अधिकारियों ने छात्राओं का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें विभिन्न प्रक्रियाओं को विस्तार से समझाया। इस शैक्षणिक यात्रा ने छात्राओं को उनके पाठ्यक्रम से परे जाकर औद्योगिक और वैज्ञानिक प्रक्रियाओं को जानने-समझने का अवसर प्रदान किया। इस कार्यक्रम के तहत न केवल शैक्षणिक गतिविधियाँ बल्कि छात्राओं के समग्र विकास के लिए तकनीकी और व्यावसायिक प्रशिक्षण भी शामिल हैं। यह दौरा छात्राओं के लिए न केवल एक शैक्षणिक अनुभव था बल्कि उन्हें नई संभावनाओं की ओर प्रेरित करने का एक प्रयास भी। इस प्रकार की पहल छात्राओं को उनके भविष्य के लिए तैयार करने में मील का पत्थर साबित हो रही है।

# लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी ने अमित साह का पुतला फूंका

बिभा संवाददाता



**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में देश के गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा विगत 17 दिसंबर को देश के सर्वोच्च पंचायत राज्यसभा में भारत रत्न भारतीय संविधान के निर्माता डॉक्टर बी आर अंबेडकर के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर गृह मंत्री अमित शाह से इस्तीफा की मांग एवं देशवासियों से सार्वजनिक माफी की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन से जिला अध्यक्ष सुखेर भगत के नेतृत्व में कांग्रेसियों द्वारा शहर के पावरगंज चौक में अमित शाह का पुतला दहन किया गया। मौके पर जिला अध्यक्ष सुखेर भगत ने कहा कि गृह मंत्री के द्वारा बी आर अंबेडकर के प्रति दिया गया बयान बेहद आपत्तिजनक और अपमानजनक है यह टिप्पणियां न केवल भारत के महानतम नेताओं में से एक की अद्वितीय विरासत का अपमान है बल्कि उन करोड़ों भारतीयों का भी घोर अपमान है जो उन्हें भारतीय संविधान के निर्माता सामाजिक न्याय के प्रणेता के रूप में सम्मान देते हैं। एक संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति के द्वारा इस तरह का बयान बेहद अपमानजनक है और हमारे गणतंत्र की नींव को कमजोर करने का खतरनाक प्रयास है डॉ आंबेडकर समानता ,न्याय, और हमारे संविधान के निहित लोकतांत्रिक सिद्धांतों के प्रतीक है। उनके नाम को कलंकित करने का कोई भी प्रयास इन मूल्यों का अपमान है। और हमारे देश की सामाजिक सद्भावना के लिए खतरा है। डॉ आंबेडकर की इस विरासत के इस घोर अपमान की हम सभी कांग्रेसी सामूहिक रूप से निंदा करते हैं।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से कार्यकारी अध्यक्ष शकील अहमद, प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, एन एस यू आई के प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव रीना कुमारी भगत, अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष सगीर अंसारी, मोहन दुबे, मुजम्मिल अंसारी कुणाल अभिषेक नुसरत अंसारी परवेज़ कुरैशी असलम अंसारी जियाउल अंसारी शंभू प्रजापति सोनू कुरैशी विनोद सिंह खरवार नूर मोहम्मद,रफीक अंसारी सनीयारों उरांव, सुशीला देवी बबिता देवी, संतोषी उरांव नेहाल अहमद, शरीफ अंसारी, हरि भगत, रोशन राम, विकास राम परभयाज्योत सिंह राठौड़ साद गौहर, अमन अहमद सैयद साद तौसीफ राजा कैफ अहमद, परवेज़ अंसारी सफीक अंसारी समेत काफी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

## कांग्रेस ने शाह का पुतला दहन कर मांगा इस्तिफा



बिभा संवाददाता

**खूँटी।** अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के निर्देश पर वृहस्पतिवार की शाम को केन्द्र के भाजपा सरकार के मंत्री अमित शाह द्वारा संविधान निर्माता स्व. भीमराव अम्बेडकर के ऊपर टिप्पणी के विरोध में खूँटी के भगतसिंह चौक में पुतला दहन किया गया। जिसमें खूँटी के कांग्रेस जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा की अगुवाई में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने गृहमंत्री अमित शाह के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। इस पुतला दहन कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष ने कहा कि हमेशा से कांग्रेस पार्टी संविधान की हितैषी है और रहेगी संविधान निर्माता स्व. भीमराव अंबेडकर पर की गई अशोभनीय टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जा सकती रवि मिश्रा ने कहा तुरंत अमित शाह को अपने अमर्यादित टिप्पणी के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए अन्यथा कांग्रेस पार्टी चुप नहीं बैठेगी। मौके पर, वरिष्ठ कांग्रेसी देवजीत देवघरिया ने कहा कि ऐसा कहना कि अम्बेदकर अम्बेदकर जितना कह रहे हैं उतना श्रीराम का नाम कांग्रेसी कार्यकर्ता ले तो उन्हें स्वर्ग की प्राप्ति हो जायेगी। ऐसा बयान अच्छा नहीं है। उन्हें संविधान निर्माता के बारे बोल। वे अपने पद से इस्तीफा दे यह हमारी मांग है। इस कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष सुशील सांगा, आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष विलसन तोपनो, फुलचंद टुटी, शशिकांत होरो, पौलुस पुर्ती, गोपाल भगत, जयसिंह नाग, अनमोल होरो, एडवर्ड हंस, फिरोज आलम, सयूम अन्सारी, जमील अख्तर, शब्बीर अंसारी, उस्मान खान, जुनैद अंसारी, मो फिरोज आलम, जेम्स तोपनो, जुलीयूस कन्डुलना, सुनीता गोप, शांता खाखा, हेलेन होरो, सुषमा भेंगरा आदि कई लोग शामिल थे।

### एक देश एक चुनाव बिल भारतीय लोकतंत्र को करेगा मजबूतः ओम

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश कार्य समिति सदस्य तथा वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश सिंह ने एक देश एक चुनाव बिल केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल द्वारा लोकसभा में पेश किए जाने का स्वागत करते हुए इसे भारतीय लोकतंत्र को मजबूत करने के भाजपा सरकार के द्वारा उठाया गया एक बड़ा कदम बताया है, उन्होंने कहा है कि यह भारतीय संविधान के मूल अवधारणा को और अधिक सुदृढ़ करेगा, यह 129 वां संविधान संशोधन विधेयक न्यायिक समीक्षा, संविधान का संघीय चरित्र, तथा संविधान की सर्वोच्चता जैसे सिद्धांतों का पूरा ध्यान रखकर तैयार किया गया है, इस विधायक के लागू होने से देश के ऊपर हो रहे चुनाव के खर्चों के साथ समय की भी बचत होगी, तथा विकास के कार्य निर्वाध रूप से जारी रहेंगे, उनहोंने विपक्ष पर इस पर राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि उसका नकारात्मकता, सरकार के देश को आगे लाने के प्रयासों पर पानी फेरने का कार्य कर रही है।

## किसानों को दो बैल खरीदारी करने के लिए बनेगा एसओपी : शिल्पी तिर्की



बिभा संवाददाता

**खूँटी।** जिले के प्रसिद्ध जलटंडा साप्ताहिक हाट पशु बाजार के नाम से प्रचलित है। जहाँ से दूर दूर तक गाय बैल बकरी खरीद बिक्री करने लोग जलटंडा बाजार में जाते हैं। इस बाजार से गोवंश तस्करी करके बंगाल ले जाने की भी चर्चा होती रहती है। झारखंड सरकार अब एसओपी बनाने की बात कह रही है। ताकि दो मवेशियों को कृषि कार्य के लिए ले जा रहे लोगों को कानूनी प्रक्रिया का दिक्कत न हो। जहाँ झारखंड सरकार की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कर्रा प्रखंड अंतर्गत ग्राम जलटंडा के प्रसिद्ध जलटंडा पशु बाजार का निरीक्षण किया। मौके पर पशुओं की बिक्री करने का तौर तरीका को देखा और किसानों तथा अन्य लोगों से बात की। वहीं कृषि बताया कि कृषि कार्य के लिए पशुओं की बिक्री होना चाहिए उन्होंने कहा कि पशुधन कृषकों के लिए सहयोगी होता है किसान पशुओं की सहायता से कृषि कार्य करते हैं। वहीं जलटंडा बाजार गाय, बैल, मवेशी, बकरी आदि की बिक्री का एक अच्छा बाजार है जहाँ कृषकों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। जिसमें खेती के लिए मवेशी ले जा रहे किसानों को पुलिस तंग नहीं करेगी मानक संचालन प्रक्रिया के साथ ऐसा कानून बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि खेती करने वाले किसानों को मवेशी की जरूरत पड़ने पर दिक्कतों का सामना करना पड़ता है लेकिन अब एस.ओ.पी. यानी मानक संचालन प्रक्रिया के तहत सरकार उनका चालान मुहैया कराएगी।

## खेलकूद के आयोजन से बच्चों की प्रतिभा में आती है निखारः बीडीओ

बिभा संवाददाता



**लोहरदगा।** यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल नौडीहा भंडरा लोहरदगा में वार्षिक खेलकूद का उद्घाटन भंडरा प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी के द्वारा किया गया वार्षिक खेलकूद का उद्घाटन स्कूल के निदेशक श्री बैद्यनाथ कुमार पांडे एवं प्रतिमा कुमारी के द्वारा बैडमिंटन खेल कर किया गया इससे पहले विद्यालय के निर्देशक ने पुष्पगुछ एवं माला पहनाकर अतिथियों का सम्मानित किया यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल में हर वर्ष वार्षिक खेलकूद का आयोजन किया जाता है विद्यालय में बच्चों को चार हाउस अचीवर गैलेक्सी डिस्कवर एवं एडवेंचर नाम से बनाया गया है इस खेलकूद से प्रतियोगिता में क्रिकेट बैडमिंटन के साइकिल रेस इत्यादि का आयोजन किया जाता है अंतिम दिन जीते हुए प्रतिभागियों को गोल्ड सिल्वर एवं बैच मेडल से सम्मानित किया जाएगा इस अवसर पर उन्हें काफी हर्ष एवं गर्व महसूस हो रहा है ग्रामीण क्षेत्र में इस प्रकार का खेलकूद के आयोजन से बच्चों का प्रतिभा में निखार आता है वह भी जब सीमित संसाधन हो उन्होंने बच्चों के साथ अपने स्कूल के दिनो को भी साझा किया ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी खेलकूद के आयोजन कर के काफी हर्ष एवं गर्व महसूस हो रहा है उन्होंने कहा कि जिस प्रकार पढ़ाई में हर विषय पढ़ना जरूरी है इस प्रकार जीवन में सफल होने के लिए स्वस्थ शरीर का होना भी आवश्यक है क्यों कि क्यों कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ का वास होता है अपने संबोधन में श्री पांडे जीने कहा की हर वर्षके हुए समाज के जाने मैन व्यक्तियों एवं पदाधिकारीको आमंत्रित करते हैं ताकि बच्चों का उत्साहवर्धन हो सके इस कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के उप प्राचार्य रमेश शर्मा, सपोर्ट इंचार्ज मनोज राय, जेवा प्रवीण रामलाल महतो, मुसद्दीक अंसारी, रेखा पलक, कामिनी चंद्र किशोर, राहुल, नूतन, सिमरन, मनीषा शर्मा, मनीषा काजल, इत्यादि लोगों का योगदान रहा।

## कांग्रेस केवल राजनीतिक करती है विकास नहीं : नीलकंठ सिंह मुंडा

बिभा संवाददाता

**खूँटी।** जहां एक ओर गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा लोकसभा सदन में कहे गए बातों को कांग्रेस पार्टी अपमान की भाषा बतला रही है तो वहीं झारखंड राज्य भर में कांग्रेस पार्टी ने विरोध का आवाहन किया। जिस पर भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा ने कांग्रेस पार्टी को अमित शाह के बयान मामले पर कहा कि कांग्रेस केवल राजनीतिक करती है विकास और जनता को लाभान्वित करना नहीं। वहीं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा ने इसे राजनीति करार दिया है। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि सभी जानते हैं कि देश के लिए बना कानून को कोई बदल नहीं सकता है। लेकिन कांग्रेस पार्टी को केवल और केवल राजनीति करना आता है। देश और समाज कांग्रेस को कोई नाता रिश्ता नहीं है।



उनको विकास और राज्य के साथ किए गए वादों का कोई ख्याल नहीं बल्कि केवल कांग्रेस पार्टी राजनीति करना जानती है। राज हित से उन्हें कोई नाता रिश्ता नहीं है। नीलकंठ मुंडा ने कहा कि राज्य के लोगों के साथ उन्होंने जो वादा किया था उसको पूरा करने के बजाय केवल राजनीति करने में लगी है।

## जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक

बिभा संवाददाता

**खूँटी।** समाहरणालय खूँटी के कार्यालय कक्ष में वृहस्पतिवार को उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक की गयी। बैठक के दौरान जिला अंतर्गत सितंबर 2024 क्वाटर में केसीसी योजना, पीएमईजीपी की उपलब्धि, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, सिडी रेशियो, एनपीए, स्वयं सहायता समूहों (SHG) को सहायता सहित अन्य कार्यों के अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं किसान क्रेडिट कार्ड, महिला स्वयं सहायता समूह की क्रेडिट लिंकेज, पीएमईजीपी की उपलब्धि, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना आदि की गहन समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त ने बैंकों को



समयबद्ध तरीके से लक्ष्य पूरे करने और जिले में वित्तीय सेवाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, कृषि ऋण जैसी योजनाओं पर ध्यान केंद्रित करने की बात कही। बैठक में जिले के सभी बैंकों के प्रबंधक , प्रतिनिधि नाबार्ड के प्रतिनिधि, अग्रणी जिला बैंक प्रबंधक, जिला मत्स्य पदाधिकारी सहित जिले के विभिन्न बैंकों के प्रबंधक शामिल थे।

### कदमा में प्रशिक्षित किसानों को उपायुक्त ने किया सम्मनित

**खूँटी।** कदमा स्थित कटहल प्रोसेसिंग यूनिट में प्रशिक्षित फार्मर्स प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन के किसानों को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने कार्यक्रम के दौरान कटहल प्रोसेसिंग यूनिट में तैयार होने वाले उत्पादों की गुणवत्ता पर कहा कि यह यूनिट न केवल किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बना रही है, बल्कि स्थानीय उत्पादों को बाजार तक पहुँचाने में भी अहम भूमिका निभा रही है। उन्होंने एफपीओ के किसानों को उनकी मेहनत और प्रशिक्षण के प्रति प्रतिबद्धता के लिए बधाई दी। कटहल प्रोसेसिंग यूनिट के माध्यम से कटहल के विभिन्न उत्पादों का उत्पादन किया जा रहा है, जिन्हें बाजार में अच्छी मांग मिल रही है। इस मौके पर उप विकास आयुक्त समेत जिले के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे, काफी संख्या में किसानों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# एक सप्ताह में जिलेवासियों को मिलेगा कम्बल : उपायुक्त

बिभा संवाददाता



**खूँटी।** जिले में कड़ाके की ठंड से ग्रामीण त्रस्त हैं। वहीं सुबह व शाम की दिनचर्या में भी जाड़े के कारण लोगों ने बदलाव कर दिया है। वहीं जाड़े से बचने के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं रहने के कारण लोग लकड़ी जलाकर अलावा का सहारा ले रहे हैं। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक वर्ष जाड़े से बचने के लिए देहातों में कम्बल वितरण किया जाता रहा है लेकिन आधा जाड़ा बीत जाने के बावजूद इस बार कम्बल वितरण तक नहीं हुआ। वहीं खूँटी उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने बताया कि अभी तक जिला प्रशासन कंबल वितरण नहीं कर पायी है लेकिन अभी योजना बनी है एक सप्ताह के अंदर कंबल बाँट दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि कंबल पहले पंचायत तक जाती थी लेकिन इस बार जिले में ही कंबल आएगी और जिला केंद्र से ही पंचायतों में सुयोग्य व्यक्ति तक कंबल पहुंचेगी। खूँटी में लोगों को सुबह में उठना मुश्किल लग रहा है वहीं शाम होते ही घरों में लोग अलाव लेकर बैठ जा रहे हैं। जाड़े के मौसम में सुबह टहलने के लिए भी कम लोग निकल रहे हैं। राजेश प्रसाद ने बताया कि ठंड बढ़ गई है धूप नहीं रहने तक काफी दिक्कत होता है काफी ठंड है। जब धूप उगेगी तभी शरीर को कुछ राहत मिलेगा। ठंड बढ़ने से सभी को परेशानी है। सतनारायण ठाकुर ने बताया कि ठंड भरने से सीनियर सिटीजन को काफी सोचने वाली बात है ज्यादा बढ़ने से देर से हम टहलने निकल रहे हैं। पहले तो 4:00 भर में ही निकल जाते थे लेकिन अब देर से निकलते हैं। वहीं विद्यार्थियों को भी विद्यालय जाने में समस्या होने लगी है। जबकि आंगनबाड़ी केंद्र में दस बजे भी बच्चों की संख्या नगण्य रहती है।

### भाजपा का संगठन महापर्व संगठन अभियान को लेकर अड़की में बैठक

**खूँटी।** अड़की प्रखंड के सिंदरी गाँव में भारतीय जनता पार्टी अड़की मंडल के मंडल अध्यक्ष परशुराम दास के अध्यक्षता में संगठन महापर्व संगठन अभियान सत्र 2024 _2030 को लेकर बैठक की गयी। जिसमें कार्य कर्ताओं को 88 00 00 202 4 नंबर में फोन के माध्यम से सदस्य बनने के लिए दिशा निर्देश दिया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से संगठन अभियान सत्र के मंडल प्रभारी जिला के उपाध्यक्ष जगन्नाथ मुंडा, भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष संजय मुंडा उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए इस विधानसभा चुनाव में हार की समीक्षा की गई। साथ ही अपने मंडल पंचायत में संगठन अभियान के तहत अधिक से अधिक सदस्य बनाने का संकल्प लिया गया।

## मुरहू के युवक का सड़क दुर्घटना में मौत, मुहल्ले में पसरा मातम

बिभा संवाददाता

**खूँटी।** मुरहू निवासी डॉ अजय कुमार का 17 वर्षीय बेटा बीरु कुमार वृहस्पतिवार की शाम रांची खूँटी मुख्य सड़क पर दसमाईल के पास सड़क दुर्घटना से मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार, बीरु किसी किम से रांची गया हुआ था और शाम राँची से वापस लौट रहा था। इसी क्रम में दसमाईल स्थित एसके मोटल के समीप एक ट्रक की चपेट में आ गया और बूरी तरह घायल हो गया। वहीं दुर्घटना में बूरी तरह घायल होने के कारण घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। जिसकी जानकारी घर पर मिली तो पूरा माहौल गमगीन हो गया। वहीं मुरहू में इसकी मौत की दुःखद खबर सुनकर शोक की लहर दौड़ गयी। वहीं बताया गया कि घटना के



बाद शव को रिम्स ले जाया गया । जिसके शव को अन्त्यपरिक्षण के बाद मुरहू लाया जाएगा और आज पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

संपादकीय

## मुंबई हादसा : जिम्मेदार कौन

मुंबई के गेटवे ऑफ इंडिया से एलिफेंटा जा रही बोट हादसे का शिकार हो गई जो एक दूसरे से टकरा गई और नाव में 80 यात्री सवार थे. घटना 18 दिसंबर को 3 बजकर 55 मिनट पर हुई. हादसे के बाद 13लोगों की मौत हो गई और तीन लोग अभी लापता हैं और 101 लोग अस्पताल में भर्ती है ऐ प्रशासन की लापरवाही है ना तो क़ोई लाइफ जैकट पहनता था पहने भी तो कैसे दिया जाता ही नहीं जिसकी जाँच करनी चाहिए आखिर लाइफ जैकट इतने गहरे समुद्र में क्यों नहीं अनिवार्य किया जाता है जबकी तालाबों में लाइफ जैकट मिलता है यदि तालाब में नहीं भी मिले तो जान बचाया जा सकता है लेकिन इतना गहरा समुद्र में डूब कर कहाँ जायेगा ऐ बताना मुश्किल है कोस्ट गार्ड के जवान तो ऊपर चक्कर मारते हैं लेकिन डूबने में जब तक बचाने आएंगे तब तक देर हो जाती है जो यात्री सवार थे क्या लाइफ जैकेट पहने थे नहीं तो ऐ प्रशासन की लापरवाही है लाइफ़जैकेट, जिसे पर्सनल फ्लोटेशन डिवाइस (PFD) या बाउंसी वेस्ट के नाम से भी जाना जाता है, उपयोगकर्ता को पानी में तैरता हुआ रखेगा, जिससे उसके बचने की संभावना बहुत बढ़ जाती है। जैसा कि नाम से पता चलता है, यह आपातकालीन स्थिति में आपकी जान बचा सकता है, जिससे आपको बचाए जाने के लिए अधिक समय मिल सकता है अतः मैं भी एक बार गया था देखा छोटी बोट भी चलती है और क़ोई लाइफ जैकेट भी नहीं था जान से इस तरह खेलवाड़ करना लापरवाही है कुल मिलाकर, महासागर काफी गहरा है; हालाँकि, इसका तल समतल या एक समान नहीं है, जिसका अर्थ है कि महासागर में पानी की गहराई भी अलग-अलग होती है। महासागर में सबसे गहरी जगह 10,935 मीटर (35,876 फीट) है और यह प्रशांत महासागर के मारियाना ट्रेंच में चैलेंजर डीप नामक स्थान पर पाई जाती है। चूँकि महासागर एक बड़ा स्थान है और इसका अध्ययन करना कठिन है, इसलिए यदि आप कहीं कहीं महासागर की गहराई का पता लगाना मुश्किल हैं, तो आपको कई तरह के परिणाम मिल सकते हैं। 3,682 मीटर (12,080 फीट) की औसत महासागर गहराई का सबसे हालिया अनुमान 2010 में NOAA और वुड्स होल ओशनोग्राफ़िक इंस्टीट्यूशन के वैज्ञानिकों द्वारा उपग्रह माप का उपयोग करके गणना की गई थी। इन मापों से पता चला कि समुद्र तल पहले से ज्ञात की तुलना में बहुत अधिक ऊबड़-खाबड़ और पहाड़ी है और इसके परिणामस्वरूप औसत महासागर की गहराई पहले की गणना की गई गहराई से कम है।

# नागरिक संहिता: असमानता को दूर करने की औषधि

लेखक



डॉ. सत्यवान सौरभ

(लेखक, कवि, स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तंभकार हैं।)

> धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता, जिसे समान नागरिक संहिता के रूप में भी जाना जाता है, सभी नागरिकों के लिए, चाहे उनकी धार्मिक सम्बद्धता कुछ भी हो, व्यक्तिगत मामलों-जैसे विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और संपत्ति के अधिकार-को नियंत्रित करने वाले कानूनों का एक ही सेट प्रस्तावित करती है। भारत वर्तमान में हिंदू कानून, मुस्लिम कानून (शरिया) और ईसाई कानून सहित धर्म पर आधारित कई व्यक्तिगत कानूनों के तहत काम करता है। धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता का उद्देश्य इन विविध कानूनी प्रणालियों को एक समान संहिता से बदलना है जो सभी नागरिकों पर समान रूप से लागू हो।

भारत में वर्तमान में पूरे देश में धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता लागू नहीं है। इसके बजाय, अलग-अलग समुदायों के लिए विवाह, तलाक, विरासत और गोद लेने जैसे मुद्दों को नियंत्रित करने वाले व्यक्तिगत कानून धर्म के अनुसार अलग-अलग होते हैं। प्रधानमंत्री ने एक धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता की वकालत की है, जो डॉ. अंबेडकर के एकीकृत कानूनी ढांचे के दृष्टिकोण को प्रतिध्वनित करती है। इस आह्वान का उद्देश्य मौजूदा कानूनों के कथित सांप्रदायिक और भेदभावपूर्ण पहलुओं को सम्बोधित करना और कानूनी प्रणाली को एकीकृत करना है। सुप्रीम कोर्ट ने देश को धार्मिक आधार पर विभाजित करने वाले कानूनों को ख़त्म करने के लिए एक धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता की आवश्यकता पर ज़ोर दिया है। हिंदू कोड बिल सिखों, जैनियों और बौद्धों सहित हिंदुओं के लिए व्यक्तिगत कानूनों को संहिताबद्ध और एकीकृत करने के लिए पेश किया गया। गोवा में गोवा सिविल कोड (पुर्तगाली सिविल कोड 1867) के तहत एक समान नागरिक संहिता है, जो धर्म या जातीयता की परवाह किए बिना सभी गोवावासियों पर समान रूप से लागू होती है। उत्तराखंड ने हाल ही में उत्तराखंड समान नागरिक संहिता विधेयक 2024 पारित किया है, जो अनुसूचित जनजातियों को छोड़कर सभी निवासियों पर लागू विवाह, तलाक और विरासत जैसे मामलों के लिए एक समान नागरिक संहिता लागू करता है। समान नागरिक संहिता असमानता को बनाए रखने वाले पुराने व्यक्तिगत कानूनों को हटाकर धर्मनिरपेक्षता



को बनाए रखेगी। यह सभी नागरिकों के लिए समान कानूनी उपचार सुनिश्चित करता है, चाहे वे किसी भी धर्म के हों, एक एकीकृत कानूनी ढांचे को बढ़ावा देता है जो राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देता है। समान नागरिक संहिता व्यक्तिगत कानूनों में निहित भेदभावपूर्ण प्रथाओं को समाप्त करेगी, विशेष रूप से महिलाओं को प्रभावित करने वाली प्रथाओं को। नागरिक कानूनों को मानकीकृत करके, यह सभी के लिए समान अधिकारों और सुरक्षा की गारंटी देगा, सामाजिक न्याय को आगे बढ़ाएगा। यहाँ तक कि एक धर्म के भीतर भी, इसके सभी सदस्यों को नियंत्रित करने वाला एक भी सामान्य व्यक्तिगत कानून नहीं है। उदाहरण के लिए, मुसलमानों के बीच विवाह के पंजीकरण के लिए, कानून जगह-जगह अलग-अलग होते हैं। समान नागरिक संहिता विवाह, तलाक और उत्तराधिकार जैसे नागरिक मामलों पर केंद्रित है, जिसमें धार्मिक प्रथाओं को अछूता रखा गया है। यह दृष्टिकोण अन्य लोकतंत्रों में प्रथाओं के साथ संरेखित है जहाँ धार्मिक स्वतंत्रता के साथ एक समान कानूनी ढांचा मौजूद है। समान नागरिक संहिता भारत के कानूनी ढांचे को सुव्यवस्थित और आधुनिक बनाएगी, जटिल और असंगत व्यक्तिगत कानूनों को सरलीकृत प्रणाली से बदल देगी। इससे कानूनी अनिश्चितता कम होगी और कानूनी खामियों का फायदा उठाने से रोका जा सकेगा। उदाहरण के लिए, सरला मुद्गल बनाम भारत संघ के मामले ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे व्यक्ति कानूनी प्रतिबंधों को दरकिनार करने के लिए व्यक्तिगत कानूनों में अंतर का फायदा उठा सकते हैं। समान नागरिक संहिता को लागू करने से कई व्यक्तिगत कानून विवादों को कुशलतापूर्वक हल करके न्यायपालिका पर बोझ काफ़ी कम हो जाएगा। इससे अन्य महत्त्वपूर्ण राष्ट्रीय मुद्दों को सम्बोधित करने के लिए संसाधन मुक्त होंगे, जिससे समग्र न्यायिक प्रभावशीलता में सुधार होगा। मार्च 2022 तक भारत की अदालतों में लगभग 4.70 करोड़ मामले लंबित हैं, न्यायपालिका लंबित मामलों को निपटाने के लिए संघर्ष कर रही है। वैश्विक धारणाः समान नागरिक संहिता को अपनाने से समानता, धर्मनिरपेक्षता और मानवाधिकारों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करके वैश्विक प्रतिष्ठा को बढ़ावा मिल सकता है। संवैधानिक कर्तव्य की पूर्तिः भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 में कहा गया है कि राज्य सभी नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा। समान नागरिक संहिता धर्म को सामाजिक सम्बंधों और व्यक्तिगत कानूनों से अलग करेगी, समानता सुनिश्चित करेगी और इस प्रकार सद्भाव और राष्ट्रीय एकीकरण को बढ़ावा देगी।

भारतीय कानून पहले से ही कई सिविल मामलों में एक समान संहिता बनाए रखते हैं, जैसे कि भारतीय अनुबंध अधिनियम और सिविल प्रक्रिया संहिता। हालाँकि, राज्यों ने कई संशोधन किए हैं, जिससे धर्मनिरपेक्ष नागरिक कानूनों के भीतर भी विविधता आई है। संविधान के अनुच्छेद 371 (ए) से (आई) और छठी अनुसूची कुछ राज्यों को विशेष सुरक्षा प्रदान करती है, जो पारिवारिक कानूनों में क्षेत्रीय विविधता की मान्यता को दर्शाती है। समवर्ती सूची में व्यक्तिगत कानूनों को शामिल करना इस विविधता की सुरक्षा का समर्थन करता है, जो अनुच्छेद 44 के तहत एकरूपता के लिए दबाव के साथ विरोधाभास को उजागर करता है। समान नागरिक संहिता भारत के बहुलवादी समाज के लिए ख़तरा हो सकती है, जहाँ लोगों की अपने धार्मिक सिद्धांतों में गहरी आस्था है। भारत के 2018 के विधि आयोग ने कहा कि इस स्तर पर समान नागरिक संहिता ₹न तो आवश्यक है और न ही वांछनीय₹ , इस बात पर ज़ोर देते हुए कि धर्मनिरपेक्षता को सांस्कृतिक मतभेदों के शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व को सुनिश्चित करना चाहिए, न कि उन्हें कमज़ोर करना चाहिए।

# वैद्य वेद प्रकाश गोयल की मधुमेह की दवा हुई पेटेंट

लेखक



राम प्रताप मिश्र साकेती



उत्तराखंड की जड़ी-बूटियों का दोहन बाहरी राज्यों के लोग ज्यादा कर रहे हैं लेकिन इस प्रदेश के कुछ लोग ऐसे भी हैं जो जड़ी-बूटियों के माध्यम से लोगों को नवजीवन देने का काम कर रहे हैं। ऐसे ही लोगों में एक नाम वेद प्रकाश गोयल का है जिनकी जड़ी-बूटी को सेंट्रल काउंसिल फॉर रिसर्च इन आयुर्वेदिक साइंस (सीसीआरएएस) द्वारा पेटेंट कर दिया गया है। वेद प्रकाश गोयल उन लोगों से हैं जो घर से ही आयुर्वेदिक दवा बनाकर लोगों को स्वस्थ करने की इच्छा से सेवा करते हुए वर्षों से इस साधना में लगे रहे हैं। आज लगभग 80 वर्ष की उम्र में भी वह आयुष सेवा में जुटे हैं।

आयुर्वेद की दवा का पेटेंट प्राप्त कर चुके वैद्य वेद प्राकश गोयल का कहना है कि लगभग 80 वर्ष की उम्र में भी वे चाहते हैं कि लोग निरोगी रहें। अपना संस्मरण बताते हुए वेदप्रकाश गोयल का कहना है कि उनके माता-पिता की इच्छा थी कि वे डॉक्टर बनें लेकिन ऐसा न हो सका। उसी इच्छा को पूरा करने के लिए उन्होंने आयुर्वेदिक ग्रंथों का अध्ययन किया, जड़ी-बूटियों की पहचान कर उनके गुणों को परखा। समय-समय पर पुराने हकीमों, वैद्यों की शरण में जाकर उनके अनुभवों द्वारा रोगियों के उपचार और जड़ी बूटियों के संगठकों को मिलाकर औषधियां तैयार करने का तरीका सीखा। आज भी इसी परंपरा को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं।

वेदप्रकाश गोयल ने पेटेंट प्राप्त करने के लिए 31 मार्च 2017 को आवेदन किया था और उन्हें पेटेंट मिल गया है। आयुर्वेदिक हर्बल फार्मूलेशन (आयुष-डी) फॉर दी मैंनेजमेंट ऑफ डाइबिटीज नामक आविष्कार के लिए पेटेंट अधिनियम 1970 के उपबंधों के अनुसार 20 वर्ष की अवधि के लिए यह पेटेंट प्रदान किया गया है। कंट्रोलर ऑफ पेटेंट ने अनुदान की तिथि 31 अगस्त 2023 दी है। इसे संयोग कहेंगे कि सीसीआरएएस द्वारा इस वर्ष 11 औषधियों का पेटेंट किया गया है जिसमें 7वीं औषधि आयुष-डी जो डाइबिटीज टाइप-2 के मरीजों के लिए स्वीकृत की गई है। आयुष मंत्रालय की रिसर्च संस्था द्वारा इस दवा को स्वीकार्यता दिया जाना वैद्य वेद प्रकाश ही नहीं, उत्तराखंड के लिए भी काफी महत्वपूर्ण है। इसके लिए विभाग द्वारा वेद प्रकाश गोयल से विधिवत अनुबंध किया गया है।

वेद प्रकाश गोयल ने पहले अस्थमा की दवा बनाई थी लेकिन अब शुगर की दवा का पेटेंट मिलने के बाद अपना विशेष प्रभाव जमाना शुरू कर दिया है। पहाड़ी दवा नाम से बनी इस दवा के बारे में वेद प्रकाश गोयल कहते हैं कि 12 से अधिक जड़ी-बूटियों से निर्मित यह दवा मधुमेह से मुक्ति के लिए सफल मानी गई है। आयुर्वेद को बेहतर चिकित्सा बताते हुए वेद प्रकाश गोयल कहते हैं कि जड़ी-बूटियों में इतनी शक्ति है कि वह बड़े से बड़े रोग में लाभकारी है, साथ ही अन्य दवाओं से अधिक किफायती है। इस दवा को बनाने में उन्हें लगभग 16 वर्ष लग गए हैं लेकिन अब यह दवा शोध संस्थान सीसीआरएएस द्वारा भी लाभकारी पाई गई है।

डॉ. वेद प्रकाश गोयल मानते हैं कि मधुमेह बीमारी नहीं बल्कि बीमारियों का गुच्छा है, इसमें जांच परीक्षण कराते रहने के साथ-साथ चिकित्सक की सलाह आवश्यक है। तनाव मुक्त रहना, सायंकाल व प्रातःकाल घूमना तथा समय पर आवश्यकतानुसार थोड़ा-थोड़ा जल पीते रहना, मधुमेह के रोगियों के लिए अच्छा माना जाता है। पैर, तलुए और पिंडलियों में दर्द महसूस होने पर दर्द निवारक तेल से मालिश के साथ-साथ ऐसे पदार्थ नहीं खाने चाहिए जो शुगर में अच्छे नहीं माने जाते। इनमें आलू, चावल, मीठे पदार्थ आदि शामिल हैं। नाश्ते में गेहूं का दलिया खाना चाहिए वह भी बिना मीठे के। पनीर व अन्य पौष्टिक आहार का प्रयोग करना चाहिए लेकिन यह पदार्थ शुद्ध शाकाहारी होना चाहिए। गोयल अपनी दवा के बारे में बताते हैं कि उनकी दवा चिकित्सकीय परामर्श के मुताबिक दी जाती है और उसके खाने की एक विधि है। इसके लिए वेद प्रकाश गोयल से पल्टन बाजार में अन्य जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## राशिफल

**मेष** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी।

**वृष** अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी।

**मिथुन** अपने संघर्ष में स्वयं के आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। शत्रुओं की पराजय होगी।

**कर्क** उच्चमनोबल रखकर कार्य करें, सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**सिंह** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा।

**कन्या** घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी।

**तुला** शांतिपूर्वक नित्य कार्य करें। संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कलह विवाद का डर बना रहेगा। पारिवारिक तनाव, अलगाव का सामना करना पड़ सकता है।

**वृश्चिक** अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेगें। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे।

**धनु** बुद्धि और धन का दुरूपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है।

**मकर** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी।

**कुंभ** बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा।

**मीन** व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें।

# विपक्षी एकता की दरकती दीवार और बाबा साहेब का अपमान

लेखक



विकास सक्सेना

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

> राज्यसभा की कार्यवाही के बाद कांग्रेस नेताओं ने अमित शाह के राज्यसभा में दिए गए भाषण में से 12 सेकेण्ड की विडियो क्लिप निकाल कर हंगामा करना शुरू कर दिया। भाजपा और मोदी विरोधी तंत्र सोशल मीडिया पर सक्रिय हो गया और यह प्रचारित किया जाने लगा कि अमित शाह ने अपने भाषण के दौरान बाबा साहेब का अपमान किया है। इसके बाद बाबा साहेब के अपमान के मुद्दे पर तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी समेत कई विपक्षी दल सरकार पर हमलावर हो गए।

संविधान अपनाने की 75वीं वर्षगांठ पर संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा में चार दिनों तक लम्बी चर्चा चली। राज्यसभा में चर्चा का जवाब केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दिया। उन्होंने अपने लगभग एक घण्टा 40 मिनट लम्बे भाषण में जिस तरह से तथ्यों और तर्कों को रखा उसने कांग्रेस नेतृत्व को मुंह छिपाना मुश्किल हो रहा था। अमित शाह के भाषण के दौरान राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के अलावा जयराम रमेश, दिग्विजय सिंह जैसे वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मौजूद रहे लेकिन कोई भी नेता दमदारी से अमित शाह के तर्कों का विरोध नहीं कर सका।

राज्यसभा की कार्यवाही के बाद कांग्रेस नेताओं ने अमित शाह के राज्यसभा में दिए गए भाषण में से 12 सेकेण्ड की विडियो क्लिप निकाल कर हंगामा करना शुरू कर दिया। भाजपा और मोदी विरोधी तंत्र सोशल मीडिया पर सक्रिय हो गया और यह प्रचारित किया जाने लगा कि अमित शाह ने अपने भाषण के दौरान बाबा साहेब का अपमान किया है। इसके बाद बाबा साहेब के अपमान के मुद्दे पर तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी समेत कई विपक्षी दल सरकार पर हमलावर हो गए। कांग्रेस के उठाए मुद्दे पर इन दलों की जुगलबंदी के बाद तमाम राजनैतिक विश्लेषक कयास लगाने लगे कि पिछले दिनों विपक्षी एकता में जो दरारें दिख रही थी, वह इस मुद्दे के बाद थम जाएगी। लेकिन बाबा साहेब के अपमान



के मुद्दे पर विपक्षी एकता कायम होने की उम्मीद जताने से पहले दो बिन्दुओं पर विचार करना अपरिहार्य है। पहला यह कि आखिर ममता बनर्जी, लालू प्रसाद यादव, शरद पवार, अखिलेश यादव और दूसरे क्षेत्रीय दलों के नेता कांग्रेस को पीछे क्यों ढकेलना चाहते हैं। दूसरा, बाबा साहेब के अपमान के मुद्दे पर विपक्षी दल कांग्रेस का किस हद तक बचाव कर सकेंगे जबकि ऐतिहासिक तथ्य इस मामले में कांग्रेस को ही कटघरे में खड़ा करते हैं।

दरअसल, राज्यसभा में गृहमंत्री अमित शाह ने जिस आक्रामक अंदाज में कांग्रेस को घेरा, उसने राहुल गांधी के 'संविधान बचाओ' अभियान की पोल खोल कर रख दी। उन्होंने अपने भाषण में ऐतिहासिक तथ्यों के आधार पर सिलसिलेवार तरीके से बताया कि किस तरह कांग्रेस की सरकारों ने देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी और राजीव गांधी तक के कार्यकाल में निजी और राजनैतिक हित साधने के लिए संविधान में बदलाव किए। उन्होंने पहले संविधान संशोधन का जिक्र करते हुए बताया कि इसके जरिए देश के आम लोगों की अभिव्यक्ति की आजादी को छीनने का प्रयास किया गया। इसके बाद इंदिरा गांधी ने अदालत से उनके खिलाफ आए एक फैसले के बाद अपनी कुर्सी बचाने के लिए आपातकाल लगा दिया और देश के नागरिकों के मौलिक अधिकार तक छीन लिए। राजीव गांधी ने तो वोटबैंक के लालच में शाहबानो मामले में उच्चतम न्यायालय के फैसले को ही पलट दिया गया। इसके उलट मोदी सरकार ने पिछले दस साल के शासनकाल में संविधान में जो भी संशोधन किए हैं उनका उद्देश्य देश को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक मोर्चे पर मजबूत बनाना रहा है। इसके लिए उन्होंने महिलाओं के आरक्षण देने, पूरे देश में एक समान कर प्रणाली (जीएसटी) लागू करने और जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 निष्प्रभावी करने जैसे कई संविधान संशोधनों का जिक्र किया। भाजपा और मोदी पर संविधान बदल कर आरक्षण खत्म करने का आरोप लगाकर पिछले लोकसभा चुनाव में आंशिक सफलता हासिल करने वाले कांग्रेसी नेताओं की कलई भी अमित शाह ने अपने भाषण के दौरान खोलकर रख दी। उन्होंने तथ्यों के आधार पर समझाया कि किस तरह कांग्रेस सरकारों की वजह से जम्मू और कश्मीर के दलितों और पिछड़ों को आरक्षण के लाभ से वंचित रखा गया। जामिया मिलिया इस्लामिया और अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय जैसे संस्थानों में दलितों को आरक्षण का लाभ नहीं मिल सका। अपने भाषण के दौरान अमित शाह ने विस्तार से बताया कि किस तरह दो बार पंडित जवाहरलाल नेहरू ने आम्बेडकर को चुनाव हराने के लिए पूरी ताकत लगाई। यहां तक कि उनके खिलाफ चुनाव लड़ रहे कांग्रेस उम्मीदवार के पक्ष में खुद जाकर प्रचार भी किया। उन्होंने यह भी बताया कि जब तक देश में कांग्रेस की सरकार रही, तब तक बाबा साहब को भारत रत्न नहीं दिया गया।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के तार्किक आरोपों से बौखलाए कांग्रेसियों ने राज्यसभा में अमित शाह के भाषण से 12 सेकेण्ड की एक वीडियो क्लिप निकाली जिसमें वह कहते हुए दिख रहे हैं 'आजकल एक नया फैशन चला है, आम्बेडकर, आम्बेडकर, आम्बेडकर। इतना नाम यदि भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता।' कांग्रेस और उससे जुड़ा प्रचार तंत्र मौके का लाभ उठाने के लिए इस वीडियो क्लिप को बहु प्रसारित (वायरल) करने में जुट गया। भाजपा और मोदी के विरोध में वातावरण तैयार करने के लिए सदैव तत्पर रहने वाली समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने भी उनके सुर में सुर मिलाते हुए अमित शाह पर राजनैतिक हमले शुरू कर दिए। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेना, आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविन्द केजरीवाल अपने समर्थकों के साथ सड़कों पर आ गए। इसी तरह अखिलेश यादव और तृणमूल कांग्रेस के नेताओं ने भी अमित शाह के बयान की तीखी आलोचना की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने तो बाकायदा पत्रकार वार्ता करके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मांग की कि अमित शाह को केंद्रीय मंत्रिमण्डल से बर्खास्त किया जाए। बाबा साहब के अपमान के मुद्दे पर विपक्षी नेताओं के हमले झेल रहे अमित शाह भी शाम के समय पत्रकारों के बीच आए लेकिन वे किसी तरह से बचाव की मुद्रा में दिखाई नहीं दिए। कांग्रेस पर 'सत्य को झूठ के कपड़े पहनाकर' लोगों का भ्रमित करने का आरोप लगाते हुए वहां मौजूद पत्रकारों से उन्होंने एक ही अपील की कि वे उनके पूरे भाषण को लोगों के सामने रखें, इसे दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। सोशल मीडिया के इस युग में किसी भी सच्चाई को ज्यादा समय से छिपा कर रख पाना संभव नहीं है। खासतौर पर तब जबकि राज्यसभा में दिया गया भाषण तमाम स्थानों पर सहज रूप से उपलब्ध है। दरअसल, अमित शाह के भाषण की 12 सेकेण्ड की जो वीडियो क्लिप बहु प्रसारित की जा रही है उसके आगे के अंश में वे कह रहे हैं ...डॉ. आम्बेडकर का सौ बार और नाम लो लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि उनके बारे में आपकी भावनाएं क्या हैं, वो ज्यादा जरूरी हैं।



# बेर के सेवन से पाएं कई सेहत समस्याओं से निजात

'बेर' खास और खट्टा-मीठा फल है। यह फल खाने में जितना अच्छा लगता है, इसके फायदे भी उतने ही होते है। यदि आप ठंड में बेर का सेवन करते हैं तो इस मौसम में होने वाली सेहत समस्या और अन्य कई समस्याओं से निजात भी पा सकते हैं। आइए, जानते हैं बेर फल को खाने से मिलने वाले फायदे –

- यदि आपकी त्वचा पर कट लगा हो या घाव हो जाए तो आप बेर का गूदा घिसकर घाव पर लगा लें। ऐसा करने से घाव जल्दी भरता है।
- बेर का सेवन खुश्की और थकान को दूरने में मदद करता है।
- बेर की पत्तियों में कैल्शियम, फास्फोरस, मैग्नीशियम, पोटेशियम, सोडियम, क्लोरीन, प्रचुर मात्रा में होता है। यदि आप बेर और नीम के पत्ते पीसकर सिर में लगाएं तो इससे सिर के बाल गिरने कम होते हैं।
- बेर का जूस पीने से बुखार और फेफड़े संबंधी रोग ठीक होते है।
- बेर पर नमक और काली मिर्च लगाकर खाने से अपच की समस्या दूर होती है।
- सूखे हुए बेर खाने से कब्ज और पेट संबंधित परेशानियां दूर होती हैं।
- अगर आप बेर को छाछ के साथ लेंगे तो इससे घबराहट, उलटी आना और पेट दर्द से राहत मिलती है।
- नियमित बेर खाने से अस्थमा के रोगियों को भी आराम मिलता है साथ ही अगर किसी को मसूड़ों में घाव हो गया हो तो वह भी जल्दी भर जाता हैं।



# टमाटर सूप है बेहद फायदेमंद

लाल लाल स्वादिष्ट टमाटर कई सब्जियों व डिश का अहम हिस्सा होते है। कच्चे टमाटर के अलावा उनका सूप भी बहुत ही स्वादिष्ट और पौष्टिक होता है। आमतौर पर खाने से पहले स्टार्टर के तौर पर लिए जाने वाले टमाटर सूप में विटामिन A, E, C, K और एंटी-ऑक्सीडेंट्स होते हैं। जो आपको हेल्दी और फिट रखने में मदद करते हैं। टमाटर सूप पीने से सेहत को मिलने वाले गजब के फायदे –

## हड्डियों के लिए फायदेमंद

टमाटर सूप में विटामिन K और केल्शियम होता है जो हड्डियों को मजबूत रखता है। इसके अलावा शरीर में लाइकोपीन की कमी होने से भी हड्डियों पर तनाव बढ़ता है और टमाटर में काफी मात्रा में लाइकोपीन होता है, जो हड्डियों के लिए अच्छा होता है।

## दिमाग को रखें दुरुस्त

टमाटर सूप में भरपूर मात्रा में कॉपर और पोटेशियम पाया जाता है, जिससे नर्वस सिस्टम ठीक रहता है और दिमाग को मजबूती मिलती है।

## विटामिन की कमी करे पूरी

टमाटर सूप में विटामिन A और C अच्छी मात्रा में होता है। विटामिन इ, टिशू के विकास के लिए जरूरी होता है। कहते है कि शरीर में रोजाना 16% विटामिन A और 20% विटामिन C की जरूरत होती है और टमाटर सूप इसकी जरूरत को पूरा करता है।

## वजन करे कम

टमाटर सूप को अगर ऑलिव ऑयल से बनाया जाए तो यह वजन घटाने में सहायक होता है, क्योंकि इसमें पानी और फाइबर की मात्रा ज्यादा होती है, जिससे आपको काफी समय तक भूख नहीं लगती।

## कैंसर का खतरा करे कम

टमाटर सूप में लाइकोपीन और कैरोटोनॉयड जैसे एंटी-ऑक्सीडेंट होते हैं, जिससे कैंसर की आशंका कम हो जाती है।

## ब्लड शुगर को करे नियंत्रण

डायबिटीज के मरीजों को डाइट में टमाटर सूप जरूर लेना चाहिए। इसमें क्रोमियम होता है, जो ब्लड शुगर को नियंत्रण में रखने में सहायक होता है।

## रक्त प्रवाह को बढ़ाए

टमाटर में सेलेनियम होता है, जो रक्त प्रवाह को बढ़ाता है जिससे एनिमिया का खतरा कम हो जाता है।



# रात में सोने से पहले गर्म पानी के साथ करें गुड़ का सेवन

**गुड़ एक ऐसा खाद्य पदार्थ है जो आपको घर की रसोई में ही बड़ी आसानी से मिल जाएगा। इसका सेवन अगर अलग-अलग रूपों से किया जाए तो यह हमारी सेहत को नीचे बताई जा रही बीमारियों की चपेट में आने से बचाए रख सकता है।**

## गुड़ के फायदे

रात में सोने से पहले गर्म पानी के साथ करें गुड़ का सेवन, इन जानलेवा बीमारियों का खतरा हो जाएगा कमसेहतमंद बने रहने के लिए हमें कई प्रकार के खाद्य पदार्थों का सेवन नियमित रूप से भी करना चाहिए। खाने के बाद हमें अक्सर किसी मीठे पदार्थ को खाने की सलाह दी जाती है ताकि पाचन क्रिया में आसानी हो। इन खाद्य पदार्थों में गुड़ का भी नाम शामिल है जो आमतौर पर सभी घरों में बड़ी आसानी से मिल जाता है। विभिन्न प्रकार के पकवानों को बनाने में भी गुड़ का इस्तेमाल किया जाता है। इसका अलग-अलग रूप से सेवन करें तो यह हमारी सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है। इस लेख में आपको गुड़ का सेवन करने से होने वाले विशेष फायदों के बारे में बताया जाएगा ताकि आप भी अपनी दिनचर्या में इसको शामिल करके सेहतमंद बने रहें।

## वजन घटाने में

वजन घटाने के लिए मुख्य रूप से गुड़ के पानी का सेवन करने की सलाह दी जाती है। कई मशहूर डायटिशियन भी सुझाव देते हैं कि जिन लोगों को मोटापे की समस्या है, उन्हें नियमित रूप से गुड़ के पानी का सेवन करना चाहिए1 इससे वजन को कम करने में प्रभावी रूप से असर दिखाई पड़ने लगता है।

## पाचन क्रिया को ठीक करने के लिए

पाचन क्रिया को अगर थोड़ी भी समस्या का सामना करना पड़ता है तो यह में कई प्रकार की बीमारियों की चपेट में ला सकता है। एक अध्ययन के अनुसार इसमें फाइबर की अच्छी मात्रा पाई जाती है। फाइबर एक ऐसा पोषक तत्व है जो मुख्य रूप से पाचन क्रिया को सुचारू रूप से चलाए रखने के लिए शरीर के लिए बहुत आवश्यक होता है। गुड़ के जरिए इस पोषक तत्वों की पूर्ति करके पाचन क्रिया को मेंटेन रखा जा सकता है।

## खून की कमी होने से बचाए

खून की कमी सबसे ज्यादा गर्भावस्था में महिलाओं को परेशान कर सकती है और यह समस्या गर्भस्थ शिशु के लिए मुसीबत बन सकती है। चूंकि गुड़ में आयरन की काफी मात्रा होती है इसलिए महिलाओं के लिए इसका सेवन खून की कमी होने से रोकेगा और जच्चा-बच्चा दोनों को स्वस्थ रखने में भी मददगार साबित होगा। हालांकि, पहली और दूसरी तिमाही में गुड़ का सेवन न करने की सलाह दी जाती है क्योंकि गुड़ की तासीर गर्म होती है और यह बच्चे के लिए नुकसानदायक हो सकता है।

## रोग प्रतिरोधक क्षमता को सुधारने के लिए

रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्यून सिस्टम) को मजबूत बनाकर आप कई प्रकार कीसंक्रामक बीमारियों और कुछ जानलेवा बीमारियों के खतरे से भी बचे रह सकते हैं। एक वैज्ञानिक अध्ययन के अनुसार, गुड में मौजूद जिंक और विटामिन-सी की मात्रा रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाने के लिए प्रभावी रूप से मददगार साबित होती है। इसलिए जिन लोगों की इम्युनिटी कमजोर है, वे गुड़ का सेवन कर सकते हैं।

## ब्लड प्रेशर को कम करे

हाई ब्लड प्रेशर की समस्या से हर साल पूरी दुनिया में लाखों लोगों की मौत होती है। इसे हाइपरटेंशन के नाम से भी जाना जाता है। जबकि गुड़ में मौजूद पोटेशियम की मात्रा आपको हाइपरटेंशन की समस्या से बचा सकती है। इतना ही नहीं, गुड में मौजूद पोटैशियम की मात्रा आपके ब्लड प्रेशर को संतुलित बनाए रखने के साथ-साथ स्ट्रोक, ओस्टियोपोरोसिस और किडनी स्टोन की समस्या से भी शरीर को सुरक्षा प्रदान करती है।

## लिवर को साफ रखने के लिए

लिवर की क्लीनिंग करना बहुत जरूरी है, नहीं तो यहां अल्सर और इंफेक्शन की भी समस्या हो सकती है। लिवर में अगर लंबे समय तक संक्रमण बना रहता है तो यह कैंसर का रूप ले सकता है। जबकि गुड़ में मौजूद डिटॉक्सिक गुण टॉक्सिक पदार्थों को लिवर से बाहर निकालने का कार्य कर सकता है। इसके लिए आप चाहे तो गुड़ को गर्म पानी में उबालकर भी इसका सेवन कर सकते हैं।

## गुड़ खाने के नुकसान क्या हैं?

गुड़ खाने के फायदे के साथ-साथ आपको इससे होने वाले संभावित नुकसान के बारे में भी बताया जा रहा है ताकि आप अपनी सेहत का खास ख्याल रख सकें। अधिक मात्रा में किसी भी खाद्य पदार्थ का सेवन करना नुकसानदायक होता है और गुड़ के साथ भी यही बात लागू होती है। अधिक मात्रा में यदि आप गुड़ का सेवन करते हैं तो यह शुगर, मोटापा और टाइप टू डायबिटीज का खतरा भी बढ़ा सकता है।



**दालें प्रोटीन से भरपूर होती हैं। वैसे तो हर दाल पोषक तत्वों से भरपूर होती है लेकिन फिर भी अगर आपको प्रोटीन की मात्रा से के साथ कुछ परेशानियों को जड़ से खत्म करना है, तो आप अपनी डाइट में मूंग दाल जरूर जोड़ें। किसी भी रूप में मूंग दाल के सेवन के कई फायदे हैं।**

# पोषण के मामले में सभी दालों पर भारी है मूंग दाल

## दाल के पोषक तत्व

- दालों में सबसे पौष्टिक दाल, मूंग की होती है, इसमें विटामिन ए, बी, सी और ई की भरपूर मात्रा होती है। साथ ही पोटेशियम, आयरन, कैल्शियम की मात्रा भी मूंग में बहुत होती है। इसके सेवन से शरीर में कैलोरी भी बहुत नहीं बढ़ती है। अगर अंकुरित मूंग दाल खाएं तो शरीर में कुल 30 कैलोरी और 1 ग्राम फैट ही पहुंचता है।
- अंकुरित मूंग दाल में मैग्नीशियम, कॉपर, फोलेट, राइबोफ्लेविन, विटामिन, विटामिन सी, फाइबर, पोटेशियम, फास्फोरस, मैग्नीशियम, आयरन, विटामिन बी -6, नियासिन, थायमिन और प्रोटीन होता है।
- मूंग की दाल के स्प्राउट में ग्लूकोज लेवल बहुत कम होता है इस वजह से मधुमेह रोगी इसे खा सकते हैं।
- मूंग की दाल के स्प्राउट में ओलियोसाच्चाराइडस होता है जो पॉलीफिनॉल्स से आता है। ये दोनों की घटक, गंभीर रोगों से लड़ने की क्षमता को प्रबल करते हैं। कैंसर के रोगी भी इसका सेवन आराम से कर सकते हैं।
- मूंग की दाल में ऐसे गुण होते हैं, जो शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ा देते हैं और उसे बीमारियों से लड़ने की ताकत देते हैं। इसमें एंटी-माइक्रोबियल और एंटी-इंफलामेट्री गुण होते हैं, जो शरीर की इम्यूनिटी बढ़ाते हैं।
- मूंग की दाल के स्प्राउट में शरीर के टॉक्सिक को निकालने के गुण होते हैं। इसके सेवन से शरीर में विषाक्त तत्वों में कमी आती है।

## ऐसे बनाएं हेल्दी मूंग दाल का चीला

रात को मूंग दाल को एक पैन में पानी डालकर रख दें। इसके बाद सुबह इसे छान कर ग्राइंडर में पीस लें। इसके बाद इसमें नमक डालकर अच्छी तरह से मिला लें। अब तवा को गर्म करें। गर्म हो जाने में थोड़ा सा तेल डालकर मूंग दाल के पेस्ट को डालकर अच्छी तरह से फैला लें। इसके बाद इसमें सभी सब्जियां और पनीर डाल दें। इसके बाद इसमें थोड़ा सा घी डालकर दूसरी तरफ भी सेंक लें। इसके बाद इसे प्लेट में निकाल लें। आपका मूंग दाल का चीला बनकर तैयार हैं। इसे हरी या लाल चटनी के साथ गर्मागर्म सर्व करें।



# नारियल पानी के सेवन से मिलते हैं बेहतरीन सेहत लाभ

**नारियल पानी अधिकतर लोगों को पसंद आता है। लेकिन ये सिर्फ स्वादिष्ट ही नहीं बल्कि सेहत के लिहाज से भी काफी फायदेमंद है। दरअसल, इसमें शरीर के लिए फायदेमंद कई तरह के विटामिन्स, मिनरल्स और इलेक्ट्रोलाइट पाए जाते हैं। जो आपको कई सेहत लाभ देते है। तो आइए जानते हैं नारियल पानी से क्या-क्या फायदे मिलते हैं.**

- नारियल पानी का सेवन लिवर के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। नारियल पानी में एंटी-ऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं। जो लिवर में कई तरह के विषाक्त पदार्थों की गतिविधि को कम करते हैं। इसका सेवन करना लिवर के लिए काफी लाभकारी होता है।
- पेट के लिए नारियल पानी बेहद फायदेमंद है। इसके सेवन से पेट दर्द, एसिडिटी, अल्सर में थोड़ा-थोड़ा नारियल पानी पीने से आराम मिलता है।
- ऊर्जावान रहने के लिए नारियल पानी काफी अच्छा होता है। इसके सेवन से कमजोरी, थकान, चक्कर आने जैसी समस्याओं में इसको पीने से तत्काल लाभ प्राप्त होता है।
- नारियल पानी हृदय रोग का जोखिम कम करने का काम करता है। इसके सेवन से खराब कोलेस्ट्रॉल कम होता है।
- वजन कम करना चाहते है, तो नारियल पानी आपकी बहुत मदद करेगा। यह कैलोरी में कम और पचाने में आसान होता है। इसमें कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो वजन और मोटापा कम करने में मददगार हैं।
- त्वचा में ग्लो और स्किन बिलकुल क्लिन रखना चाहते है तो नारियल पानी आपको नियमित रूप से पीना चाहिए। यदि चेहरे पर मुहांसे और दाग धब्बों की समस्या बढ़ गई है ,तो नारियल पानी का सेवन आपकी सारी समस्या को दूर करेगा।



# इस आयुर्वेदिक चाय से मजबूत होगा इम्यून सिस्टम

**अगर आपकी प्रतिरोधक क्षमता में कमी आ गई है और आप बार-बार सर्दी, खांसी, जुकाम या बुखार से पीड़ित हो रहे हैं तो आपको जरूरत है इस खास आयुर्वेदिक चाय की। तुलसी और अन्य मसालों से बनी ये चाय तेजी से आपकी प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाएगी।**

## चाय बनाने की सही विधि

**सामग्री :** तुलसी के सुखाए हुए पत्ते (जिन्हें छाया में रखकर सुखाया गया हो) 500 ग्राम, दालचीनी 50 ग्राम, तेजपान 100 ग्राम, ब्राह्मी बूटी 100 ग्राम, बनफशा 25 ग्राम, सौंफ 250 ग्राम, छोटी इलायची के दाने 150 ग्राम, लाल चन्दन 250 ग्राम और काली मिर्च 25 ग्राम।

**विधि :** सब पदार्थों को एक-एक करके इमाम दस्ते (खल बत्ते) में डालें और मोटा-मोटा कूटकर सबको मिलाकर किसी बरनी में भरकर रख लें। बस, तुलसी की चाय तैयार है। दो कप चाय के लिए यह 'तुलसी चाय' का मिश्रण (चूर्ण) आधा छोटा चम्मच भर लेना काफी है।

दो कप पानी एक तपेली में डालकर गरम होने के लिए आग पर रख दें। जब पानी उबलने लगे तब तपेली नीचे उतार कर आधा छोटा चम्मच मिश्रण डालकर फौरन ढक्कन से ढंक दें। थोड़ी देर तक उबलने दें फिर छानकर कप में डाल लें। इस चाय में दूध नहीं डाला जाता। मीठा करना चाहें तो उबलने के लिए आग पर तपेली रखते समय ही उचित मात्रा में शकर डाल दें और गरम होने के लिए रख दें।

## संक्षिप्त खबरें

### राहुल गांधी को देश से माफी मांग कर इस्तीफा देना होगाः भाजयुमो




**रांची(बिभा):** लोकसभा के सांसद प्रताप चंद्र सारंगी को संसद में राहुल गांधी के द्वारा घायल करने को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा रांची महानगर अध्यक्ष रोमित नारायण सिंह के नेतृत्व में रांची यूनिवर्सिटी के पास बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने हाथों में कटआउट्स लेकर राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी मुदार्बाद के नारे लगाते हुए राहुल गांधी का पुतला जलाया गया। मौके पर वरुण साहू ने कहा कि राहुल गांधी ने आज लोकतंत्र की हत्या की है इसको किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा इसी को लेकर आज भाजपा के कार्यकताओं ने राहुल गांधी का पुतला दहन करने का काम किया है आज कांग्रेस सदन में गड़याली अंशु बहाने का काम कर रही है लेकिन लोग सब जानते है ।मौके पर शशांक राज ने कहा कि राहुल गांधी ने फिर से एक बार लोकतंत्र को शर्मसार करने का काम किया है , ऐसा पहली बार हुआ है कि किसी सांसद ने दूसरे सांसद को धक्का दें कर घायल करने का काम किया है, राहुल गांधी और कांग्रेस ने देश को बरगलाने का काम कर रही है लेकिन देश की जनता सबकुछ समझती है , और इसको किसी भी कीमत पर राहुल गांधी की हरकत को बर्दाश्त नहीं करेगी और लोगों में इसके चलते उबाल है, मौके पर रोमित नारायण सिंह ने कहा कि राहुल गांधी का मानसिक दिवालियापन का नतीजा है जो एक सांसद ने दूसरे सांसद को धक्का दे कर घायल करने का काम किया है, और राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी ने हमेशा से ही दलितों और बाबा साहब भीम राव अंबेडकर का अपमान करने का काम किया है राहुल गांधी की हमेशा से यही हरकत है कि वो सबका अपमान करने का काम किया है लेकिन भाजपा और देश किसी भी कीमत पर इसको बर्दाश्त नहीं करेगी राहुल गांधी को देश से माफी मांगना पड़ेगा और इस्तीफा नीचे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्यरूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश सिंह, ओम प्रकाश, जितेंद्र वर्मा, बलराम सिंह, राजू सिंह, जितेंद्र सिंह पटेल, संजय महतो, प्रिंस कुमार , ललित ओझा, संजय जायसवाल, बबन बैठा, सचिन साहू, रोहित सिंह, धर्मेंद्र शुक्ला,रणधीर सिंह,राम लगन राम, विनोद महतो, सनी सिंह,उज्जवल मिश्रा, रौनक राजपूत,शिवम सिंह,रोहित राज पांडे, मोहन ओझा सहित बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए।

### एकल विद्यालय के आचार्यों के साथ वनबंधु परिषद् रांची की बैठक



**रांची(बिभा) :** वन बंधु परिषद रांची चैप्टर के द्वारा रातु अंचल के अनगड़ा ग्राम, शिव मंदिर परिसर पर उषा मार्टिन फाउंडेशन के साथ बैठक रखी गई। इस बैठक में उषा मार्टिन के सीएसआर अनुदान से चल रहे 10 एकल विद्यालय के आचार्यों को भी बैठक में आमंत्रित किया गया। सभी विद्यालय के आचार्यों ने इस बैठक में भाग लिया। रांची चैप्टर से उपाध्यक्ष अंचल किंगर, अंचल प्रभारी मुकेश बजाज, उपाध्यक्ष विजया अजमानी, कांति सेठ, परमजीत कौर, अमरेंद्र विष्णुपुरी आदि उपस्थित रहे। उषा मार्टिन से सीएसआर समिति के प्रमुख मयंक मुरारी, सहायक वरुण कुमार जी और मेवालाल महतो आदि उपस्थित रहे। बैठक की शुरूआत ओमकार से हुई। अंचल किंगर, मयंक मुरारी और अमरेंद्र विष्णुपुरी ने सभी आचार्यों से संवाद किया उनकी विद्यालय के स्थिति की जानकारी ली। आचार्यों ने विद्यालय की आवश्यकताओं, बच्चों की आवश्यकताओं और कार्य प्रणाली के बारे में सभी को अवगत कराया। यह बैठक काफी अच्छी रही, रांची चैप्टर के उपाध्यक्ष अंचल किंगर ने उषा मार्टिन के उरफ प्रमुख मयंक मुरारी जी का शॉल पहनाकर सम्मान किया। उषा मार्टिन से आए सभी उरफसमिति सदस्यो ने इस बैठक की प्रशंसा की और इस आयोजन के लिए एकल अभियान रांची का धन्यवाद किया।

### यात्री सुविधा को लेकर चैंबर ने डीआरएम को लिखा पत्र

**रांची(बिभा) :** रांची रेलमंडल की परिचालित ट्रेनों में साफ-सफाई और खानपान की व्यवस्था में सुधार के लिए चैंबर द्वारा डीआरएम जसमीत सिंह बिंद्रा को पत्राचार किया गया। कहा गया कि हटिया से हावडा के लिए परिचालित ट्रेन संख्या 18616 क्रिया योगा एक्सप्रेस की बोगियां काफी पुरानी हो चुकी हैं। पुरानी बोगी होने के कारण कोच में अधिष्ठापित फोन चार्जर प्वाइंट कई जगहों पर ठीक से काम नहीं कर रहे होते हैं तो वहीं साफ-सफाई की असुविधा और शौचालय में गंदगी से यात्रियों को अनावश्यक कठिनाईयां होती हैं। ट्रेन में यात्रियों को ठंडा खाना उपलब्ध कराये जाने की शिकायत के साथ ही किसी-किसी ट्रेन में तय दर से अधिक दर पर खानपान की सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। यह समस्या मुख्यतः रांची नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस और गरीब रथ में हो रही है, जिसपर त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता है। रांची रेलमंडल में चैंबर के डीआरयूसीसी प्रतिनिधि और रेलवे उप समिति के चेयरमेन संजय अखौरी ने डीआरएम से आग्रह किया कि दक्षिण पूर्व रेलवे से समन्वय बनाकर रांची रेल मंडल की परिचालित प्रमुख ट्रेनों की पुरानी बोगियों को नये कोच में परिवर्तित करने की पहल करें। यह भी सुनिश्चित किया जाय कि ट्रेन में यात्रियों को मिल रहा भोजन और खाद्य सामग्री शुद्ध, ताजी और तय एमआरपी पर ही मिले ताकि यात्री आरामदायक सफर का आनंद ले सकें। एक अन्य मामले में चैंबर द्वारा डीआरएम को पत्राचार कर प्रयागराज में होनेवाले कुंभ मेले के अवसर पर रांची से स्पेशल ट्रेन चलाने की मांग की गई। चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी और डीआरयूसीसी सदस्य संजय अखौरी ने संयुक्त रूप से कहा कि कुंभ मेला हमारे देश का एक प्रमुख आध्यात्मिक समागम है, जहां तपस्वी, साधु, संत, पर्यटक समेत सभी वर्ग के देश-विदेश के लाखों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। पवित्र नदियों के किनारे अद्भुत अनुष्ठानों और पवित्र गतिविधियों का अनुभव करना निःसंदेह जीवन में एक बार मिलनेवाला अवसर है जिसे कोई भी नहीं छोडना चाहता। चूंकि कुंभ मेले का समय काफी समीप है। ऐसे में आवश्यक है कि झारखण्ड की राजधानी रांची से दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा स्पेशल ट्रेन का परिचालन प्रारंभ करने की पहल की जाय। उक्त जानकारी प्रवक्ता सुनिल सरावगी ने दी।

# प्रत्येक माह 8 तारीख तक पोर्टल इन्ट्री का कार्य पूर्ण कर लिया जायः मंजुनाथ भजंत्री

बिभा संवाददाता



**रांची :** उपायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला स्तरीय स्टेयरिंग सह मॉनिटरिंग कमिटि रांची, श्री मंजूनाथ भजन्त्री के निदेशानुसार 19 दिसंबर को समाहरणालय ब्लॉक- ए स्थित सभागार में पी.एम.पोषण योजना अंतर्गत जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमिटि की बैठक आयोजित कि गई।

बैठक में जिला शिक्षा अधीक्षक रांची, बादल राज, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रांची, प्रदीप भगत, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रांची, सुरभि सिंह, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी रांची, जिला प्रबंधक भारतीय खाद्य निगम रांची, अध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन समिति, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी मांडर और ओरमांझी, अवर विद्यालय निरीक्षक एवं सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

#### योजना का एजेण्डावार समीक्षा कि गई

जिले में मध्याहन भोजन की स्थिति मध्याहन भोजन योजना अंतर्गत माह नवम्बर, 2024 तक का आय-व्यय की स्थिति कि समीक्षा करते हुए जिला शिक्षा अधीक्षक रांची, बादल राज द्वारा उपस्थित प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि आच्छादन दर को 70 प्रतिशत से बढ़ाया जाय।

e-Madhyahan पोर्टल में Automated monitoring system के तहत विद्यालयों द्वारा किये जा रहे दैनिक रटर की प्रखण्डवार स्थिति कि समीक्षा करते हुए

विद्यालयों द्वारा प्रतिदिन छात्र उपस्थिति का शतप्रतिशत रटर किया जा रहा है, साथ निर्देश देते हुए कहा गया कि राज्य में जिले की शत प्रतिशत की स्थिति बरकार रखी जाय।

MIS Portal Entry निर्णयः जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा निर्देश दिया गया कि प्रत्येक माह 8 वीं तारीख तक पोर्टल इन्ट्री का कार्य पूर्ण कर लिया जाय।

आयुष्मान भारत-मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से आच्छादित रसोईया की प्रखण्डवार स्थिति कि समीक्षा करते हुए उपस्थित प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि आयुष्मान भारत-मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से कार्यरत रसोईया का आगामी बैठक तक शतप्रतिशत रसोईया को आयुष्मान कार्ड से लाभान्वित करने का लक्ष्य निर्धारित करते हुए कार्य करें।

रसोईया-सह-सहायिकाओं को मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना से आच्छादित प्रतिवेदन की प्रखण्डवार स्थिति कि समीक्षा करते हुए उपस्थित प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि रसोईया सह सहायिकाओं को मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना से रसोईयों जोडे एवं आगामी बैठक तक 60 वर्ष पूर्ण कर चुकी रसोईया को राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना से लाभान्वित करने का लक्ष्य निर्धारित करते हुए कार्य करें।

स्वास्थ्य प्रतिवेदन की प्रखण्डवार स्थिति कि समीक्षा करते हुए प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि स्वास्थ्य के आंकड़ो की समीक्षा उपरांत गुगल शीट में इन्ट्री पूर्ण करायें।

जिले में कार्यरत रसोईया-सह-सहायिकाओं का गुगल शीट में मास्टर डाटोबेस की प्रविष्टि की प्रखण्डवार स्थिति कि समीक्षा करते हुए सभी प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि आगामी बैठक के पूर्व रसोईया का मास्टर डाटा गुगल शीट में इन्ट्री पूर्ण करायें। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि सिविल सर्जन से पत्राचार करते हुए स्वास्थ्य जाँच हेतु कैम्प लगाने हेतु चर्चा की जाएगी।

## डॉ जय प्रकाश सिंह डबास ने सुकुरहुटू व हुटुप गौशाला का किया भ्रमण

बिभा संवाददाता



**रांची :** रांची गौशाला न्यास के अध्यक्ष पुनीत पोद्दार के आग्रह पर गोबर गैस संयंत्र एवं उन्नत कृषि की जानकारी देने के लिए विशेषज्ञ डॉ जय प्रकाश सिंह डबास, सेवा निवृत्त प्रधान वैज्ञानिक नई दिल्ली से रांची पधारे। उनके रांची आगमन पर रांची गौशाला न्यास के सदस्यों सहित सुकुरहुटू गौशाला कांके रोड एवं हुटुप गौशाला ईरबा में भ्रमण किया एवं कई ऐसी जानकारियां उन्होंने गौशाला को दी जोकि हमें गोबर गैस संयंत्र लगाने हेतु एवं उन्नत खेती करने के लिए बहुत ही उपयोगी होगी जिससे कि गौशाला आत्मनिर्भर बन पाएगा डॉ डबास ने बताया कि सुकुरहुटू गौशाला जितनी भी खाली जगह है उसमें सबसे पहले मेड बंदी कर सहजन और करौंदा का वृक्ष लगाकर एक बाड बनाया जाए सहजन के पत्तों को गाय को खिलाया जा सकता है जिससे उनका स्वास्थ्य और दुग्ध उत्पादन में भी वृद्धि होगी गायों के शरीर के नाना प्रकार के लवणो की कमी को पूरा किया जा सकेगा एवं जमीनों पर सब्जी, फल एवं फूल का उत्पादन किया जा सकेगा एवं गौशाला में बायो गैस संयंत्र लगाने से हम उसका उपयोग भोजन बनाने में एवं उसके द्वारा उत्पन्न जैविक खाद्य को हम खेती के लिए भी उपयोग में ले सकते हैं अतिरिक्त खाद को बिक्री कर उससे भी आए प्राप्त होगी और साथ ही साथ सफाई भी रहेगी एवं दूसरी प्रमुख समस्या है सभी गौशाला में उपलब्ध कृषि भूमि में पोषक तत्वों की कमी एवं खरपतवार का भी प्रकोप अधिक है जिसकी वजह से फल, फूल सब्जियों का उत्पादन में कमी देखी गई है मिट्टी की उर्वा शक्ति की कमी का प्रमुख कारण भारी वर्षा की वजह है ऊपरी उपजाऊ मिट्टी का बहना इसके लिए भी मेड बंदी बहुत ही महत्वपूर्ण है खेतों को लेजर लेबलर से लेबलिंग करवाने से पानी की बचत होगी साथ ही साथ उपजाऊ मिट्टी बहाने से बच जाएगी। उसके पश्चात रांची गौशाला न्यास हरमू रोड में उनके साथ एक संयुक्त बैठक की गई बैठक में श्री डबास ने ऐसी अनेकों अनेक जानकारी गौशाला के समक्ष रखी। रांची गौशाला न्यास के न्यासी अध्यक्ष सह उपाध्यक्ष रतन जालान एवं ट्रस्टी शत्रुघ्न लाल गुप्ता द्वारा एक प्रतीक चिन्ह एवं अंग वस्त्र देकर उनका सम्मान किया। आज के कार्यक्रम में गौशाला न्यास के अध्यक्ष पुनीत पोद्दार,न्यासी अध्यक्ष सह उपाध्यक्ष रतन जालान, ट्रस्टी शत्रुघ्न लाल गुप्ता, किशोरी लाल चौधरी, उपाध्यक्ष एस एन राजगढ़िया, मंत्री प्रदीप राजगढ़िया, भगवती प्रसाद सर्राफ, राजकुमार टिंबडेवाल, गजानंद अग्रवाल, राजेंद्र बंसल, भानु प्रकाश जालान, प्रेम मित्तल, राजेश चौधरी, श्री वासुदेव भाला, सुरेश जैन अपना सहयोग दिया। यह जानकारी प्रवक्ता मनीष लोधा ने दी

## उषा मार्टिन माइनिंग घोटाले में तत्कालीन खनन निदेशक इंद्रदेव पासवान ने सीबीआई कोर्ट में किया सरेंडर,बेल

**रांची :** सीबीआई की विशेष कोर्ट में तत्कालीन खनन निदेशक इंद्रदेव पासवान ने सरेंडर कर दिया. जिसके बाद अदालत ने उन्हें सशर्त बेल दे दी। कोर्ट ने उन्हें 25-25 हजार के दो निजी मुचलके और पासपोर्ट जमा करने की शर्त पर जमानत की सुविधा प्रदान की है। उनपर वर्ष 2005 में उषा मार्टिन को माइंस आवंटन में भ्रष्टाचार का आरोप है। उनकी ओर से अधिवक्ता विद्युत चौरसिया ने बहस की।

## रांची में 4 साल के बच्चे के साथ ड्राइवर ने की गंदी हरकत, मामला दर्ज

**रांची :** रांची के बीआईटी मेसरा थाना क्षेत्र में एक 4 साल के बच्चे के साथ वैन ड्राइवर द्वारा यौन उत्पीड़न का मामला सामने आया है। घटना बीआईटी मेसरा थाना क्षेत्र के स्पेक्ट्रम ग्लोबल स्कूल की है। बच्चा नर्सरी क्लास में पढ़ता है। पीड़ित बच्चे की मां ने बीआईटी मेसरा टीओपी में शिकायत दर्ज कराई है। इसके बाद पुलिस ने पोस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी ड्राइवर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## शानदार रहा एसबीयू का प्लेसमेंट



बिभा संवाददाता

**रांची :** इस वर्ष भी सरला बिरला विश्वविद्यालय का प्लेसमेंट रिकॉर्ड शानदार रहा है। यह प्रक्रिया अब भी जारी है। प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से एसबीयू के 13 विद्यार्थियों का चुनाव प्रतिष्ठित वैश्विक फर्म अर्न्स्ट एंड यंग ने किया है। एसबीयू के विद्यार्थी इस फर्म के तकनीकी और गैर तकनीकी दोनों पदों पर कार्य करेंगे। सूचना प्रौद्योगिकी, परामर्श और सलाहकार सेवाएं देने में अग्रणी अर्न्स्ट एंड यंग दुनिया भर में 150 से भी ज्यादा देशों में अपनी सेवाएं प्रदान करती है। इस फर्म में काम करने से एसबीयू के विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर हासिल होगा। इससे इन विद्यार्थियों के अभिभावकों में भी खुशी की लहर है। इस वर्ष टीसीएस, बिड़ला पेंट्स, श्याम स्टील,गोदरेज एंड बॉयस, एशियन पेंट्स, टीमकैन इंडिया, एसबीआई जनरल इंश्योरेंस, बजाज एलियांज, आइसीआइसीआइ प्रूडेंशियल, एचडीएफसी बैंक, वोडाफोन आइडिया, श्री सीमेंट, इंडिया मार्ट, एवरेस्ट इंडस्ट्रीज, आदित्य बिरला सनलाइफ इत्यादि कंपनियों में विवि के विद्यार्थी अपनी जगह बनाने में सफल रहे हैं।

इस अवसर पर विवि के महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी है। संस्थान के छात्र-छात्राओं की सफलता का उल्लेख करते हुए उन्होंने विवि के अकादमिक माहौल, अनुशासन और विद्यार्थियों की लगन और कड़ी मेहनत को इसका श्रेय दिया है।

विवि के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, सांसद डॉ. प्रदीप वर्मा, कुलपति (प्रभार) श्रीधर डांडीन एवं कुलसचिव प्रो विजय कुमार सिंह ने विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

## चैम्बर ऑफ कॉमर्स की महिला उद्यमिता उप समिति की हुई बैठक

बिभा संवाददाता

**रांची :** फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैम्बर ऑफ कॉमर्स की महिला उद्यमिता उप समिति की बैठक एग्जीक्यूटिव मेम्बर एवँ महिला उप समिति अध्यक्ष आस्था किरण के अध्यक्षता में बुधवार को चैम्बर भवन में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से हाल ही के दिनों में शहर में महिलाओं के साथ हुई घटनाओं पर चिंता व्यक्त की गयी यह कहा गया कि महिलाओ पर हो रही ऐसी घटनाएँ चिंता का विषय है एवं सरकार को इस पर कड़े कदम उठाने की आवश्यकता है यह भी कहा गया कि कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ हो रही ऐसी घटनाओं को रोकने वाले कानूनों को समझना होगा इसके लिए कानूनी प्रावधानों एवं शिकायत की प्रक्रिया को भी समझने पर जोर दिया गया इसके लिए कार्यशालाओं के माध्यम से महिलाओं में जागरूकता बढाने की बात कही गई। झालसा और डालसा एवं महिला जैसे कानून एवं शक्ति एप्प की जानकारी के साथ साथ महिला हेल्पलाइन नंबर 1098 एवं चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 181 महिलाओं एवं बच्चों तक पहुंचाने की बात कही गयी।

## गोस्सनर, डोरंडा, एसएस मेमोरियल और बीएस कॉलेज सेमीफाइनल में

### बीएस कॉलेज के प्रेम कुमार ने जड़ा शतक, गोस्सनर के उत्कर्ष ने हैट्रिक समेत 7 विकेट झटके

बिभा संवाददाता





**रांची :** रांची विश्वविद्यालय अंतर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता 2024- 25 में गुरुवार को गोस्सनर, डोरंडा और बीएस कॉलेज ने अपने मुकाबले को जीतकर एसएस मेमोरियल के साथ सेमी फाइनल में प्रवेश किया. शुक्रवार को गोस्सनर बनाम बीएस कॉलेज और डोरंडा और एसएस मेमोरियल के बीच सेमीफाइनल मुकाबले खेले जायेंगे.

आज के दिन मुकाबले का पहला शतक बीएस कॉलेज के प्रेम कुमार ने जड़ा. वहीं मुकाबले का पहला हैट्रिक गोस्सनर कॉलेज के उत्कर्ष कुमार ने लिया. उन्होंने मुकाबले में कुल सात विकेट झटके.

गुरुवार को गोस्सनर कॉलेज और जेएन कॉलेज के बीच मुकाबला हुआ. जिसमें गोस्सनर ने 8 विकेट पर 156 रन बनाए. जवाब में जेएन कॉलेज 87 रन पर सिमट गई.

दिन का दूसरा मुकाबला मारवाड़ी कॉलेज और डोरंडा कॉलेज के बीच खेला गया. मारवाड़ी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट पर 150 रन बनाए. जवाब में डोरंडा कॉलेज ने 3 विकेट खोकर 152 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया.

दिन का तीसरा मैच बीएस कॉलेज और पीपीके कॉलेज के बीच खेला गया. जिसमें बीएस कॉलेज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट खोकर 222 रन बनाए. लक्ष्य का पीछा करते हुए पीपीके कॉलेज निर्धारित ओवर ने 9 विकेट खोकर 112 रन ही बना सकी.

### पीआईबी एवं सीबीसी, रांची कार्यालय में तृतीय त्रैमासिक हिन्दी बैठक एवं कार्यशाला का आयोजन

## हिन्दी सौहार्द की भाषा है और हिंदी गोष्ठी हिन्दी से प्रेम व प्रोत्साहन का माध्यम है : लतारानी

### सरकारी हिन्दी के प्रयोग में राजभाषा नियमों का सख्ती से अनुपालन आवश्यकः विक्रम सिंह

बिभा संवाददाता




**रांचीः** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय एवं केंद्रीय संचार ब्यूरो, रांची के द्वारा तृतीय त्रैमासिक हिन्दी बैठक एवं कार्यशाला का संयुक्त रूप से आयोजन सीबीसी, रांची के प्रांगन में आज दिनांक 19 दिसम्बर 2024 को आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। तदोपरांत आमंत्रित अतिथियों को अंगवस्त्र एवं पौधा देकर सम्मानित किया गया। बैठक की शुरूआत करते हुए केंद्रीय संचार ब्यूरो, रांची के कार्यालय प्रमुख ने कहा कि महत्वपूर्ण तिथियों पर कार्यालयों में हिन्दी में परिचर्चा का आयोजन कर हम इस कार्यालय के अधिकारियों/ कर्मियों को भाषाई प्रवीणता के साथ-साथ हिन्दी में राजभाषा अधिनियमों के अनुपालन की प्रेरणा मिलती है।

आमंत्रित अतिथि के रूप में रांची के मेकॉन कार्यालय के हिंदी विशेषज्ञ विक्रम सिंह, उप प्रबंधक सा हिंदी अधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि बैठक के माध्यम से हिंदी के इतिहास से जुड़ने का अवसर मिलता है। श्री विक्रम ने राजभाषा अधिनियमों का उल्लेख करते हुए धारा 3(3) के तहत 14 दस्तावेज को द्विभाषीय तथा नियम 7 के तहत कार्यालयों के बैनर व पोस्टर को भी द्विभाषीय निकालने हेतु नियमों से अवगत कराया। अपने संबोधन के अंत में उन्होंने गूगल ट्रांसलेशन, भाषा इंडिया.com, wingtranslator, dictation.io जैसी तकनीकों के इस्तेमाल से हिंदी भाषा के उपलब्ध साधनो द्वारा हिंदी को सुगम बनाने की प्रेरणा दी।

आमंत्रित अतिथि के रूप में हिंदी दैनिक की वरिष्ठ पत्रकार लता रानी ने कहा कि हिन्दी भाषा के प्रयोग में क्लिष्ट शब्दों की जगह आम बोल चाल की शैली में सरल भाषा का प्रयोग होना चाहिए, यह आसानी से समझ में आती है और संवाद बेहतर होता है। साथ ही उन्होंने हिंदी भाषा मे रोजगार सृजन पर विकास की बात कही। पत्र सूचना कार्यालय रांची के मीडिया एवं संचार अधिकारी राजेश सिन्हा ने कहा कि हमें हिन्दी को और सशक्त रूप से आगे बढ़ाने की जरुरत है, और इसके प्रयोग में एक पिछड़े दृष्टिकोण से देखने से बचना चाहिए।

बैठक के दौरान सभी लोगों ने हिंदी शपथ एवं स्वच्छत भारत अभियान की शपथ लेते हुए इसमें योगदान का प्रण लिया। बैठक का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन केंद्रीय संचार ब्यूरो के कार्यालय प्रमुख श्री शाहिद रहमान ने किया । इस मौके पर पीआईबी और सीबीसी के सभी अधिकारीयों व कर्मचारियों समेत आकाशवाणी से आकाशवाणी समाचार एकांश प्रमुख शिल्पी ; दूरदर्शन समाचार संपादक गौरव पुष्कर आदी उपस्थित रहे।

## निर्धारित तिथि तक अपने लेखा को जिला निर्वाचन पदाधिकारी को समर्पित करना सुनिश्चित करें प्रत्याशीः आईआरएस



बिभा संवाददाता

**रांचीः** समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित सभागार में व्यय प्रेक्षक एच. आनंदा, (आईआरएस), एम.एम. चेटे (आईआरएस), अजेय कुमार ओझा (आईआरएस), की अध्यक्षता में सभी प्रत्याशियों के साथ अकाउंट रिकंसिलिएशन हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव जिले के सभी विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर एवं सभी विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी उपस्थित थे।बैठक में विधान सभा निर्वाचन 2024 के दौरान लेखा जाँच में पाई गई अनियमितताओं पर निर्गत नोटिस एवं लेखा में प्राप्त विसंगतियों पर विचार किया गया। सभी प्रत्याशियों के लेखा रजिस्टर की जाँच की गई तथा सभी प्रत्याशियों को निर्देश दिया गया कि निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तिथि तक के व्ययों को लेखा में शामिल करते हुए निर्धारित तिथि तक अपने लेखा को जिला निर्वाचन पदाधिकारी को समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे। लेखा रजिस्टर के साथ सभी मूल विपत्र को भी संलग्न करना आवश्यक है। विधानसभावार लेखा पुस्तिका जमा करने की तिथि से प्रत्याशियों को अवगत कराया गया। कांके एवं हटिया विधानसभा हेतु 20.12.2024 तथा रांची, मांडर, सिल्ली, खिजरी, एवं तमाड हेतु 21.12.2024 की तिथि निर्धारित की गई है।

# सेबी ने छोटी, मझोली कंपनियों के लिए आईपीओ नियमों को सख्त करने की दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी के निदेशक मंडल ने छोटी एवं मझोली कंपनियों (एसएमई) के शुरुआती सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने से संबंधित प्रक्रिया को सशक्त करने के लिए एक सख्त नियामकीय रूपरेखा को मंजूरी दी है। इसके अलावा, सेबी ने बिक्री पेशकश (ओएफएस) को सीमित करने का भी फैसला लिया है और प्रवर्तकों के लिए चरणबद्ध 'लॉक-इन' पेश किया है। सेबी के निदेशक मंडल की बैठक में यह फैसला लिया गया। बयान के मुताबिक सेबी के निदेशक मंडल ने डिबेंचर ट्रस्टी, ईएसजी रेटिंग प्रदाताओं, इनविट्स, रीट्स और एसएम रीट्स के लिए कारोबारी सुगमता को बढ़ावा देने के लिए सुधारों को भी मंजूरी दे दी। इसके अलावा अनुमोदित सुधारों का उद्देश्य एसएमई को एक अच्छा ट्रैक रिकॉर्ड प्रदान करना और निवेशकों के हितों की रक्षा करते हुए जनता से धन जुटाने का अवसर प्रदान करना है। इस संबंध में बोर्ड ने सेबी (आईसीडीआर) विनियम, 2018 और सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 में संशोधन को भी स्वीकृति दे दी है। यह कदम एसएमई के निर्गम बढ़ने के बाद उठाया गया है, जिसने महत्वपूर्ण निवेशक भागीदारी को बढ़ावा दिया गया है। लाभप्रदता मानदंड के संबंध में एसएमई इकाइयों की तरफ से लाए जाने वाले आईपीओ के संबंध में सेबी ने कहा कि निर्गम लाने की योजना बनाने वाली छोटी एवं मझोली कंपनियों को अपना मसौदा दस्तावेज (डीआरएचपी) दाखिल करते समय पिछले तीन में से दो वित्त सालों में कम से कम एक करोड़ रुपए का परिचालन लाभ दिखाना होगा। एसएमई आईपीओ में शेयरधारकों द्वारा बिक्री के लिए ओएफएस की सीमा कुल निर्गम आकार के 20 फीसदी तक सीमित कर दी है। इसके अलावा विक्रय करने वाले शेयरधारक अपनी मौजूदा हिस्सेदारी का 50 फीसदी से ज्यादा हिस्सा नहीं बेच सकेंगे। इसके अलावा, एमपीसी से ज्यादा प्रवर्तकों की शेयरधारिता चरणबद्ध 'लॉक-इन' अवधि के अधीन होगी। अतिरिक्त हिस्सेदारी का आधा हिस्सा एक साल के बाद जारी किया जाएगा, जबकि शेष 50 फीसदी दो सालों बाद जारी की जाएगी। एसएमई आईपीओ में गैर-संस्थागत निवेशकों (एनआईआई) के लिए आवंटन पद्धति को मुख्य बोर्ड आईपीओ में अपनाई गई पद्धति के अनुरूप बनाया जाएगा ताकि एकरूपता तय की जा सके।

# सेबी ने कीमतों को नियंत्रित करने लिया फैसला, 'डेरिवेटिव' कारोबार लगी रोक बढ़ाई

**नई दिल्ली।**



शेयर बाजार नियामक सेबी ने अहम फैसले लिए। इनमें आईपीओ, म्यूचुअल फंड और डेरिवेटिव ट्रेडिंग पर लिए फैसले शामिल हैं। सेबी ने कीमतों को नियंत्रित करने गेहूं और मूंग समेत सात कृषि उत्पादों में 'डेरिवेटिव' कारोबार पर रोक को जनवरी 2025 तक बढ़ा दिया है। सेबी ने धान (गैर-बासमती), चना, कच्चा पाम तेल, सरसों के बीज और उसके उत्पाद सोयाबीन और उसके उत्पाद पर भी रोक लगाई है। यह निर्देश शुरू में 19 दिसंबर 2021 को जारी किए गए थे। शुरुआत में इसे 20 दिसंबर 2022 तक के लिए तय किया था, लेकिन बाद में इसे दो बार और बढ़ाया। पहली बार एक अतिरिक्त साल के लिए 20 दिसंबर, 2023 तक और फिर 20 दिसंबर, 2024 तक। अब सेबी ने व्यापार प्रतिबंधों को 31 जनवरी 2025 तक लागू रखते हुए निलंबन को बढ़ाने का फैसला लिया है। इसके अलावा सेबी के निदेशक मंडल ने छोटी एवं मझोली कंपनियों के आईपीओ लाने से संबंधित प्रोसेस को सशक्त करने के लिए एक रेगुलेटरी गाइडलाइन को मंजूरी दे दी है। सेबी ने म्यूचुअल फंड नियमों में संशोधन कर निवेश के नए उत्पाद पेश किए हैं। इसके तहत उच्च जोखिम लेने में सक्षम निवेशकों के लिए विशेषीकृत निवेश कोष के साथ सूचकांक और एक्सचेंज ट्रेडेड फंड से संबंधित योजनाओं के अंतर्गत उदारीकृत 'म्यूचुअल फंड लाइट' की रूपरेखा पेश की है। इसका मतलब है कि इन प्रोडक्ट को निवेशक के हिसाब से डिजाइन किया है। सेबी के निदेशक मंडल ने डिबेंचर ट्रस्टी, ईएसजी रेटिंग प्रदाताओं, इनविट्स, रीट्स और एसएम रीट्स के लिए कारोबारी सुगमता को बढ़ावा देने के लिए सुधारों को मंजूरी दी गई है। इसके अलावा नियामक ने निवेश बैंकिंग मानदंडों में आमूलचूल बदलाव करने का फैसला किया है। एसएमई यूनिट्स की तरफ से लाए जाने वाले आईपीओ के संबंध में सेबी ने कहा कि आईपीओ लाने की योजना बनाने वाली छोटी एवं मझोली कंपनियों को अपना दस्तावेजों का मसौदा दाखिल करते समय पिछले तीन में से दो वित्त सालों में कम से कम एक करोड़ रुपए का परिचालन लाभ दिखाना होगा।

# सीजीएसटी कानून में संशोधन को मंजूरी दे सकती है जीएसटी, रियल एस्टेट कंपनियों को लगेगा झटका

**नई दिल्ली।**

वस्तु एवं सेवा कर परिषद की शनिवार को होने वाली बैठक में केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) कानून में संशोधन को मंजूरी दे सकती है। इससे सफारी रिट्रीट्स मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला निष्प्रभावी हो जाएगा जिसमें किराए की प्रॉपर्टी की निर्माण लागत पर इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) के दावों की अनुमति दी थी। ऐसा हुआ तो रियल एस्टेट कंपनियों को झटका लगेगा।

सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से सरकारी खजाने को भारी नुकसान होने की आशंका जताई थी। कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि इसका प्रभाव करीब 10 हजार करोड़ रुपए का हो सकता है क्योंकि फैसला 1 जुलाई, 2017 से प्रभावी माना जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि सीजीएसटी अधिनियम में इस्तेमाल किए गए शब्द 'प्लांट ऐंड मशीनरी' और 'प्लांट ऑर मशीनरी' अलग-अलग हैं जिन्होंने 'प्लांट' को परिभाषित करने के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत तय किए हैं। कोर्ट ने कहा कि आईटीसी के लिए पात्रता का मूल्यांकन हर मामले के आधार पर किया जाना चाहिए। उसमें करदाता के कारोबार की प्रकृति और मकान के उपयोग जैसे कारकों पर विचार करना चाहिए।

इस मामले से जुड़े एक सरकारी अधिकारी ने बताया कि जीएसटी परिषद की कानून समिति ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर गंभीरता से विचार किया है। समिति ने अस्पष्टता दूर करने और भविष्य में मुकदमेबाजी को रोकने के लिए 1 जुलाई, 2017 से सीजीएसटी अधिनियम में संशोधन करने की सिफारिश की है। समिति ने पाया कि 'प्लांट ऑर मशीनरी' शब्द के बारे में कोर्ट का फैसला जीएसटी परिषद के साथ-साथ विधायिका की मंशा को भी विफल करता है।

अधिकारी ने कहा कि कानून समिति ने पाया कि हर मामले में तथ्यों की जांच के आधार पर यह तय करना मुश्किल है कि परिसंपत्ति सीजीएसटी अधिनियम के तहत प्लांट के तहत आती है या नहीं। इससे काफी भ्रम और अराजकता पैदा हो सकती है जिससे मुकदमेबाजी बढ़ सकती है। इसलिए यह सुचारु कर प्रशासन और कारोबारी सुगमता के लिहाज से उपयुक्त नहीं होगा।

पीडब्ल्यूसी के टैक्स पार्टनर ने कहा कि नीतिगत दृष्टिकोण से देखा जाए तो निर्माण से जुड़े खर्च पर इनपुट टैक्स क्रेडिट की अनुमति दी जानी चाहिए।

# शेयर बाजार के लिए ऐतिहासिक रहा 2024 का साल, कंपनियों ने खूब जुटाए पैसे

## 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक की रिकॉर्ड पूंजी कमाई

**मुंबई ।** भारतीय शेयर बाजार के लिए 2024 एक ऐतिहासिक साल रहा है। कंपनियों ने 2024 में अब तक इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ), क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट (क्यूआईपी) और राइट्स इश्यू के जरिए 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक की रिकॉर्ड पूंजी कमाई है। इसके पहले 2021 में कंपनियों ने रिकॉर्ड 1.88 लाख करोड़ रुपये जुटाए थे।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस साल अब तक 90 कंपनियों ने 1.62 लाख करोड़ रुपये की राशि जुटाई है या इसकी घोषणा की है, जो पिछले साल के 49,436 करोड़ रुपये से 2.2 गुणा अधिक है। 2024 में नए इश्यू के जरिए जुटाई गई राशि करीब 70,000 करोड़ रुपये है, जबकि 2021 में यह आंकड़ा 43,300 करोड़ रुपये था। 2024 में अब तक 88 कंपनियां क्यूआईपी के जरिए 1.3 लाख करोड़ रुपये जुटा चुकी हैं। इसके पहले क्यूआईपी के द्वारा सबसे अधिक राशि 80,816 करोड़ रुपये 2020 में 25 कंपनियों द्वारा जुटाई गई थी। इस अब तक 20 कंपनियों ने राइट्स इश्यू के जरिए करीब 18,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं। पिछले साल यह आंकड़ा 7,266 करोड़ रुपये और 2022 में यह 3,884 करोड़ रुपये था। 2024 के आखिरी दो हफ्तों में भी यह आंकड़ा बढ़ने की उम्मीद है, क्योंकि इस हफ्ते डीएम कैपिटल एडवाइजर्स, वेंटीव हॉस्पिटैलिटी, कैरारो इंडिया, सेनोरेस फार्मास्युटिकल्स, ट्रांसरेल लाइटिंग, कॉनकॉर्ड एनवायरो सिस्टम्स, सनाथन टेक्सटाइल्स और ममता मशीनरी जैसी कंपनियों का आईपीओ खुला रहा है।

# भारत में वोडाफोन आइडिया ने शुरू की 5जी सेवाएं

**नई दिल्ली ।** भारत में वोडाफोन आइडिया (वीआई) ने अपनी 5जी सेवाएं शुरू कर दी हैं। शुरुआती चरण में कंपनी ने17 सर्किलों में 5जी नेटवर्क लॉन्च किया है। इनमें बेंगलुरु, चेन्नई, कोलकाता, मुंबई और नई दिल्ली जैसे बड़े शहर शामिल हैं। वीआई कंपनी ने कहा है कि जल्द ही अन्य शहरों में भी 5जी सेवाएं शुरू की जाएंगी। रिपोर्ट्स के अनुसार, वीआई ने 3.3जीएचझेड और 26जीएचझेड स्पेक्ट्रम का उपयोग करके 5जी नेटवर्क स्थापित किया है। 5जी सेवाओं का फायदा प्रीपेड और पोस्टपेड दोनों यूजर्स उठा सकते हैं। हालांकि, इसके लिए यूजर्स को अपने स्मार्टफोन में 5जी नेटवर्क को एनेबल करना होगा। कीमत की बात करें तो प्रीपेड ग्राहकों को 5जी कनेक्टिविटी के लिए 475 रुपये के रिचार्ज पैक की जरूरत होगी। वहीं, पोस्टपेड यूजर्स के लिए रेडएक्स 1101 प्लान पेश किया गया है, जिसमें 5जी सेवाएं उपलब्ध होंगी। वोडाफोन आइडिया का यह कदम भारत के बढ़ते 5जी बाजार में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने की दिशा में अहम माना जा रहा है। जल्द ही अन्य शहरों में भी नेटवर्क विस्तार की उम्मीद है। बता दें कि वीआई के सीईओ ने जनवरी 2024 में घोषणा की थी कि 5जी रोलआउट छह से सात महीनों के भीतर शुरू किया जाएगा। हालांकि एयरटेल और रिलायंस जियो की तुलना में वोडाफोन आइडिया के ग्राहकों को 5जी सेवाओं के लिए थोड़ा अधिक इंतजार करना पड़ा है। वोडाफोन आइडिया फिलहाल 17 लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्रों (एलएसए) में 5जी कनेक्टिविटी प्रदान कर रहा है।

## रुपया गिरावट के साथ खुला , 85 के नीचे पहुंचा

**नई दिल्ली ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गुरुवार को भारतीय रुपया 85 के नीचे पहुंच गया। अमेरिकी फेडरन रिजर्व (फेड) फेड के अगले साल ब्याज दरों में कटौती की रफ्तार धीमी रखने के संकेतों से रुपये पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। इससे नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया 18 पैसे गिरकर 85.12 के सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंच गया। अमेरिकी फेड के फैसले के बाद डॉलर में जोरदार तेजी आई और डॉलर इंडेक्स 108 के स्तर को पार कर गया। भारतीय मुद्रा के अलावा अन्य विदेशी मुद्राओं में भी इसका असर देखने को मिला है। डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया 85.06 रुपये पर खुला। घरेलू शेयर बाजारों के नरम रुख, आयातकों की ओर से डॉलर की मांग और विदेशी पूंजी निकासी से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। वहीं गत कारोबारी दिन भारतीय रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 84.94 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ था। बाजार जानकारों ने कहा, डॉलर इंडेक्स का 108 से ऊपर जाना और 10 साल के बॉन्ड यील्ड का 4.52 प्रतिशत पर पहुंचना एफआईआई कोष प्रवाह के दृष्टिकोण से नकारात्मक है। लेकिन यह केवल अस्थायी होने की संभावना है।



## गोदरेज प्रोफेशनल ने शरवरी को ब्रांड एंबेसडर बनाया

**मुंबई ।** गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जीसीपीएल) का प्रमुख प्रोफेशनल हेयर ब्रांड, ने बॉलीवुड की उभरती हुई अभिनेत्री शरवरी को अपना पहला ब्रांड एंबेसडर घोषित किया है। शरवरी, जो मुंज्या, महाराज और वेद जैसी फिल्मों में अपनी बेहतरीन अभिनय के लिए जानी जाती हैं, अपने फैशन-फॉरवर्ड व्यक्तित्व और आत्मविश्वास के साथ ब्रांड की प्रतिबद्धता को बखूबी दिखाती हैं। इस गठजोड़ पर टिप्पणी कर गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के अधिकारी ने कहा कि शरवरी के पास लाखों लोग हैं, जो उनकी स्टाइल और ग्रेस को पसंद करते हैं, और उनका गोदरेज प्रोफेशनल के साथ जुड़ाव एक महत्वपूर्ण विकास है, खासकर जब ब्रांड हेयर और ब्यूटी इंडस्ट्री में अपना विस्तार कर रहा है। इस नई साझेदारी पर शरवरी ने कहा, गोदरेज प्रोफेशनल के लिए पहला ब्रांड एंबेसडर बनना मेरे लिए सम्मान की बात है। शरवरी ने 2025 के ट्रेंडिंग हेयर कलर और स्टाइलिंग लुक को पेश करते हुए शोस्टॉपर के रूप में कार्यक्रम में अपनी छाप छोड़ी।

## गोल्ड लोन मे रिकॉर्ड 56 फ़ीसदी की वृद्धि

**मुंबई ।** देश में सोने पर लोन लेने वालों की संख्या दिनों दिन बढ़ती चली जा रही है। पिछले 1 वर्ष में गोल्ड लोन मैं 56 फ़ीसदी की वृद्धि हुई है। होम लोन में 18 फ़ीसदी की वृद्धि हुई है।बाकी सभी सेक्टर में लोन लेने वालों की संख्या घटी है।केवल गोल्ड में कर्ज लेने वालों संख्या तेजी के साथ बढ़ रही है। प्रमुख 9 कैटेगरी में लोन के सबसे अधिक 56 फ़ीसदी की तेजी गोल्ड लोन में देखी गई है। इसके बाद 18 फ़ीसदी की वृद्धि हाउसिंग लोन में है।जो दूसरे नंबर पर है। पर्सनल लोन लेने वालों की संख्या 11 फ़ीसदी बढ़ी है। पिछले वर्ष 23 फ़ीसदी थी, जो अब घटकर 11 फ़ीसदी रह गई है। देश में जिस तरह से महंगाई और बेरोजगारी बढ़ रही है।उसके बाद देश में लोन लेने का ट्रेंड भी तेजी के साथ बदल रहा है। भारत में 9 कैटेगरी में रिटेल लोन 47.8 फ़ीसदी,पर्सनल लोन 26.7 फ़ीसदी, व्हीकल लोन 11.7 फ़ीसदी, क्रेडिट कार्ड पर लोन 5.03 फीसदी, गोल्ड पर 2.9 फ़ीसदी,एजुकेशन लोन 2.5 फ़ीसदी,एफड़ी पर 2.4 फ़ीसदी लोन वित्तीय संस्थाओं द्वारा दिया गया है।

## देश में ग्लूकोज मॉनिटरिंग बाजार दो प्रतिशत चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ेगा

**मुंबई ।** भारत में मधूमेह के बढ़ते मामलों के बीच आई एक रिपोर्ट के अनुसार, देश में ग्लूकोज मॉनिटरिंग बाजार 2024-33 के दौरान दो प्रतिशत चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ने का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में डायबिटीज के बढ़ते मामलों के साथ-साथ विश्वसनीय मॉनिटरिंग टूल्स तक सीमित पहुंच, एक बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती पेश करती है। 2024 में, भारत का ग्लूकोज मॉनिटरिंग बाजार एशिया-प्रशांत बाजार का करीब 10 प्रतिशत हिस्सा होगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह स्थानीय जरूरतों के अनुरूप किफायती और इनोवेटिव सॉल्यूशन पर बढ़ते फोकस को दिखाता है। रिपोर्ट में बताया गया हैं कि भारत में ग्लूकोज मॉनिटरिंग सॉल्यूशन की बढ़ती उपलब्धता के बाद भी अफोर्डिबिलिटी, यूजर एजुकेशन और एक्सेसेबिलिटी को लेकर खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में एक बड़ा अंतर बना हुआ है। लोकल स्तर पर मैन्युफैक्चर किए गए डिवाइस इस अंतर को खत्म कर सकते हैं। भारत में डायबिटीज का बोझ केयर डिलीवरी में अंतर को खत्म करने और डायबिटीज मैनेजमेंट को लगातार प्रमोट करने की तत्काल जरूरत को दिखाता है। हेल्थकेयर इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाना और कम्युनिटी लेवल पर बढ़ती जागरूकता डायबिटीज मैनेजमेंट के तरीके को बेहतर बना सकते हैं और देश भर में दीर्घकालिक स्वास्थ्य परिणामों को बेहतर बनाने के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। एक रिपोर्ट से पता चला है कि भारत में ग्लूकोज मॉनिटरिंग डिवाइस का बाजार 2024 में 366.53 मिलियन डॉलर का था। रिपोर्ट में कहा गया है कि पूर्वानुमान अवधि में 2030 तक 7.08 प्रतिशत की सीएजीआर के साथ प्रभावशाली वृद्धि का अनुमान है।

# फैड के फैसले के बाद शेयर बाजार टूटा

## सेंसेक्स 964 , निफ्टी 247 अंक गिरा

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को भारी गिरावट पर बंद हुए। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही अमेरिकी फेडरल रिजर्व (फैड) के ब्याज दरों में कटौती को लेकर आये फैसले से आई है। जिससे बाजार में बिकवाली हावी रही। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स गुरुवार को 1.20 अंक तकरीबन 964.15 अंक नीचे आकर बंद हुआ। इसी तरह 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 1.02 फीसदी करीब 247.15 अंक नीचे आकर 23,951.70 पर बंद हुआ। अमेरिकी फेडरल रिजर्व नेलगातार तीसरी बार ब्याज दर में 25 बेसिस अकों) की कटौती की है। अब ब्याज दर 4.25 फीसदी से 4.5 फीसदी के बीच है। फेड ने हालांकि संकेत दिया है कि आगे ब्याज दरों में कटौती धीमी हो सकती है, जिससे निवेशक सतर्क हो गए हैं। फेड की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक साल 2025 में केवल दो और बार कटौती की संभावना है, जबकि सितंबर में चार कटौती की उम्मीद जताई गई। एशिया-पैसिफिक के शेयर बाजार में भी गुरुवार को गिरावट दर्ज की गयी। यह गिरावट वॉल स्ट्रीट पर भारी बिकवाली के बाद आई। इस बीच, जापान मुख्य केन्द्र रहा, जहां बैंक ऑफ जापान ने अपनी दो-दिवसीय पॉलिसी बैठक समाप्त खत्म की और ब्याज दर 0.25 फीसदी पर बनाए रखने का फैसला किया। फेड के ब्याज दरों में कटौती के फैसले के बाद भारत सहित दुनिया भर के शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट आई है। फेडरल रिजर्व ने 2024 में तीसरी बार ब्याज दरों में कटौती की है। फेडरल रिजर्व की कटौती के इस फैसले से वित्तीय बाजारों में अनिश्चितता की लहर पैदा कर दी है। इससे डॉलर के मुकाबले रुपया निचले स्तर पर पहुंच गया है।

जिससे भी निवेशक बाजार से दूर हुए हैं। दिग्गज कंपनियों एचडीएफसी बैंक, इंफोसिस, आईसीआईसीआई बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में भारी गिरावट से भी बाजार पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। विदेशी निवेशकों के घरेलू शेयर बाजारों से पैसा निकालने की वजह से भी स्टॉक मार्केट में गिरावट आई है।

इससे पहले आज सुबह बाजार में भारी गिरावट रही। इसी कारण सेंसेक्स करीब 1,000 अंक की गिरावट के साथ खुला। इस दौरान सभी क्षेत्रों में गिरावट दर्ज की गयी। सुबह सेंसेक्स 921.28 अंक करीब 1.15 फीसदी गिरावट के साथ 79,260.92 अंक पर कारोबार कर रहा था। वहीं निफ्टी 282.35 अंक तकरीबन 1.17 फीसदी नीचे आकर 23,916.50 अंक पर खुला।

### निवेशकों को 5.94 लाख करोड़ का घाटा

इस गिरावट के बीच ही बीएसई सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकर 5.94 लाख करोड़ रुपये से घटकर 446.66 लाख करोड़ रुपये रह गया है। इस दौरान एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एसबीआई और एचसीएल टेक के शेयर नीचे आये इसके अलावा एक्सिस बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक बैंक और बजाज फाइनेंस के शेयरों में भी गिरावट रही। अमेरिका में रेट से जुड़ी आईटी कंपनियों के शेयर 5 फीसदी नीचे आये। एलटीआईमाइंडट्री, एमफेसिस और विप्रो के शेयरों में भी भारी गिरावट रही। इस बीच शेयर बाजार में उतारचढ़ाव के बीच ही इंडिया वीआई एक्स इंडेक्स 5 फीसदी उछलकर 14.37 पर पहुंच गया।

गौरतब है कि फेडरल रिजर्व ने नीतिगत ब्याज दरों में 0.25 फीसदी की कमी की है।

# विदेशों से पैसा भेजने वालों में भारत दुनिया में नंबर वन पर

## 2024 में 10.7 लाख करोड़ रुपए रेमिटेंस के रूप में स्वदेश भेजे

**नई दिल्ली।**

विदेश से अपने देश पैसे भेजने वालों में भारतीय दुनियाभर में अव्वल हैं लगातार तीसरे साल भी यह सिलसिला बरकरार है। भारतीयों ने 2024 में 129 बिलियन डॉलर यानी करीब 10.7 लाख करोड़ रुपए भारत भेजे हैं। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में 8.95 लाख करोड़ रुपए रेमिटेंस के रूप में स्वदेश भेजे गए थे। विश्व बैंक की एक ब्लॉग पोस्ट के मुताबिक रेमिटेंस पाने में भारत के बाद मैक्सिको, चीन, फिलीपींस और पाकिस्तान का नंबर आता है। रेमिटेंस विदेशी मुद्रा अर्जित करने का एक जरिया है। भारत में खाड़ी देशों के अलावा अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा जैसे विकसित देशों से रेमिटेंस आता है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक इस साल रेमिटेंस की वृद्धि दर 5.8 फीसदी रही, जो 2023 के मुकाबले 1.2 फीसदी ज्यादा है। महामारी के बाद आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) के सदस्य देशों में नौकरी बाजार की रिकवरी को इस वृद्धि का मुख्य कारण बताया है।

रिपोर्ट में यह भी बताया कि पिछले दशक में रेमिटेंस में 57 फीसदी की वृद्धि हुई है, जबकि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में 41 फीसदी की गिरावट आई है। विश्व बैंक ने कहा कि निम्न और मध्यम आय वाले देशों में रेमिटेंस प्रवाह 2024 में 685 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। रिपोर्ट में यह भी कहा कि प्रेषण अन्य बाहरी वित्तीय प्रवाहों की तुलना में तेजी से बढ़ रहा है और इसमें भविष्य में और बढ़ोतरी की संभावना है। दक्षिण एशिया में रेमिटेंस प्रवाह 2024 में 11.8 फीसदी की वृद्धि के साथ सबसे ज्यादा बढ़ने का अनुमान है। इस क्षेत्र में भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश




प्रमुख योगदानकर्ता रहे। बता दें 2022 में प्रवासी भारतीयों ने 111.22 बिलियन डॉलर यानी करीब 9.28 लाख करोड़ रुपए भारत भेजे थे। इस कारण भारत 100 बिलियन डॉलर यानी 8.34 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा रेमिटेंस पाने वाला पहला देश बन गया था। विश्‍व बैंक विशेषज्ञों का कहना है कि रेमिटेंस का इस्‍तेमाल गरीबी उन्मूलन, स्वास्थ्य और शिक्षा के वित्तपोषण, और परिवारों की वित्तीय समावेशन में किया जाना चाहिए।

## सोने और चांदी की कीमतें गिरीं

**नई दिल्ली ।** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोने और चांदी की कीमतों के नीचे आने से घरेलू बाजारों में भी गुरुवार को सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट आई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में सोने की कीमतें 0.93 फीसदी नीचे आकर 75,938 रुपए प्रति 10 ग्राम जबकि चांदी 2.50 फीसदी फिसलकर 88,116 रुपए प्रति किलोग्राम रही गयीं। गत बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 200 रुपए टूटकर 79,100 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गई। पिछले सत्र में 99.9 फीसदी शुद्धता वाले सोने की कीमत 79,300 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। तीन दिन की गिरावट के बाद बुधवार को चांदी 500 रुपए उछलकर 92,000 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। वहीं मंगलवार को यह 91,500 रुपए प्रति किलोग्राम पर थी। पिछले तीन सत्रों में चांदी 5,500 रुपए प्रति किलोग्राम गिरी है।




## इलेक्ट्रिक स्कूटर एथर रिज्टा की कीमत में बढ़ोतरी




**नई दिल्ली ।** एथर एनर्जी कंपनी ने अपने पॉपुलर फैमिली इलेक्ट्रिक स्कूटर एथर रिज्टा की कीमत बढाने की घोषणा की है। एथर एनर्जी ने जानकारी दी है कि 1 जनवरी 2025 से इस स्कूटर की कीमत में 4,000 से 6,000 रुपये तक का इजाफा किया जाएगा। फिलहाल भारतीय बाजार में एथर रिज्टा की कीमत 1.10 लाख रुपये से 1.47 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) के बीच है। एथर रिज्टा इलेक्ट्रिक स्कूटर को भारतीय बाजार में तीन वेरिएंट्स और सात कलर ऑप्शन के साथ लॉन्च किया गया है। यह स्कूटर अपने सेगमेंट में टीवीएस आईक्यूब और ओला एस1 एयर जैसे इलेक्ट्रिक स्कूटरों को कड़ी टक्कर देता है। एथर रिज्टा की सबसे बड़ी खासियत इसका 56 लीटर का विशाल स्टोरेज स्पेस है, जो इसे भारत का पहला ऐसा इलेक्ट्रिक स्कूटर बनाता है जिसमें इतना बड़ा स्टोरेज स्पेस दिया गया है। इसमें सीट के नीचे 34 लीटर का बूट स्पेस और फ्रंट एप्रॉन पर 22 लीटर का फ्रंक शामिल है। एथर रिज्टा में 4.3 किलोवॉट मोटर दी गई है, जो एथर 450एक्स में भी इस्तेमाल की जाती है। स्कूटर में दो बैटरी पैक विकल्प दिए गए हैं - 2.9केडब्ल्यूएच और 3.7केडब्ल्यूएच, जो क्रमशः 123 किमी और 160 किमी की रेंज देते हैं। चार्जिंग टाइम की बात करें तो 2.9केडब्ल्यूएच बैटरी को फुल चार्ज होने में 6 घंटे 40 मिनट और 3.7केडब्ल्यूएच बैटरी को 4 घंटे 30 मिनट का समय लगता है।

# चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए गतिरोध समाप्त, भारत और पाकिस्तान के बीच बनी सहमति

**दुबई (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान के बीच 2024 से 2027 तक चैंपियंस ट्रॉफी और आईसीसी स्पर्धाओं के लिए हाइब्रिड मॉडल पर सहमति बन गई है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कहा है कि चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के गतिरोध को समाप्त हो गया है और भारत और पाकिस्तान ने हाइब्रिड मॉडल पर सहमति व्यक्त की है। दोनों पक्षों में हुए समझौते के तहत आठ टीमों की चैंपियंस ट्रॉफी स्पर्धा में भारत के मैच तटस्थ स्थल पर खेले जाएंगे। इसके बदले में भारत में आयोजित होने वाली आईसीसी स्पर्धाओं में भारत के साथ पाकिस्तान के मैच भी तटस्थ स्थल पर होंगे।

दोनों पक्षों में हुए समझौते पर आईसीसी बोर्ड में मतदान हो सकता है। यह समझौता पाकिस्तान में पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी 2025, भारत में वर्ष 2025 में होने वाले महिला एकदिवसीय विश्वकप तथा 2026 में भारत और श्रीलंका में आयोजित होने वाले पुरुष टी-20 विश्वकप पर लागू होगा। ऐसा माना जा रहा है यह 2028 में पाकिस्तान में होने वाले महिला टी-20 विश्वकप पर भी यह लागू हो सकता है। तटस्थ स्थल का प्रस्ताव टूर्नामेंट के मेजबान बोर्ड द्वारा किया जाएगा और उसे आईसीसी द्वारा अनुमोदित किया जायेगा।

आईसीसी ने कहा है कि उसे भारत, पाकिस्तान और किसी अन्य एशियाई पूर्ण सदस्य राष्ट्र को शामिल करने वाले त्रिकोणीय टी-20 टूर्नामेंट के आयोजन पर कोई आपत्ति नहीं है, बशर्ते कि ऐसे टूर्नामेंट तटस्थ स्थल पर खेले जाएं। इस तरह की त्रिकोणीय श्रृंखला का विचार अगले साल की चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के मैचों की मेजबानी खोने के लिए पाकिस्तान के मुआवजे के रूप में आया।



# रियाल मैड्रिड ने इंटरकॉन्टिनेंटल कप जीता, कोच एंसेलोटी ने बनाया रिकॉर्ड



**लुसैल (कतर) (एजेंसी)।** रियाल मैड्रिड ने मैक्सिको की टीम पचुका को 3-0 से हराकर इंटरकांटिनेंटल कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता, जिससे कार्लो एंसेलोटी क्लब के इतिहास में सर्वाधिक ट्राफियां जीतने वाले कोच बन गए।

रियाल मैड्रिड ने एंसेलोटी के कोच रहते हुए अपना 15वां खिताब जीता। एंसेलोटी ने इस तरह से मिगुएल मुनोज़ को पीछे छोड़ा जिन्होंने 1960 और 70 के दशक में स्पेन के इस क्लब का कोच रहते हुए 14 खिताब जीते थे। एंसेलोटी ने मैच के बाद कहा, 'मैं इस जीत से बहुत खुश हूं। हमारी शुरुआत बहुत अच्छी नहीं रही लेकिन हमने अच्छा अंत किया।'

किलियन एम्बाप्पे, रोड्रिगो और विनीसियस जूनियर ने एक-एक गोल किया जिससे रियाल मैड्रिड चार खिताबों के साथ प्रतियोगिता में सबसे सफल क्लब बन गया। इससे पहले उसने 1960, 1998 और 2002 में भी यह टूर्नामेंट जीता था।

# क्रिकेटर के तौर पर खेलता रहूंगा: अश्विन



### -2025 सत्र में सीएसके की ओर से खेलेंगे

**चेन्नई (एजेंसी)।** अनुभवी स्पिन आर अश्विन ने कहा है कि भले ही उन्होंने अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह दिया है पर एक क्रिकेटर के तौर पर वह अभी खेलते रहेंगे। उन्होंने कहा कि मैं जितने अधिक समय तक हो उतने लंबे समय तक खेलता रहूंगा। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट के ड्रॉ होने के तत्काल बाद ही अश्विन ने खेल को अलविदा कह दिया था। इसी के साथ ही भारतीय टीम के साथ उनका 14 साल का करियर भी समाप्त हो गया। अब अश्विन आगामी आईपीएल 2025 सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की ओर से खेलने को तैयार हैं। उन्हें पिछले महीने मेगा नीलामी में 9.75 करोड़ रुपए में खरीदा गया था।

अश्विन ने कहा, मैं सीएसके के लिए खेलने जा रहा हूं और अगर मैं लंबे समय तक खेलने की कोशिश करता हूं तो हैरान न हों। मुझे नहीं लगता कि अश्विन क्रिकेटर के तौर पर खेलना बंद कर चुके हैं, मुझे लगता है कि अश्विन के भारतीय क्रिकेटर के तौर पर शायद अब खेलने का समय आ गया है। बस इतना ही। अपने संन्यास के बारे में बात करते हुए अश्विन ने खुलासा किया कि यह फैसला सहज था और उन्हें राहत और संतुष्टि की भावना का अनुभव हो रहा है। उन्होंने कहा, यह बहुत से लोगों के लिए भावनात्मक है। यह भावनात्मक होगा, शायद यह उनके दिमाग में उतर जाए। लेकिन मेरे लिए, यह राहत और संतुष्टि की बहुत बड़ी भावना है।

अश्विन ने 106 टेस्ट मैचों में 24 की औसत से 537 विकेट के साथ अपने करियर का अंत किया और दिग्गज लेग स्पिनर अनिल कुंबले के बाद भारत के दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। उन्होंने बल्ले से छह टेस्ट शतक और 14 अर्द्धशतक भी लगाए। उनका आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच एडिलेड में खेला गया डे-नाइट टेस्ट था जिसमें उन्होंने 1-53 रन बनाए थे।

# मेलबर्न टेस्ट में जसप्रीत बुमराह रच सकते हैं इतिहास, निशाने पर कई दिग्गजों का महारिकॉर्ड

**मेलबर्न (एजेंसी)।** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट सीरीज के तहत तीन मैच खेला जा चुके हैं। जिसमें से दोनों टीमों ने एक-एक मैच जीतकर सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली है जबकि एक मैच ड्रॉ रहा। वहीं अब चौथा टेस्ट दोनों टीमों के बीच 26 दिसंबर से मेलबर्न क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मुकाबले में बुमराह के पास अनोखा रिकॉर्ड बनाने का मौका होगा।



### बुमराह को महज 6 विकेट की दरकार

बुमराह अगर इस मैच में 6 विकेट हासिल कर लेते हैं तो वह टेस्ट क्रिकेट में अपने 200 विकेट पूरे कर लेंगे। बुमराह ने अभी तक खेले गए 43 टेस्ट की 83 पारियों में 194 विकेट लिए हैं। बुमराह मेलबर्न में इस आंकड़े को छू लेते हैं तो वह भारत के लिए सबसे तेज 200 टेस्ट विकेट लेने के मामले में रविंद्र जडेजा के साथ संयुक्त रूप से दूसरे नंबर पर आ जाएंगे।

वहीं बतौर तेज गेंदबाज भारत के लिए सबसे तेज 200 टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज बनेंगे। फिलहाल ये रिकॉर्ड कपिल देव के नाम है, जिन्होंने 50वें टेस्ट में ये मुकाम हासिल किया था।

बुमराह ने तीनों फॉर्मेट को मिलाकर खेले गए 202 मैच की 240 पारियों में 432 विकेट लिए हैं। अगर वह 3 विकेट हासिल कर लेते हैं भारत के लिए सबसे ज्यादा इंटरनेशनल विकेट लेने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में इशांत शर्मा को पछाड़कर नौवें नंबर पर आ जाएंगे। इशांत ने इंटरनेशनल क्रिकेट में 199 मैच की 280 पारियों में 434 विकेट झटके हैं।

### वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में 150 विकेट

बुमराह अगर 5 विकेट ले लेते हैं तो कामयाब होते हैं तो वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में 150 विकेट लेने वाले भारत के दूसरे और दुनिया के पांचवें गेंदबाज बन जाएंगे। अभी तक रविचंद्रन अश्वि, नाथन लियोन, पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क की इस आंकड़े तक पहुंचे हैं। बुमराह ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में 33 टेस्ट की 63 पारियों में 145 विकेट लिए हैं।

# जब मीडिया पर भड़के विराट



मेलबर्न । भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली यहां मेलबर्न एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद उस समय एक मीडियाकर्मी पर भड़क गये जब उसने कैमरे का फोकस उनके परिवार पर कर दिया। इसी को लेकर कोहली की एक पत्रकार के साथ तीखी बहस हुई, क्योंकि वह अपने परिवार पर कैमरों की मौजूदगी से परेशान हो गये। ये मामला तब का है जब रिपोर्टर ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड का साक्षात्कार ले रहे थे। तभी विराट कोहली और उनका परिवार वहां पहुंचा। तभी मीडियाकर्मियों के कैमरे उनके परिवार पर घूम गये। कोहली इस प्रकार अपने परिवार की सार्वजनिक स्थान पर तस्वीरें लिए जाने से नाराज हो गये। इसी को लेकर एक मीडिया कर्मचारी ने कहा, कोहली को लगा कि मीडिया उनके बच्चों की तस्वीरें खींच रहा है जबकि ये सही नहीं था। कोहली ने कहा, मेरे बच्चों के साथ मुझे प्राइवेसी की जरुरत है, आप मुझसे पूछे बिना फिल्म नहीं बना सकते। बाद में, जब मीडिया ने बताया कि उनके बच्चों को फिल्माया नहीं जा रहा है, तो विराट ने मीडिया के सामने अपनी स्थिति स्पष्ट की और कैमरामैन से हाथ मिलाया। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में विराट अब तक केवल एक शतक लगाने के अलावा असफल रहे हैं। पिछले तीन मैचों में उन्होंने केवल 21 रन बनाए हैं। अभी ये सीरीज फिलहाल 1-1 से बराबरी पर है।

# अश्विन के बाद रोहित शर्मा और विराट कोहली कर सकते हैं संन्यास की घोषणा!

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महान भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने हाल ही में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट के पूरा होने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। अश्विन के अचानक संन्यास लेने के फैसले से कई प्रशंसक हैरान रह गए। इस तरह वह एमएस धोनी के बाद बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के बीच संन्यास की घोषणा करने वाले दूसरे हाई प्रोफाइल क्रिकेटर बन गए।

इस बीच, विशेषज्ञों के अनुसार, अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा अश्विन के नक्शेकदम पर चलकर जल्द ही संन्यास की घोषणा कर सकते हैं। फिलहाल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रही टेस्ट सीरीज के दौरान दोनों दिग्गज बल्लेबाजों की बल्लेबाजी तकनीक जांच के दायरे में है। जहां रोहित का पिछली 11 पारियों में औसत 11.69 का रहा है, वहीं ऑफ स्टंप के बाहर गेंद से निपटने में कोहली की तकनीक को ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों ने पूरी तरह से उजागर कर दिया है।

सूत्रों के मुताबिक, कोहली और रोहित अगले महीने की शुरुआत में सिडनी में अपना आखिरी टेस्ट खेल सकते हैं। टीम इंडिया पूरी तरह से परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। ऐसे में कोहली और रोहित युवा और प्रतिभाशाली क्रिकेटरों के लिए रास्ता बनाने के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के बाद अपनी सेवानिवृत्ति की घोषणा कर सकते हैं। ऐसी अटकलें भी लगाई जा रही हैं कि स्पिन ऑलराउंडर रवींद्र जड़ेजा भी सीरीज के बाद संन्यास की घोषणा कर सकते हैं।



# विराट से मिलने की इच्छा जताई सिमरन शेख ने

नई दिल्ली। भारत के दिग्गज क्रिकेटर विराट कोहली से अनकैप्ड बल्लेबाज सिमरन शेख ने मिलने की इच्छा जताई। महिला प्रीमियर लीग 2025 की नीलामी में गुजरात जायंट्स द्वारा 1.9 करोड़ रुपए में खरीदे जाने के बाद सिमरन सुर्खियों में आईं। हाल ही में सिमरन ने यह भी खुलासा किया कि विराट उनके पसंदीदा खिलाड़ी हैं और उनका लक्ष्य भारत का प्रतिनिधित्व करना है, जिसके लिए वह हर संभव प्रयास कर रही हैं। सिमरन ने कहा, मेरा सपना एक बार विराट कोहली से मिलना है। मुझे बस भारत की जर्सी चाहिए और इसलिए मैं ये सब प्रयास कर रही हूं। अनकैप्ड बल्लेबाज के लिए दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात स्थित फ्रैंचाइजी बोली लगाने की होड़ में शामिल हुई। उनका बेस प्राइस 5 लाख रुपए था और जायंट्स ने उन्हें 1.9 करोड़ रुपए की भारी भरकम राशि में खरीदा। टूर्नामेंट के पहले सीजन में सिमरन ने गुजरात स्थित फ्रैंचाइजी के लिए खेला और 9 मैचों में हिस्सा लिया। सिमरन को लगता है कि फ्रैंचाइजी में योगदान देना उनकी जिम्मेदारी है और उन्होंने कहा, मैं जीजी (गुजरात जायंट्स) परिवार का शुक्रिया अदा करती हूं। इतनी बड़ी रकम मिलने के बाद अब उनके लिए प्रदर्शन करना मेरी जिम्मेदारी है। मैं अपने माता-पिता का शुक्रिया अदा करती हूं क्योंकि मेरे समुदाय में ऐसी चीजों के लिए ज़्यादा समर्थन नहीं है, लेकिन उन्होंने हमेशा मेरा साथ दिया। नीलामी पर बोलते हुए मुख्य कोच माइकल क्लिंगर ने कहा कि टीम की प्राथमिकता ऐसे खिलाड़ियों को हासिल करना है जो प्लेइंग 11 में प्रभाव डाल सकें और सिमरन टीम के लिए एक मूल्यवान खिलाड़ी हैं। उन्होंने कहा, सिमरन शेख टीम के लिए एक और मूल्यवान खिलाड़ी हैं। वह बहुत ताकत लेकर आती हैं और उनका स्ट्राइक रेट भी शानदार है। महिला क्रिकेट में ऐसी मुट्ठी भर खिलाड़ी ही हैं जो ऐसा कर सकती हैं।



# भारतीय टीम उत्साहित होकर मेलबर्न पहुंची

## जीत की हैट्रिक लगाने उतरेगी भारतीय टीम

**मेलबर्न (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉक्सिंग डे से होने वाले चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच के लिए यहां पहुंच गयी है। अभी तक ये सीरीज 1-1 से बराबरी पर है। पहला टेस्ट भारतीय टीम ने जीता था जबकि दूसरा मेजबान ऑस्ट्रेलिया ने जीता। मेलबर्न क्रिकेट मैदान (एमसीजी) पिछले एक दशक से भारतीय टीम के लिए अच्छा साबित हुआ है और एक प्रकार से घरेलू मैदान की तरह ही बन गया है। भारतीय टीम ने पिछले एक दशक में यहां 3 टेस्ट मैच खेले हैं। इनमें से उसे दो में जीत मिली है जबकि मेजबान टीम एक भी मैच नहीं जीती है। दोनों टीमें अब 26 दिसंबर से ही यहां खेलेंगी। भारतीय टीम यहां जीत की हैट्रिक बनाने के इरादे के साथ मैदान पर उतरेगी।



पिछले आंकड़ों पर नजर डालें तो भारतीय टीम ने मेलबर्न में पहला टेस्ट 1948 में खेला। इस साल उसने यहां दो टेस्ट मैच खेले जिसमें से उसे एक में पारी की हार का सामना करना पड़ा जबकि उसने मैच में 233 रन से टीम हारी इसके बाद 1968 में भारतीय टीम की यहां पारी से हार हुई। इस तरह ऑस्ट्रेलिया ने मेलबर्न में भारत के खिलाफ लगातार तीन जीत दर्ज की। कुल रिकॉर्ड की बात करें तो भारतीय टीम ने मेलबर्न में अब तक 14 टेस्ट मैच में से 4 मैच जीते हैं, जबकि 8 वह हारी है और 2 टेस्ट मैच ड्रॉ रहे हैं।

भारत को ऑस्ट्रेलिया में पहली जीत 1978 में बिशन सिंह बेदी की कप्तानी में मिली। भारतीय टीम ने यहां 222 रन से मुकाबला जीता। इस जीत में मुख्य भूमिका महान स्पिनर भगवत चंद्रशेखर ने 12 विकेट लेकर निभाई थी जबकि सुनील गावस्कर ने शतक लगाया था।

विराट कोहली की कप्तानी में भारत ने 2018 में ऑस्ट्रेलिया को 137 रन से हराया था। वहीं 2020 में विराट कोहली के बीच में ही सीरीज से लौटन पर अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 8 विकेट से हराया था।

# सनवे सिट्जस ब्लिट्ज़ : भारत के इलामपारथी रहे उपविजेता, ईरान के महदी बने विजेता



बार्सिलोना । दुनिया के प्रतिष्ठित शतरंज टूर्नामेंट में शुमार सनवे सिट्जस इंटरनेशनल शतरंज महोत्सव में इस क्लासिकल के साथ साथ रैपिड और ब्लिट्ज़ के मुक़ाबले भी खेले जा रहे है और कल इसमें सम्पन्न हुए इंटरनेशनल ब्लिट्ज़ शतरंज टूर्नामेंट में 31 देशो के करीब 100 चुनिन्दा खिलाड़ियों नें भाग लिया और इसमें भारत के उभरते हुए शतरंज खिलाड़ी एआर इलामपारथी नें शानदार खेल दिखाते हुए दूसरा स्थान हासिल किया । बड़ी बात यह रही की सातवें वरीय इलामपारथी नें इस दौरान अंतिम तीन राउंड में लगातार तीन जीत दर्ज की उन्होनें सातवे राउंड में कनाडा के इंटरनेशनल मास्टर एंथनी अटनासोव को फिर आठवे राउंड में टॉप सीड जर्मनी के ग्रांड मास्टर अलेक्ज़ेंडर डोनचेंकों को और नौवे फाइनल राउंड में जॉर्जिया के फीडे मास्टर डेनियल सफ़रोव को पराजित करते हुए कुल 8 अंक बनाए । ईरान के ग्रांड मास्टर छठे वरीय महदी घोलामी 8.5 अंक बनाकर पहले स्थान पर रहे और पिछले दिनो एलोब्रेगात ब्लिट्ज़ जीतने के बाद यह उनका दूसरा ब्लिट्ज़ खिताब है । 7 अंक बनाकर बेहतर ट्राईब्रेक के आधार पर फ्रांस के लोइक त्रावडोन तीसरे स्थान पर रहे ।

# जिम्बाब्वे 54 पर ऑलआऊट, अफगानिस्तान की मिली सबसे बड़ी वनडे जीत

खेल डैस्क - अफगानिस्तान ने हरारे के मैदान पर जिम्बाब्वे को 232 रन से हराकर इतिहास रच दिया है। यह रनों के लिहाज से अफगानिस्तान की सबसे बड़ी जीत है। सेदिकुल्लाह अटल (104) की शतकीय और अब्दुल मलिक (84) की अर्धशतकीय पारियों की मदद से अफगानिस्तान ने पहले खेलते हुए 286 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी जिम्बाब्वे की टीम 54 रन पर ऑल आऊट हो गई। जिम्बाब्वे का यह अफगानिस्तान के खिलाफ सबसे न्यूनतम टोटल भी रहा। जिम्बाब्वे की फारूकी, उमरजई और नवीद जादरान की स्विंग और सीम के आगे कमजोरी उजागर हो गई। बेन कुरेन के दुर्भाग्यशाली रन-आउट को छोड़कर, बाकी बल्लेबाज टिक ही नहीं पाए। जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान के लिए सेदिकुल्लाह अटल और अब्दुल मलिक की सलामी जोड़ी बेहतरीन शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 191 रनों की साझेदारी की। 35वें ओवर में एन न्याम्हुरी ने अब्दुल मलिक (84) को बोल्ड कर जिम्बाब्वे को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद उन्होंने अजमतउल्लाह ओमरजई (5) को भी आउटकर पवेलियन भेज दिया। तीसरे विकेट के रूप में रहमत शाह (1) रन बनाकर आउट हुए। 43वें ओवर में एन न्याम्हुरी ने सेदिकुल्लाह अटल को भी अपना शिकार बना लिया। सेदिकुल्लाह अटल ने 128 गेंदों में 8 चौके और 4 छक्कों की मदद से 104 रनों की पारी खेली। 49वें ओवर में मोहम्मद नबी (18) रन बनाकर आउट हुए। आखिरी ओवर में इकराम अलीखिल (5) रन बनाकर आउट हुए। कप्तान हशमतउल्लाह शहीदी (29) रन बनाकर नाबाद रहे। अफगानिस्तान ने निर्धारित 50 ओवरों में 6 विकेट पर 286 का स्कोर खड़ा किया। जिम्बाब्वे की ओर से एन न्याम्हुरी ने 3 विकेट लिए। ट्रेवर ग्वांडू ने 2 बल्लेबाज को आउट किया।

# मेरे उतार-चढ़ाव में हमेशा साथ दिया, उसके लिए धन्यवाद : टिम साउथी

हैमिल्टन । न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउथी ने अपने विदाई टेस्ट मैच के बाद कहा कि मैंने वर्षों से खेलने का आनंद लिया है। इस अवसर पर मैं कुछ लोगों को धन्यवाद देना चाहता हूं। पिछले 17 वर्षों में उतार-चढ़ाव के दौर में न्यूजीलैंड क्रिकेट ने हमेशा साथ दिया। साथ ही सहयोगी स्टाफ को भी धन्यवाद देना चाहूंगा। प्रशंसकों को भी। प्रशंसकों के सामने आना हमेशा अच्छा होता है, और इस सप्ताह सेडॉन पार्क में भारी भीड़ के सामने खेलना बहुत खास रहा। अब मैं एक प्रशंसक के रूप में मैच देखने के लिए उत्सुक रहूंगा। साउदी ने 776 अंतर्राष्ट्रीय विकेटों के साथ खेल से संन्यास लिया है। वह सभी प्रारूपों में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले कीवी गेंदबाज हैं। साउथी ने 391 टेस्ट विकेट हासिल किए, जो रिचर्ड हैडली (431 विकेट) के बाद किसी भी न्यूजीलैंड गेंदबाज द्वारा दूसरा सबसे अधिक विकेट है। टी20 इंटरनेशनल में वह 164 विकेट के साथ अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। 221 एकदिवसीय विकेटों के साथ, वह काइल मिल्स (240 विकेट) और डैनियल विटोरी (297 विकेट) के बाद, कीवीज के लिए एकदिवसीय मैचों में तीसरे सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। वह निचले क्रम के एक सक्षम बल्लेबाज भी थे, जिन्होंने 394 मैचों में 14.11 की औसत और 8 अर्द्धशतकों के साथ 3,288 रन बनाए। इनमें से अधिकांश रन टेस्ट में आए, जिसमें 15.48 की औसत से 2,245 रन बने, जिसमें 7 अर्द्धशतक शामिल थे। टेस्ट में उन्होंने 98 छक्के लगाए हैं। ऐसा कर वह टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले प्लेयरों की सूची में चौथे स्थान पर आ गए हैं। उन्होंने क्रिस गेल की बराबरी की है।



# बेटे के संन्यास पर रविचंद्रन अश्विन के पिता का चौंकाने वाला खुलासा

**चेन्नई (एजेंसी)** । रविचंद्रन अश्विन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के बाद गुरुवार को स्वदेश लौट आए। अपने संन्यास के फैसले से क्रिकेट जगत को हैरान करने वाले अश्विन ऑस्ट्रेलिया से तुरंत वापस चले आए और उनका चेन्नई एयरपोर्ट पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। यहां तक कि अश्विन के पिता और मां जो चेन्नई लौटने पर आंखों में आंसू लिए उनसे मिले, ने भी माना कि यह खबर उनके लिए उतनी ही चौंकाने वाली थी जितनी कि दुनिया भर में उनके लाखों प्रशंसकों के लिए। अश्विन के पिता ने कहा कि टेस्ट के महान खिलाड़ी के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से अचानक संन्यास लेने के पीछे 'अपमान' एक कारण हो सकता है।

अश्विन के पिता ने एक मीडिया हाउस को बताया, 'मुझे भी आखिरी समय में पता चला। उसके दिमाग में क्या चल रहा था, मुझे नहीं पता। उसने बस घोषणा कर दी। मैंने भी इसे पूरी खुशी के साथ स्वीकार किया। मुझे इससे कोई परेशानी नहीं थी। लेकिन जिस तरह से उसने संन्यास लिया, उससे एक तरफ मैं बहुत खुश था, दूसरी तरफ खुश नहीं था क्योंकि उसे जारी रखना चाहिए था।'

उन्होंने कहा, '(संन्यास लेना) उसकी (अश्विन की) इच्छा है, मैं उसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकता, लेकिन जिस तरह से उसने संन्यास लिया, उसके कई कारण हो सकते हैं। केवल अश्विन ही जानता है, शायद अपमान के कारण। इसमें कोई संदेह नहीं है (परिवार के लिए भावनात्मक क्षण) क्योंकि वह 14-15 साल तक मैदान पर था। अचानक हुए बदलाव, रिटायरमेंट ने हमें वाकई एक तरह का झटका दिया।'

अश्विन अपने खेल के शीर्ष पर थे, खासकर टेस्ट क्रिकेट में लगभग एक दशक से। उन्होंने अपने करियर का अंत देश के लिए दूसरे सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में किया। न सिर्फ टेस्ट में बल्कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भी। अश्विन के पिता को लगता है कि वह खेलना जारी रख सकते थे, लेकिन उन्हें इसे छोड़ना पड़ा क्योंकि उन्हें 'अपमानित' किया जा रहा था।

उन्होंने कहा, 'निश्चित रूप से, इसमें कोई संदेह नहीं है (परिवार के लिए भावनात्मक क्षण), क्योंकि वह 14-15 साल तक मैदान पर था। अचानक हुए बदलाव - रिटायरमेंट - ने हमें वाकई एक तरह का झटका दिया। साथ ही, हम इसकी उम्मीद भी कर रहे थे क्योंकि अपमान हो रहा था। वह कब तक इन सब चीजों को बर्दाश्त कर सकते हैं? रविचंद्रन ने कहा, 'शायद, उन्होंने खुद ही फैसला किया होगा।'



संक्षिप्त खबरें

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने आयस्टर मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण सम्पन्न

**हज़ारीबाग/बिभा संवाददाता।** गुरुवार को प्लान इंडिया संस्थान द्वारा ग्राम चूरचू में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से दो दिवसीय आयस्टर मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में कोल्हू गांव से 12 और चूरचू गांव से 28 महिलाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को मशरूम उत्पादन की पूरी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों ने बताया कि महिलाएं सालभर मशरूम उत्पादन करके नियमित रूप से 10,000 से 15,000 तक की आय अर्जित कर सकती हैं। मशरूम एक ऐसा उत्पाद है, जो सालभर उत्पादन और बिक्री के लिए उपयुक्त है। महिलाएं प्रतिदिन केवल दो घंटे काम करके अपने परिवार की आय में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं। प्रशिक्षण में बताया गया कि कैसे महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान कर सकती हैं और समाज के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकती हैं। महिलाओं ने इस प्रशिक्षण में गहरी रुचि दिखाई और इसे एक अनूठा अवसर बताया। महिलाओं ने इस पहल के लिए प्लान इंडिया संस्थान को धन्यवाद दिया और कहा कि यह प्रशिक्षण उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगा।



## भाषा को किसी धर्म की सीमा मे नहीं बांधा जाना चाहिए : डॉ एस जेड हक

**हज़ारीबाग/बिभा संवाददाता।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग के अध्यक्ष डॉ एस जेड हक कोलकाता मे आयोजित गैर-मुस्लिम उर्दू विद्वानों के राष्ट्रीय संगोष्ठी की अध्यक्षता कर लौटे। बुधवार को आयोजित संगोष्ठी का आयोजन कोलकाता के हाजी मोहम्मद मोहसिन हाल में द मुस्लिम इंस्टिट्यूट के द्वारा किया गया था।डॉ हक ने इस संगोष्ठी के विद्वत सत्र की अध्यक्षता की। इस सत्र में उर्दू के ख्याति प्राप्त गैर-मुस्लिम विद्वानों मे मुख्य रूप से लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ के अमित कुमार, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के कुलदीप राज आनंद, एमएएनएनयू हैदराबाद, तेलंगाना के सथूपति झांसी तथा तरंग मौर्य, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली के उमा वसीता, मगध विश्वविद्यालय, बिहार के चंद्रभूषण तथा जेपी रोहिलखंड विश्वविद्यालय, बरेली के अनूप सिंह ने अपने-अपने पत्र प्रस्तुत किया। उक्त कार्यक्रम में स्वागत संबोधन राज्यसभा के सांसद तथा द मुस्लिम इंस्टिट्यूट के अध्यक्ष मोहम्मद नदीम उल हक ने किया। कार्यक्रम का संचालन द मुस्लिम इंस्टिट्यूट के साहित्यिक सचिव डॉ जावेद अख्तर ने किया।



## अमित शाह के टिप्पणी पर कांग्रेसियों ने किया विरोध प्रदर्शन

**हज़ारीबाग/बिभा संवाददाता।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश जी के निर्देशानुसार केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा भारत रत्न भीमराव आम्बेडकर के बारे में राज्यसभा में बेहद आपत्तिजनक और अपमान टिप्पणी किए जाने पर जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम से चलकर झंडा चौक तक विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि अमित शाह ने लोकतंत्र के मंदिर में बाबा साहब को जिस तरह अपमानित किया है, वो एक कुंठा और द्वेष से भरे मानसिकता वाला व्यक्ति ही कर सकता है। धरना-प्रदर्शन में महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत,प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा प्रदेश सचिव अवधेश कुमार सिंह, राजू चौरसिया, रघु जायसवाल, संजय तिवारी, साजिद हुसैन, गुड्डु सिंह, परवेज अहमद, अजित कुमार गुप्ता, मुगेश्वर प्रसाद चौधरी, मुस्ताक अंसारी, ऐनूल अंसारी,मो शब्बीर के अतिरिक्त कई कांग्रेसी उपस्थित थे।



# धनबाद में अपराधियों ने एक शख्स को मारी गोली, घायल

बिभा संवाददाता





**धनबाद।** कोयलांचल में गोलीबारी की घटना एक बार फिर से हुई है. ताजा मामला बलियापुर थाना क्षेत्र के मार्शलिंग यार्ड का है. यहां अज्ञात अपराधियों ने एक व्यक्ति को गोली मार दी है. आननफानन में गोली लगे व्यक्ति को एसएनएमएमसीएच लाया गया है. जहां उनका इलाज चल रहा है.
गोली लगे व्यक्ति का नाम प्रमोद कुमार सिन्हा है. परिजन महेश कुमार सिन्हा का कहना है कि प्रमोद कुमार सिंह मार्शलिंग यार्ड में लोडिंग का काम करते हैं. गुरुवार शाम को अज्ञात अपराधियों के द्वारा फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया. जिसमें प्रमोद कुमार सिंह को गोली लगी है. प्रमोद कुमार सिंह को शरीर में गोलियों के दो निशान पाए गए हैं. एक गोली के निशान पेट में है और दूसरा निशान छाती के नीचे है. बेहतर इलाज के लिए उन्हें रिम्स रेफर किया जा रहा है. वे प्रशासन से घटना की जांच की मांग करते हैं। इस वारदात को लेकर बलियापुर थाना प्रभारी आशीष भारती का कहना है कि फायरिंग की घटना को अंजाम देने के बाद मौके से सभी लोग फरार हो गए हैं. इस गोलीबारी में एक व्यक्ति को गोली लगी है, जिसका नाम प्रमोद कुमार सिन्हा है. जांच के दौरान मौके से एक खोखा भी बरामद किया गया है. पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। बता दें कि 17 दिसंबर को भी गोलीबारी की घटना घटी थी, जिसमें सीमेंट कारोबारी व एक स्थानीय नेता चेतन महतो को गोली लगी थी. अपराधियों ने उनकी दुकान पर पहुंचकर उनके ऊपर फायरिंग की थी. इस घटना के बाद लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है.
वहीं इस घटना के ठीक एक दिन पहले बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के बड़ा पिछड़ी गांव जाने वाले रास्ते में एक युवक का शव पाया गया था, उसे दो गोली मारी गई थी. शिनाख्त में पता चला कि युवा सदर थाना क्षेत्र के हीरापुर का रहने वाला था और वो किराना दुकान चलाता था. पुलिस अभी तक इन दो मामलों का खुलासा नहीं कर सकी है. अब फिर से यह घटना घटी है जो उनके लिए एक बड़ी चुनौती है.

## अंकिता और दीपिका सीनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप में करेंगी प्रतिस्पर्धा



बिभा संवाददाता

**जमशेदपुर।** टाटा तीरंदाजी अकादमी (टीएए) की अंकिता भक्त ने स्वर्ण पदक के लिए प्रतिष्ठित मैच में अपनी जगह बना ली है, जहां वह कल चल रहे सीनियर नेशनल (पुरुष और महिला) तीरंदाजी चैंपियनशिप में पूर्व टीएए कैडेट दीपिका कुमारी के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगी। .
चैंपियनशिप का आयोजन झारखंड तीरंदाजी संघ द्वारा भारतीय तीरंदाजी संघ, एनटीपीसी और टाटा स्टील के सहयोग से किया जा रहा है, जो देश के बेहतरीन तीरंदाजों की प्रतिभा को प्रदर्शित करता है।
महिला रिकर्व वर्ग में एलिमिनेशन राउंड आज शुरू हुआ, जिसमें 64 कुशल तीरंदाज श्रेष्ठता के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। अंकिता का शानदार प्रदर्शन टाटा तीरंदाजी अकादमी के लिए एक आकर्षण है, जिसमें एलिमिनेशन चरणों के दौरान भजन कौर और कोमलिका बारी सहित अकादमी के अन्य एथलीटों ने प्रभावशाली प्रदर्शन देखा।
इस दिन भारतीय राउंड और कंपाउंड तीरंदाजी श्रेणियों के लिए पुरस्कार वितरण भी हुआ। भारतीय तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष श्री अर्जुन मुंडा, टाटा तीरंदाजी अकादमी के प्रमुख कोच पद्मश्री पूर्णिमा महतो के साथ समारोह में शामिल हुए; मुकुल विनायक चौधरी, चीफ स्पोर्ट्स, टाटा स्टील; और हेमंत गुप्ता, प्रमुख खेल अकादमियां और साहसिक कार्यक्रम, टाटा स्टील।
चैंपियनशिप तीरंदाजी की भावना का जश्न मनाने के लिए जारी है, जो देश भर के एथलीटों को उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए एक साथ लाती है। टाटा तीरंदाजी अकादमी को अपने एथलीटों पर गर्व है, जो लगातार असाधारण कौशल और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करते हैं।

## 24 दिसंबर को प्रथम श्री श्याम समर्पण महोत्सव का भव्य आयोजन

बिभा संवाददाता

**हजारीबाग।** मुनका बगीचा प्रांगण में प्रथम श्री श्याम समर्पण महोत्सव का भव्य आयोजन 24 दिसंबर को भव्य और ऐतिहासिक स्वरूप में किया जाएगा। यह आयोजन श्री श्याम टाबरिया के सौजन्य से किया जा रहा है। महोत्सव में बाबा श्याम की दिव्य महिमा का गुणगान और उनके प्रति भक्ति भावना का भव्य प्रदर्शन होगा।गुरुवार को देर शाम आयोजन मंडली की ओर से हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन को महोत्सव में विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। साथ ही संस्था के सभी सदस्यों और शहर के गणमान्य नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस आयोजन में शामिल होकर बाबा श्याम की कृपा का अनुभव करें।
महोत्सव में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं। इसी क्रम में हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने महोत्सव में आने वाले श्याम भक्तों के लिए चाय-बिस्किट की सेवा प्रदान करने का प्रस्ताव रखा। आयोजक मंडली ने इस प्रस्ताव को सहर्ष स्वीकार करते हुए कहा, आप बाबा श्याम के भक्तों की सेवा के लिए आगे बढ़ें। बाबा के भव्य



दरबार में सेवा करना एक अद्भुत पुण्य कार्य है, और इसमें आपका योगदान सभी के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा।महोत्सव में बाबा श्याम के भजनों, कीर्तन और पूजा-अर्चना के साथ-साथ भक्तों के लिए विशेष प्रसाद वितरण और सेवा कार्यों का आयोजन भी किया जाएगा। श्रद्धालुओं के लिए सुगम व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु आयोजन मंडली पूरी तरह तत्पर है। आयोजन मंडली ने समस्त शहरवासियों से इस महोत्सव में भाग लेने और बाबा श्याम की कृपा प्राप्त करने की अपील की है। यह महोत्सव न केवल भक्ति का प्रतीक बनेगा, बल्कि समाज में सेवा और समर्पण की भावना को भी प्रेरित करेगा।चंद्र प्रकाश जैन ने कहा की कहा की श्री श्याम समर्पण महोत्सव में भाग लेना मेरे तथा समस्त सदस्यों के लिए एक अत्यंत सौभाग्य की बात है।

### आरोग्यम अस्पताल ने आयोजित किया एक दिवसीय मेगा नेत्र एवं चिकित्सक शिविर

## स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना हमारी जिम्मेदारी : जया सिंह

बिभा संवाददाता

हजारीबाग। आरोग्यम अस्पताल ने स्वास्थ्य सेवाओं को सुदूर क्षेत्रों तक पहुँचाने और समुदाय के लोगों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से पी.एम. श्री केंद्रीय विद्यालय, बीएसएफ मेरु कैंप में एक दिवसीय मेगा नेत्र एवं चिकित्सक शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में 650 से भी अधिक मरीजों ने भाग लिया और अपनी विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान पाया। शिविर में आरोग्यम अस्पताल के अनुभवी डॉक्टरों ने भाग लिया। जनरल फिजिशियन के रूप में डॉक्टर निखिल आनंद ने मरीजों की सामान्य बीमारियों जैसे बुखार, खांसी, जुकाम, और पेट दर्द का इलाज किया। नेत्र विशेषज्ञ के रूप में डॉक्टर विवेक कुमार ने नेत्र जांच की और मरीजों को उनकी आंखों से जुड़ी समस्याओं जैसे दृष्टि दोष और मोतियाबिंद के लिए परामर्श दिया। ईएनटी विशेषज्ञ ने शिविर में कान, नाक, और गले से संबंधित बीमारियों के निदान एवं उपचार के लिए ईएनटी सेवाएं उपलब्ध थीं। दंत चिकित्सक (ऑर्थोडॉन्टिस्ट) दांत क्षय, मसूड़ों की समस्या, और दांतों की सफाई जैसी सेवाओं के लिए विशेष परामर्श दिया गया। शिविर में आने वाले मरीजों को



निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, परामर्श, और आवश्यक दवाएं दी गईं। मरीजों को उनके रोग के आधार पर उचित परामर्श एवं उपचार की जानकारी दी गई। इसके अलावा, गंभीर बीमारियों की पहचान करने के लिए स्क्रीनिंग की गई, और कुछ मरीजों को आगे के इलाज के लिए रेफर किया गया। आरोग्यम अस्पताल हमेशा से जरूरतमंदों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। यह शिविर समाज में जागरूकता फैलाने और निवारक स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा देने का प्रयास है। निकट भविष्य में, अस्पताल विभिन्न क्षेत्रों में इसी तरह के स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने की योजना बना रहा है ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभ पहुंचाया जा सके। शिविर में आए मरीजों ने आरोग्यम अस्पताल और डॉक्टरों की टीम का आभार व्यक्त किया। मरीजों ने निःशुल्क सेवाओं और डॉक्टरों के सहानुभूतिपूर्ण रवैये की सराहना की। निर्देशक हर्ष अजमेरा ने कहा की हम आरोग्यम अस्पताल के इस मेगा नेत्र एवं चिकित्सक शिविर की सफलता पर गर्व महसूस करते हैं। हमारा उद्देश्य समाज के हर व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण और निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। इस शिविर के माध्यम से हमने 650 से अधिक मरीजों को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया, जो हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हमारे विशेषज्ञ डॉक्टरों और कर्मचारियों की मेहनत से यह शिविर संभव हो पाया है। हम भविष्य में भी इस तरह के शिविरों का आयोजन करते रहेंगे ताकि समाज में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता और निवारक देखभाल को बढ़ावा दिया जा सके। आरोग्यम अस्पताल का मिशन सिर्फ इलाज करना नहीं, बल्कि बेहतर जीवनशैली को प्रोत्साहित करना भी है। मैं उन सभी मरीजों का धन्यवाद करता हूँ जिन्होंने इस शिविर में भाग लिया और इसे सफल बनाया। हमारा प्रयास है कि हम स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुलभ बनाएं और हर जरूरतमंद तक पहुंचाएं। प्रशासक जया सिंह ने कहा की आरोग्यम अस्पताल के इस एक दिवसीय मेगा नेत्र एवं चिकित्सक शिविर का हिस्सा बनकर मुझे अत्यंत खुशी हो रही है। हमारा उद्देश्य हमेशा से समुदाय के लोगों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना रहा है। इस शिविर में 650 से अधिक मरीजों ने भाग लिया, जो इस प्रयास की सफलता को दर्शाता है। हमारे विशेषज्ञ डॉक्टरों और सहायक कर्मचारियों ने जिस समर्पण के साथ मरीजों की देखभाल की, वह सराहनीय है। यह शिविर न केवल स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का एक माध्यम था, बल्कि समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने का भी एक प्रयास था। आरोग्यम अस्पताल की पूरी टीम इस सफलता के लिए बधाई की पात्र है। हम भविष्य में भी ऐसे शिविरों का आयोजन करते रहेंगे और अपनी सेवाओं को और व्यापक बनाएंगे।

टाटा स्टील टूर चैम्पियनशिप 2024

## सार्थक छिब्बर, आदिल बेदी और एन ठंगराजा ने शीर्ष स्थान पर बराबरी की

बिभा संवाददाता

**जमशेदपुर।** दिल्ली के सार्थक छिब्बर, चंडीगढ़ के आदिल बेदी और श्रीलंकाई खिलाड़ी एन ठंगराजा ने छह-अंडर 65 का स्कोर बनाकर टाटा स्टील टूर चैम्पियनशिप 2024 के पहले राउंड के बाद संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान हासिल किया। यह टूर्नामेंट, जो टाटा स्टील पीजीटीआई के सीजन-एंडिंग इवेंट के रूप में खेला जा रहा है, जमशेदपुर के बेलडीह और गोलमुरी गोल्फ कोर्स में आयोजित हो रहा है, और इसकी कुल पुरस्कार राशि 3 करोड़ रुपये है। दूसरे स्थान पर पांच-अंडर 66 का स्कोर बनाकर चार खिलाड़ी बराबरी पर रहे, जिनमें पुणे के रोहन धोले पाटिल, दिल्ली के




शमिम खान, बेंगलुरु के एम धर्मा और बांग्लादेश के जमाल होसैन का नाम शामिल है। दो बार के टाटा स्टील टूर चैम्पियनशिप विजेता उदयन माने, टाटा स्टील पीजीटीआई रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज वीर अहलावत और एसएसपी चौरसिया, चार-अंडर 67 का स्कोर बनाकर संयुक्त रूप से आठवें स्थान पर रहे, और साथ ही छह खिलाड़ियों के समूह का हिस्सा बने। डिफेंडिंग चैंपियन और दो बार के विजेता गगनजीत भुल्लर ने इवन-पार 71 का स्कोर किया, जिससे वह संयुक्त रूप से 34वें स्थान पर रहे। टूर्नामेंट के पहले राउंड में खेल का दिलचस्प प्रारूप अपनाया गया, जिसमें एक हिस्से के खिलाड़ियों ने गोलमुरी गोल्फ कोर्स पर अपने पहले नौ होल खेले और फिर बेल्डीह गोल्फ कोर्स पर अगले नौ होल पूरे किए, जबकि दूसरे हिस्से ने पहले बेल्डीह में और फिर गोलमुरी में खेला। यह प्रारूप अगले तीन राउंड के लिए भी जमशेदपुर में जारी रहेगा, और हर राउंड का पार 71 निर्धारित किया गया है।

## सरकार की पहल में राजनीति दिखती है ईमानदारी नहीं : सुदेश

बिभा संवाददाता

**रांची।** जनता से किए सभी वादे पूर्ण करने की दिशा में कार्य करे सरकार। इनकी मंशा हमेशा से मुद्दों से पलायन की रही है। महिलाओं, किसानों, युवाओं के साथ हकमारी न हो यह सुनिश्चित किया जाए। सरकार की पहल में राजनीति दिखती है ईमानदारी नहीं। स्थानीय, नियोजन और विस्थापन नीति बनाने के साथ ही जातीय सर्वेक्षण का वादा जल्द पूरा करे सरकार। समय के साथ राजनीति ने भी अपना चरित्र बदला है और इस बदली हुई परिस्थिति में उत्पन्न चुनौतियों का पूरी मजबूती से सामना करना है। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित केंद्रीय पदाधिकारियों की बैठक में कही। इस दौरान चुनाव परिणाम की समीक्षा, पार्टी के भावी



कार्यक्रमों और संगठन विस्तार समेत विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में केंद्रीय पदाधिकारियों के साथ सभी जिला अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष और जिला महासचिव भी शामिल हुए। संघर्ष से घबराने वाली नहीं बल्कि संघर्ष से निखरने वाली पार्टी है आजसू। जनादेश के अनुसार पर मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाने के लिए हम तैयार हैं। हम जनता की आवाज़ को सड़क से सदन तक पहुँचाने का काम करेंगे। राज्यवासियों की आवश्यकता के अनुरूप पूरी ऊर्जा के साथ पार्टी के सभी कार्यकर्ता कार्य करेंगे।

## विभावि की मेजबानी में होगी पूर्वी क्षेत्र अंतर महिला खो-खो प्रतियोगिता

बिभा संवाददाता

**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय की मेजबानी में पहली बार कोई पूर्वी क्षेत्रीय अंतर विश्वविद्यालय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस आशय की जानकारी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर पवन कुमार पोद्दार ने दी। उन्होंने बताया कि यह आयोजन 6 से 8 फरवरी 2025 को होना है। उन्होंने कहा की लगभग 35 से 40 विश्वविद्यालय की महिला दलों के इस प्रतियोगिता में भाग लेने की संभावना है। इनके बीच पहले नॉकआउट और बाद में लीग पद्धति से विश्वविद्यालय के मुख्यालय में प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। ज्ञात हो की इससे पूर्व मे विश्वविद्यालय ने पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय युवा महोत्सव का आयोजन किया था।



लगभग 4 वर्षों के बाद यह पहला अवसर होगा जब किसी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया विश्वविद्यालय के मुख्यालय परिसर में किया जाएगा। इस संबंध में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर पवन कुमार पोद्दार की अध्यक्षता में एक कोर आयोजन समिति का गठन किया गया। उक्त समिति में विश्वविद्यालय के वित्त सलाहकार अखिलेश शर्मा, छात्र कल्याण संकायअध्यक्ष प्रोफेसर मिथिलेश कुमार सिंह, सीसीडीसी किशोर कुमार गुप्ता, विज्ञान के संकायअध्यक्ष डॉ एच एन सिनहा, कुलसचिव डॉ सादिक रज्जाक, इतिहास के विभागाध्यक्ष डॉ विकास कुमार, वनस्पति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ अविनाश कुमार, अंग्रेजी विभाग के डॉ गंगानन्द सिंह, हजारीबाग के सदर अनुमंडल पदाधिकारी, खो-खो के राष्ट्रीय अंपायर शुभम कुमार तथा खेल निदेशक डॉ राखो हरि को आयोजन सचिव के रूप में शामिल किया गया है।

# सैक्रेड हार्ट स्कूल में प्रथम एनुअल स्पोर्ट्स डे का हुआ भव्य आयोजन

बिभा संवाददाता

**हजारीबाग।** सैक्रेड हार्ट स्कूल ने अपने प्रथम एनुअल स्पोर्ट्स डे का आयोजन बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ विद्यालय परिसर में किया। यह दिन विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव साबित हुआ। कुल 30 से अधिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों के साथ उनके अभिभावकों ने भी भाग लिया। इस अनूठी पहल का उद्देश्य केवल प्रतियोगिता तक सीमित नहीं था, बल्कि यह खेलकूद के माध्यम से सामूहिकता, अनुशासन और शारीरिक-मानसिक विकास को बढ़ावा देना था। मुख्य अतिथियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को गरिमामयी बनाया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिशप



आनंद जोजो उपस्थित रहे। गेस्ट ऑफ ऑनर सिस्टर ज्योत्सना और फादर एंथोनी के.जे, इंस्पेक्टर ललित कुमार ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। सभी अतिथियों ने विद्यालय की इस पहल की सराहना की और विद्यार्थियों को खेल के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की प्रिंसिपल सिस्टर गीता प्रकाश ने इस अवसर पर कहा की स्पोर्ट्स डे केवल एक आयोजन नहीं है, यह हमारे विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास का एक सशक्त माध्यम है। आज का यह आयोजन उनके जीवन में अनुशासन, टीम वर्क और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करेगा। साथ ही, अभिभावकों की भागीदारी ने इसे और भी विशेष बना दिया है। कार्यक्रम की शुरुआत रंगारंग परेड और मशाल जलाने की रस्म से हुई। इसके बाद 30 से भी अधिक खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें दौड़, लंबी कूद, रस्सा कशी जैसी गतिविधियां शामिल थीं। बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों के लिए भी अलग-अलग खेलों का आयोजन किया गया, जिसने माहौल को और अधिक जीवंत बना दिया। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। मुख्य अतिथियों ने मेडल और ट्रॉफी विजेताओं को मेडल और ट्रॉफी प्रदान करते हुए मुख्य अतिथियों ने कहा कि खेलकूद केवल जीतने और हारने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन के महत्वपूर्ण मूल्यों जैसे अनुशासन, एकता और संघर्ष शीलता को सिखाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। इस स्पोर्ट्स डे की सबसे खास बात यह रही कि बच्चों के साथ उनके अभिभावकों ने भी विभिन्न खेलों में हिस्सा लिया। रस्सा कशी,रिलेज रेस जैसे खेलों में अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर आयोजन को यादगार बना दिया। यह आयोजन न केवल बच्चों के लिए प्रेरणादायक रहा, बल्कि अभिभावकों और स्कूल के बीच आपसी सामंजस्य को भी मजबूत किया। विद्यालय के शिक्षकों और स्टाफ ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। खेल गतिविधियों के प्रबंधन से लेकर आयोजन की प्रत्येक तैयारी में उन्होंने अपनी पूर्ण समर्पण भावना दिखाई। उनकी मेहनत और उत्साह ने पूरे आयोजन को एक सुनियोजित और अनुशासित रूप दिया। कार्यक्रम का समापन शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुति और धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## इंग्लिश ओलिंपियाड के झारखण्ड टॉपर बने डीपीएस चास के रतन अद्वित

बिभा संवाददाता

**चास, बोकारो।** डीपीएस चास, बोकारो के चार छात्रों ने सिल्वर जोन फाउंडेशन, नई दिल्ली द्वारा आयोजित इंग्लिश लैंग्वेज ओलंपियाड 2024-25 में जोनल रैंक 1 से 4 तक हासिल कर अपनी छाप छोडी है। रतन, अद्वित, अनंत, वैभव तथा प्रणव ने अपनी-अपनी कक्षा श्रेणियों में जोनल रैंक क्रमशः पहला, दूसरा, तीसरा व चौथा स्थान प्राप्त किया। पहली कक्षा के रतन सिंह ने पहला स्थान हासिल किया जिसके लिए उसे 5000/- (पांच हजार रुपये नकद), अद्वित सिंह को दूसरे स्थान के लिए उसे 2500/- (ढाई हजार रुपये नकद), अनंत आशीष को तीसरे स्थान के लिए उसे 1000/- (एक हजार रुपये नकद) वैभव कुमार



और प्रणव त्रिवेदी को चैथे स्थान के लिए 500/- (पाँच सौ रुपये नकद) पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अन्य 12 विद्यार्थियों ने दूसरे लेवल की परीक्षा के लिए क्वालीफाई किया है। विदित हो कि सिल्वर जोन फाउंडेशन द्वारा संचालित अंतरराष्ट्रीय इंग्लिश ओलंपियाड कक्षा 1 से 12 वीं तक के विद्यार्थियों के लिए अंग्रेजी भाषा और व्याकरण प्रतियोगिता है। परीक्षाओं की सामग्री का उद्देश्य संचार और अंग्रेजी भाषा के प्रयोग पर ध्यान केंद्रित करना है।

# संक्षिप्त खबरें

## धनबाद- नासिक रोड- धनबाद स्पेशल ट्रेन के समय सारणी में किया गया संशोधन

**धनबाद(बिभा)** : गाड़ी संख्या 03397/ 03398 धनबाद– नासिक रोड– धनबाद स्पेशल ट्रेन के समय सारणी में संशोधन किया गया है। दिनांक 20.12.24 से 31.12.24 तक गाड़ी संख्या 03397, धनबाद– नासिक रोड स्पेशल प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को धनबाद से 23.00 बजे प्रस्थान करेगी तथा गुरुवार एवं रविवार को 09.00 बजे के स्थान पर 07.00 बजे नासिक रोड पहुंचेगी । 22.12.24 से 02.01.25 तक गाड़ी संख्या 03398, नासिक रोड– धनबाद स्पेशल प्रत्येक गुरुवार एवं रविवार को नासिक रोड से 11.00 बजे के स्थान पर 08.55 बजे प्रस्थान करेगी तथा शुक्रवार एवं सोमवार को 21.00 बजे धनबाद पहुंचेगी।

## गोमोह के रास्ते 02 जोड़ी कुंभ मेला स्पेशल ट्रेनें चलेगी

**धनबाद(बिभा)**: महाकुंभ 2025 में श्रद्धालुओं के सुविधाजनक आवागमन हेत ने.सु.बो.गोमोह के रास्ते निम्नलिखित कुंभ मेला स्पेशल ट्रेनें चलायी जाएगी जिनका विवरण इस प्रकार है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | 08057 टाटा– टूंडला कुंभ मेला स्पेशल | 19.01.25 |
| 2. | 08058 टूंडला– टाटा कुंभ मेला स्पेशल | 21.01.25 |
| 3. | 08067 रांची– टूंडला कुंभ मेला स्पेशल | 19.01.25 |
| 4. | 08068 टूंडला– रांची कुंभ मेला स्पेशल | 20.01.25 |

## कुंभ मेला स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

**हाजीपुर(बिभा)**: रेलवे द्वारा महाकुम्भ के अवसर पर श्रद्धालु यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर निम्न कुंभ मेला स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा । गाड़ी सं. 01217/01218 नागपुर–दानापुर–नागपुर महाकुंभ मेला स्पेशल – गाड़ी सं. 01217 नागपुर–दानापुर कुंभ मेला स्पेशल 26 जनवरी, 05, 09 एवं 23 फरवरी, 2025 को नागपुर से 10.00 बजे खुलकर अगले दिन 02.35 बजे प्रयागराज छिवकी रूकते हुए 06.30 बजे डीडीयू, 08.00 बजे बक्सर, 09.00 बजे आरा रूकते हुए 11.00 बजे दानापुर पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं. 01218 दानापुर–नागपुर कुंभ मेला स्पेशल 27 जनवरी, 06, 10 एवं 24 फरवरी, 2025 को दानापुर से 16.00 बजे खुलकर 17.00 बजे आरा, 18.00 बजे बक्सर, 20.00 बजे डीडीयू एवं 23.20 बजे प्रयागराज छिवकी रूकते हुए अगले दिन 19.30 बजे नागपुर पहुंचेगी ।

गाड़ी सं. 09019/09020 वलसाड–दानापुर–वलसाड महाकुंभ मेला स्पेशल – गाड़ी सं. 09019 वलसाड–दानापुर महाकुंभ मेला स्पेशल 08, 17, 21, 25 जनवरी, 08, 15, 19 एवं 26 फरवरी, 2025 को वलसाड से 08.40 बजे खुलकर अगले दिन 10.25 बजे प्रयागराज छिवकी रूकते हुए 14.20 बजे डीडीयू, 15.45 बजे बक्सर, 17.00 बजे आरा रूकते हुए 18.00 बजे दानापुर पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं. 09020 दानापुर–वलसाड महाकुंभ मेला स्पेशल 09, 18, 22, 26 जनवरी, 09, 16, 20 एवं 27 फरवरी, 2025 को दानापुर से 23.30 बजे खुलकर अगले दिन 00.28 बजे आरा, 01.30 बजे बक्सर, 03.15 बजे डीडीयू एवं 05.50 बजे प्रयागराज छिवकी रूकते हुए अगले दिन 09.30 बजे वलसाड पहुंचेगी ।

गाड़ी सं. 09021/09022 वापी–गया–वापी महाकुंभ मेला स्पेशल – गाड़ी सं. 09021 वापी–गया महाकुंभ मेला स्पेशल 09, 16, 18, 20, 22, 24 जनवरी, 07, 14, 18 एवं 22 फरवरी, 2025 को वापी से 08.20 बजे खुलकर अगले दिन 10.25 बजे प्रयागराज छिवकी रूकते हुए 14.20 बजे डीडीयू, 15.30 बजे भभुआ रोड, 16.10 बजे सासाराम, 16.32 बजे डेहरी ऑन सोन एवं 16.54 बजे अनुग्रह नारायण रोड रूकते हुए 19.00 बजे गया पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं. 09022 गया–वापी महाकुंभ मेला स्पेशल 10, 17, 19, 21, 23, 25 जनवरी, 08, 15, 19 एवं 23 फरवरी, 2025 को गया से 22.00 बजे खुलकर 23.30 बजे अनुग्रह नारायण रोड, अगले दिन 00.02 बजे डेहरी ऑन सोन, 00.30 बजे सासाराम, 01.20 बजे भभुआ रोड, 03.15 बजे डीडीयू एवं 05.50 बजे प्रयागराज छिवकी रूकते हुए अगले दिन 10.00 बजे वापी पहुंचेगी ।

गाड़ी सं. 06207/06208 मैसूर–दानापुर–मैसूर स्पेशल – गाड़ी सं. 06207 मैसूर–दानापुर स्पेशल 18 जनवरी, 15 फरवरी एवं 01 मार्च, 2025 शनिवार को मैसूर से 16.30 बजे खुलकर मंगलवार को 01.45 बजे प्रयागराज छिवकी रूकते हुए 06.30 बजे डीडीयू, 07.50 बजे बक्सर, 08.45 बजे आरा रूकते हुए 10.00 बजे दानापुर पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं. 06208 दानापुर–मैसूर स्पेशल 22 जनवरी, 19 फरवरी एवं 05 मार्च, 2025 बुधवार को दानापुर से 01.45 बजे खुलकर 02.15 बजे आरा, 03.30 बजे बक्सर, 05.55 बजे डीडीयू एवं 09.10 बजे प्रयागराज छिवकी रूकते हुए शुक्रवार को 15.00 बजे मैसूर पहुंचेगी ।

गाड़ी सं. 03021/03022 हावड़ा–टुंडला–हावड़ा कुंभ मेला स्पेशल – गाड़ी सं. 03021 हावड़ा–टुंडला कुंभ मेला स्पेशल 01 से 08 तक तथा 16, 20, एवं 24 जनवरी, 05, 07, 14, 21 एवं 26 फरवरी, 2025 को हावड़ा से 19.35 बजे खुलकर अगले दिन 00.05 बजे धनबाद, 00.35 बजे नेसुब गोमो, 00.55 बजे पारसनाथ, 01.18 बजे हजारीबाग रोड, 01.58 बजे कोडरमा, 03.15 बजे गया, 04.18 बजे अनुग्रह नारायण रोड, 04.40 बजे डेहरी ऑन सोन, 05.00 बजे सासाराम, 05.45 बजे भभुआ रोड, 07.15 बजे डीडीयू एवं 10.10 बजे प्रयागराज जं. रूकते हुए 19.20 बजे टुंडला पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं. 03022 टुंडला–हावड़ा कुंभ मेला स्पेशल 03 से 10 तथा 18, 22 एवं 26 जनवरी, 07, 09, 16, 23 एवं 28 फरवरी, 2025 को टुंडला से 11.20 बजे खुलकर 19.00 बजे प्रयागराज जं., अगले दिन 00.05 बजे डीडीयू, 00.55 बजे भभुआ रोड, 01.38 बजे सासाराम एवं गया, कोडरमा, धनबाद एवं अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए 15.20 बजे हावड़ा पहुंचेगी ।

गाड़ी सं. 03023/03024 हावड़ा–टुंडला–हावड़ा कुंभ मेला स्पेशल – गाड़ी सं. 03023 हावड़ा–टुंडला कुंभ मेला स्पेशल 20, 22, 23 जनवरी एवं 16, 17, 18 एवं 20 फरवरी, 2025 को हावड़ा से 00.30 बजे खुलकर धनबाद, नेसुब गोमो, पारसनाथ, हजारीबाग रोड, कोडरमा, गया, अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, डीडीयू, प्रयागराज जं. आदि स्टेशनों पर रूकते हुए दूसरे दिन 02.30 बजे टुंडला पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं. 03024 टुंडला–हावड़ा कुंभ मेला स्पेशल 21, 23, 24 जनवरी, एवं 17, 18, 19, 21 फरवरी को टुंडला से 11.20 बजे खुलकर उक्त स्टेशनों पर रूकते हुए दूसरे दिन 15.20 बजे हावड़ा पहुंचेगी ।

गाड़ी सं. 03025/03026 हावड़ा–टुंडला–हावड़ा कुंभ मेला स्पेशल – गाड़ी सं. 03025 हावड़ा–टुंडला कुंभ मेला स्पेशल 28 फरवरी को हावड़ा से 05.45 बजे खुलकर धनबाद, नेसुब गोमो, पारसनाथ, हजारीबाग रोड, कोडरमा, गया, अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, डीडीयू, प्रयागराज जं. आदि स्टेशनों पर रूकते हुए दूसरे दिन 06.30 बजे टुंडला पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं. 03026 टुंडला–हावड़ा कुंभ मेला स्पेशल 01 मार्च को टुंडला से 11.20 बजे खुलकर दूसरे दिन 15.20 बजे हावड़ा पहुंचेगी ।

गाड़ी सं. 03029/03030 हावड़ा–टुंडला–हावड़ा कुंभ मेला स्पेशल – गाड़ी सं. 03029 हावड़ा–टुंडला कुंभ मेला स्पेशल 23 जनवरी तथा 06 एवं 20 फरवरी को हावड़ा से 19.35 बजे खुलकर धनबाद, नेसुब गोमो, पारसनाथ, हजारीबाग रोड, कोडरमा, गया, अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, डीडीयू, प्रयागराज जं. आदि स्टेशनों पर रूकते हुए दूसरे दिन 20.15 बजे टुंडला पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं. 03030 टुंडला–हावड़ा कुंभ मेला स्पेशल 25 जनवरी तथा 08 एवं 22 फरवरी को टुंडला से 03.00 बजे खुलकर दूसरे दिन 03.30 बजे हावड़ा पहुंचेगी ।

गाड़ी सं. 03031/03032 हावड़ा–भिंड–हावड़ा कुंभ मेला स्पेशल – गाड़ी सं. 03031 हावड़ा–भिंड कुंभ मेला स्पेशल 01, 08 जनवरी तथा 19 फरवरी को हावड़ा से 00.30 बजे खुलकर धनबाद, नेसुब गोमो, पारसनाथ, हजारीबाग रोड, कोडरमा, गया, अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, डीडीयू, प्रयागराज जं. आदि स्टेशनों पर रूकते हुए दूसरे दिन 01.05 बजे भिंड पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं. 03032 भिंड–हावड़ा कुंभ मेला स्पेशल 02, 19 जनवरी तथा 20 फरवरी को भिंड से 03.30 बजे खुलकर दूसरे दिन 03.30 बजे हावड़ा पहुंचेगी ।

गाड़ी सं. 03033/03034 हावड़ा–भिंड–हावड़ा कुंभ मेला स्पेशल – गाड़ी सं. 03033 हावड़ा–भिंड कुंभ मेला स्पेशल 26 जनवरी को हावड़ा से 00.30 बजे खुलकर धनबाद, नेसुब गोमो, पारसनाथ, हजारीबाग रोड, कोडरमा, गया, अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, डीडीयू, प्रयागराज जं. आदि स्टेशनों पर रूकते हुए दूसरे दिन 01.05 बजे भिंड पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं. 03034 भिंड–हावड़ा कुंभ मेला स्पेशल 27 जनवरी को भिंड से 03.30 बजे खुलकर दूसरे दिन 03.30 बजे हावड़ा पहुंचेगी ।

# प्रशासन गांव की ओर अभियान में 469 मामले का हुआ निष्पादन

बिभा संवाददाता



**सिमडेगा:** भारत सरकार के कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय के निदेश के आलोक में उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह के आदेश पर से सुशासन सप्ताह 2024 अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर अभियान का आयोजन 19 दिसंबर को जिले प्रखंडों में प्रारंभ कि गया। यह अभियान 24 दिसंबर 2024 तक चलेगा।

इस दौरान प्रखंड स्तर पर आयोजित सुशासन सप्ताह 2024 अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम में आम जनों की शिकायत एवं विभिन्न समस्याओं का समाधान किया गया। इस दौरान आम जनता के द्वारा जॉब कार्ड, जाति, आय, एवं स्थानीय प्रमाण पत्र निर्गत करने, जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र निर्गत करने, राशनकार्ड में सदस्य जोड़ने, नया राशनकार्ड बनाने, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ दिलाने एवं आधार सुधार करना से संबंधित मामलों आये। सभी मामलों का कार्यक्रम निष्पादन सुनिश्चित किया जा।

सिमडेगा प्रखंड के प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम में कुल 469 मामले से संबंधित आवेदन दिये गया। जिसका मौके पर शत प्रतिशत आवेदनों निष्पादन सुनिश्चित किया गया।

पाकरटांड़ प्रखण्ड के प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम में कुल 299 आवेदन प्राप्त हुए जिसके तहत मौके पर 271 आवेदन का निष्पादन किया गया। तथा लंबित व प्रक्रियाधीन आवेदनों की संख्या 28 है।

बानो प्रखंड के प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम में कुल 731 मामले से संबंधित आवेदन दिये गया। जिसका मौके पर शत प्रतिशत आवेदनों निष्पादन सुनिश्चित किया गया।

जलडेगा प्रखण्ड के प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम में कुल 122 आवेदन प्राप्त हुए जिसके तहत मौके पर 108 आवेदन का निष्पादन किया गया। तथा लंबित व प्रक्रियाधीन आवेदनों की संख्या 14 है।

ठेठईटांगर प्रखंड के प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम में कुल 421 मामले से संबंधित आवेदन दिये गया। जिसका मौके पर शत प्रतिशत आवेदनों निष्पादन सुनिश्चित किया गया। इसके अलावा अन्य प्रखंडों में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## प्रशासन गांव की ओर अभियान का अपर समाहर्ता ने बीडीओ-सीओ संग की समीक्षा

**पलामू :** पलामू में आज से प्रशासन गांव की ओर अभियान का शुभारंभ किया जाना है ।इस अभियान को सभी प्रखंडों में सफलतापूर्वक आयोजित कराने को लेकर अभियान के नोडल पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता कुंदन कुमार ने सभी बीडीओ-सीओ को वीसी के माध्यम से कई निर्देश दिये ।उन्होंने सभी से कहा कि यह अभियान आज से लेकर 24 दिसंबर तक चलाया जाना है ।उन्होंने कहा कि इस सुशासन सप्ताह का मुख्य उद्देश्य आमजनों को दी जाने वाली सेवाओं में सुधार लाना और उनकी समस्याओं को दूर करना है ।उन्होंने कहा कि इस अभियान को लेकर अपने यहां विशेष शिविर अयोजन करें ।इसमें में जन शिकायतों,सीपी ग्राम पोर्टल व सरकारी सेवाओं से संबंधित मामलों का निस्तारण तथा सुशासन व जन शिकायतों के समाधान से जुड़ी सफलता की कहानियों का प्रचार-प्रसार किया जायेगा ।उन्होंने कहा कि 23 दिसंबर को जिला स्तर पर कार्यशाला का आयोजन भी किया जायेगा ।विदित हो कि प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग,भारत सरकार के निर्देश के आलोक में सुशासन सप्ताह 2024 अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत 19 से 24 दिसंबर तक सभी प्रखंडो में विशेष शिविर लगाया जाना है ।

# उपायुक्त ने जनता दबार का किया आयोजन

बिभा संवाददाता



**सिमडेगा:** आम जनमानस के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त सिमडेगा, श्री अजय कुमार सिंह के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया।

इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। उपायुक्त के जनता दरबार में जमीन विवाद, आवास योजना का लाभ दिलाने, आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण करने, बैंक द्वारा वृद्धा पेंशन की राशि की निकासी पर रोक लगाने, एवं कर्नाटक राज्य के अस्पताल से प्रवासी मजदूर को वापस लाने हेतु मदद करने से संबंधित मामले आये।

उपायुक्त द्वारा जनता दरबार में शिकायतकताओं की समस्याओं को सुनने के पश्चात सभी संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने हेतु अग्रसारित किया।

# अभ्यर्थियों के व्यय लेखा की हो रही जांच:उपायुक्त

बिभा संवाददाता

**देवघर :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त जीआईविशाल सागर की अध्यक्षता एवं श्रीमती सुमिथा पारामाथा व्यय प्रेक्षक की उपस्थिति में गुरूवार को अभ्यर्थियों व्यय लेखा जांच से संबंधित बैठक का आयोजन सूचना भवन के सभागार में किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव समाप्ति के पश्चात आयोग के निदेशानुसार अभ्यर्थियों की व्यय पंजी का मिलान किया जायेगा। आगे उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग की ओर से खर्च के विभिन्न मदों का निर्धारण कर दिया गया है। इसमें हेलीकॉप्टर के खर्च लेकर सभा स्थल, प्रचार मद, भोजन, पानी और वाहन आदि के लिए अलग अलग दर निर्धारित है। ऐसे में सभी अभ्यर्थियों को मूल व्यय पंजी के साथ उपस्थित होना है, जिसका मिलान कोषांग के टीम द्वारा किया जायेगा। साथ ही अभ्यर्थियों को व्यय लेखा संबंधी विवरण की प्रविष्टी सुविधाजनक हो इस हेतु आवश्यक निर्देश सहायक व्यय प्रेक्षकों को दिया गया है, ताकि अभ्यर्थियों को व्यय लेखा की जांच में किसी प्रकार की असुविधाओं का सामना न करना पड़े। आगे जानकारी दी गयी कि जांच में खर्च का ब्योरा नहीं देने पर निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार कार्रवाई का भी प्रावधान है। साथ ही चुनाव आयोग ऐसे प्रत्याशियों को चुनाव लड़ने पर रोक भी लगा सकती है। ऐसे में प्रत्याशी को नामांकन की तारीख से रिजल्ट आने तक अपने सभी व्यय का अलग और रोजाना का सही खाता रखना अनिवार्य है। विधानसभा प्रत्याशी की अधिकतम खर्च सीमा 40 लाख रुपये है।

इसके अलावे व्यय प्रेक्षक सुमिथा पारामाथा ने सभी को संबोधित करत हुए कहा कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 78 के अनुसार प्रत्येक प्रत्याशी को परिणाम की घोषणा से 30 दिन के भीतर अपने चुनाव खर्च का ब्योरा जिला निर्वाचन अधिकारी के पास सौंपना अनिवार्य है। इसमें प्रत्याशी और उसके एजेंट द्वारा किया गया खर्च शामिल होता है। इसमें नामांकन के दिन से रिजल्ट तक का खर्च का सारा ब्योरा एक प्रतिलिपि में होता है। साथ ही प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव आयोग व्यय पर्यवेक्षक तैनात किया जाता है, ताकि प्रत्याशियों के व्यय की जांच व निगरानी की जा सके।

इस दौरान उपरोक्त के अलावे विभिन्न राजनैतिक दलों के अभ्यर्थी व अभिकर्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी जीआईशैलेष कुमार, नोडल पदाधिकारी सह राज्यकर आयुक्त जीआईदिलीप मंडल, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी एवं संबंधित कोषांग के अधिकारी व कर्मी आदि

# दिल्ली के लिए रवाना हुई जिला स्तरीय टीम, मांदर को जीआई टैग दिलाने की पहल

बिभा संवाददाता



**गुमला:** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने सर्किट हाउसेब परिसर से 6 सदस्यीय जिला स्तरीय टीम को हरि झंडी दिखाकर दिल्ली के लिए रवाना किया। यह टीम जिले के प्रसिद्ध कारीगरों और विशेषज्ञों की है, जो 20 दिसंबर को दिल्ली में आयोजित जीआईटैग के लिए अंतिम सुनवाई में भाग लेगी।

इस अवसर पर उपायुक्त ने सभी कारीगरों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की और उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, ₹मांदर, गुमला जिले की सांस्कृतिक धरोहर और कारीगरी का प्रतीक है। यदि इसे जीआईटैग प्राप्त होता है, तो यह न केवल गुमला बल्कि पूरे राज्य के लिए गर्व का विषय होगा। यह हमारे कारीगरों के परिश्रम और कौशल को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

मांदर, जो गुमला जिले के रायडीह प्रखंड के जरजट्टा गांव में तैयार किया जाता है, अपनी विशिष्टता और सांस्कृतिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है। जीआईटैग मिलने से मांदर को बाजार में नई पहचान मिलेगी और कारीगरों को आर्थिक प्रगति के अवसर प्राप्त होंगे।

जिला प्रशासन इस प्रयास को सफल बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। यदि मांदर को जीआईटैग प्राप्त होता पीपीहै, तो यह क्षेत्रीय उत्पादों को स्थानीय से वैश्विक मंच पर ले जाने की दिशा में ऐतिहासिक पहल साबित होगी।

इस दौरान जिले से पहली बार दिल्ली जा रहे मांदर कारीगरों ने भी बेहद ही उत्साह प्रकट की, उन्होंने कहा कि हमारे पारंपरिक कारीगरी ₹मांदर₹ के वजह से आज हम पहली बार गुमला से बाहर दिल्ली जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मांदर को जीआईटैग मिलने से हमारे यह पारंपरिक उत्पादों को एक नया आयाम मिलेगा एवं हमारी कारीगरी को देश भर में एक पहचान मिलेगी।

मौके पर उद्यमी समन्वयक सूरज कुमार ने कहा कि, जिला प्रशासन एवं मुख्यमंत्री लघु कुटीर उद्यमी के टीम द्वारा कारीगरों को चिन्हित किया गया था, एवं उनके उत्पादों को एक नए स्तर पर ले जाने हेतु लगातार टीम द्वारा प्रयास करते हुए जीआईटैग के लिए हमने आवेदन किया था जिसकी आज फाइनल हियरिंग है, हम सभी को यह आशा है कि जिले के मांदर कारीगरी को विश्व स्तर पर पहचान अवश्य मिलेगी।

गुमला के 6 सदस्यीय टीम में मांदर कारीगर, बलदेव नायक, घनश्याम राम, राम नायक एवं रणजीत घासी एवं जीआईएक्सपर्ट सत्यदीप कुमार तथा मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्योग, जिला समन्वयक,सूरज कुमार शामिल है।

## सेवा भारती ने किया वृद्धजनों के बीच कम्बल वितरण



**रांची :** सेवा भारती,रांची के तत्वावधान में अनगड़ा प्रखंड अंतर्गत जोन्हा क्षेत्र के ग्राम धनबासार में जरूरत मंद वृद्ध महिला,पुरुषों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। सुदूर ग्रामीण अंचलों में लोगों के पास गर्म कपड़े,कम्बल आदि का बहुत अभाव रहता है। ठंड को देखते हुए सेवा भारती की ओर से प्रति वर्ष कम्बल वित्त वितरण किया जाता है जिससे निर्धन परिवार को सर्दी से राहत मिल सके। सेवा भारती,जोन्हा संच की निरीक्षिका श्रीमती जयमाला देवी ने बताया कि आज ग्राम धनबासार में 45 जरूरतमंदों को कम्बल प्रदान किया गया। इस गांव में सेवा भारती का बाल संस्कार केंद्र चलता है। यहां के बच्चों एवं अभिभावक संस्कार,अपने धर्म संस्कृति के प्रति सजग रहते हैं।

## भूमि विवाद को लेकर पूरे परिवार पर हुआ हमला, एक की गई जान, चार घायल



बिभा संवाददाता

**साहिबगंज :** साहिबगंज जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के हाजीपुर दियारा पश्चिम टोला में गुरुवार सुबह भूमि विवाद के चलते एक अधेड़ व्यक्ति की हत्या कर दी गई। इस हमले में मृतक के परिवार के चार सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। घटना की सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना प्रभारी मदन कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### भूमि विवाद से शुरू हुआ था झगड़ा

जानकारी के मुताबिक, यह विवाद बुधवार शाम को खेतों में पानी पटाने को लेकर शुरू हुआ था। दोनों पक्षों में मामूली विवाद के बाद बात झगड़े तक पहुंच गई। हालांकि, मौके पर मौजूद लोगों ने दोनों पक्षों को समझाकर झगड़ा शांत करवा दिया था। लेकिन अगले दिन सुबह, एक पक्ष ने धारदार हथियारों से हमला कर दिया। हमलावरों के पास तलवार, चाकू, भाला, फरसा जैसी चीजें थीं। इस हमले में मृतक भूप नारायण रजक की हत्या कर दी गई. मृतक के परिवार के चार सदस्य भी इस हमले में गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों में मृतक के पुत्र चीकू रजक, ओम प्रकाश रजक, धर्मेंद्र रजक और पत्नी सरीता देवी शामिल हैं। दो घायलों को साहिबगंज सदर अस्पताल भेजा गया है, जबकि दो अन्य गंभीर घायलों को पीरपैंती सदर अस्पताल से हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

# गया-रांची-गया परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन

बिभा संवाददाता

**रांची :** ट्रेनों मे अतिरिक्त भीड़ को देखते हुये, यात्रियों एवं परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए ट्रेन संख्या 03640/03639 गया झ रांची झ गया परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन होगा। ट्रेन संख्या 03640 गया झ रांची परीक्षा स्पेशल ट्रेन, यात्रा प्रारंभ दिनांक 19/12/2024, 22/12/2024, 23/12/2024, 25/12/2024, 26/12/2024, 27/12/2024, 28/12/2024 एवं 29/12/2024 को गया से प्रस्थान करेगी (कुल 08 ट्रिप)

इस ट्रेन का गया प्रस्थान 14:45 बजे, कोडरमा आगमन 15:55 बजे प्रस्थान 15:57 बजे, हजारीबाग रोड आगमन 16:28 बजे प्रस्थान 16:30 बजे, गोमो आगमन 17:30 बजे प्रस्थान 17:32 बजे, धनबाद आगमन 18:30 बजे प्रस्थान 18:50 बजे, बोकारो स्टील सिटी आगमन 20:35 बजे प्रस्थान 20:40 बजे, मूरी आगमन 21:40 बजे प्रस्थान 21:45 बजे एवं रांची आगमन 23:00 बजे होगा।

ट्रेन संख्या 03639 रांची झ गया परीक्षा स्पेशल ट्रेन, यात्रा प्रारंभ दिनांक 21/12/2024, 23/12/2024, 24/12/2024, 26/12/2024, 27/12/2024, 28/12/2024, 29/12/2024 एवं 31/12/2024 को रांची से प्रस्थान करेगी (कुल 08 ट्रिप)

इस ट्रेन का रांची प्रस्थान 00:30 बजे, मूरी आगमन 01:30 बजे प्रस्थान 01:35 बजे, बोकारो स्टील सिटी आगमन 02:50 बजे प्रस्थान 02:55 बजे, धनबाद आगमन 04:50 बजे प्रस्थान 05:10 बजे, गोमो आगमन 05:35 बजे प्रस्थान 05:37 बजे, हजारीबाग रोड आगमन 06:18 बजे प्रस्थान 06:20 बजे, कोडरमा आगमन 06:50 बजे प्रस्थान 06:52 बजे एवं गया आगमन 08:30 बजे होगा। इन ट्रेनों में एसएलआरडी के 02 कोच एवं सामान्य श्रेणी के 14 कोच, कुल 16 कोच होंगे।




**बिहान भारत** की ओर से स्वात्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक **संजय कुमार** के लिए वाटिका अपार्टमेंट, भोसले गली, हरिहर सिंह रोड, बरियातु, रांची-834009(झारखंड) दूरभाषः 7761060594, 7004767601 से प्रकाशित तथा शिवा साई पब्लिकेशन प्रा.लि., काठीटांड रातु, नियर टेंडर बगीचा, एचपी पेट्रोल पंप, रातु, रांची - 835222 झारखंड से मुद्रित। समस्त दीवानी विवाद, न्यायोचित कार्रवाई एवं दंडित परिवादो के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। **संपादक कविता साहू** *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार । Email-bihanbharat@gmail.com, bihanbharatranchinews@gmail.com